3 राजधानी
होली के रंग में सराबोर हुई दिल्ली

6 अभिमत
विपक्षी एकता पर सवालिया निशान लगाता पत्र

10 विदेश
ईरान में छात्राओं को जहर देने का विवाद गहराया

12 स्पोर्ट्स
जर्मन ओपन से हटे श्रीकांत

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 122
नई दिल्ली, मंगलवार, 7 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



ब्रिटिश शासन ने भारत की शिक्षा प्रणाली को बर्बाद किया

राष्ट्रीय-11

# सीबीआई की राबड़ी से पूछताछ, लालू को नोटिस

● अधिकारियों के मुताबिक आवास पर तलाशी या छापेमारी नहीं की गई

● विशेष अदालत ने पूर्व रेल मंत्री और परिवार के सदस्य व अन्य को 15 को पेश होने के लिए सम्मन भेजा

**नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामला**



पटना में सोमवार को राबड़ी देवी के घर के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/पटना

**सीबीआई** ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पटना स्थित उनके आवास पर सोमवार को पूछताछ की और उनके पति एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद को नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोई तलाशी नहीं ली जा रही, ना ही छापा मारा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने राबड़ी देवी को नोटिस जारी किया था, जिसके बाद उन्होंने सोमवार को उपलब्ध रहने की बात कही थी और जांच एजेंसी की टीम उनसे पूछताछ करने के लिए उनके आवास पर गई।

अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह का एक नोटिस राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को भी जारी किया गया है, लेकिन पूछताछ की तारीख पर वह चुप्पी साधे हुए हैं। सीबीआई मामले में आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। विशेष अदालत ने प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों सहित अन्य आरोपियों को 15 मार्च को अदालत में पेश होने के लिए सम्मन जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी ने कथित घोटाले की जांच खुली रखी है और मामले में आगे की जांच के तहत लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीबीआई की टीम इस संबंध में प्रसाद के परिवार से कुछ और दस्तावेज भी मांग सकती है। यह मामला लालू प्रसाद के 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहने के दौरान उनके परिवार को तोहफे में जमीन दे कर या जमीन बेचने के बदले में रेलवे में कथित तौर पर ग्रुप-डी की नौकरी दिए जाने से संबंधित है।

इस बीच, प्रसाद के बेटे एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि सीबीआई की कार्रवाई उनके परिवार द्वारा भाजपा का लगातार किए जा रहे विरोध का नतीजा है। उन्होंने कहा, यह जाहिर है कि जांच एजेंसियां भाजपा के राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और उन लोगों की मदद कर रही है जो उस पार्टी (भाजपा) के साथ खड़ी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि तत्कालीन रेल मंत्री के तौर पर किसी लाभ के एवज में नौकरी देने की उनके पिता के पास कोई शक्तियां नहीं थीं।

## विपक्ष हमलावर, भाजपा बोली जो बोया था, वही काट रहे हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बिहार** की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से उनके पटना स्थित आवास पर सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा पूछताछ किए जाने की कई विपक्षी दलों ने भर्त्सना करते हुए कहा कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्य नहीं झुके, इसीलिए उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। वहीं, केंद्र में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि सीबीआई एक स्वतंत्र एजेंसी के रूप में अपना काम कर रही है और लालू ने जो बोया था, वही काट रहे हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने ट्वीट किया, जो विपक्षी नेता भाजपा के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं, उन्हें ईडी-सीबीआई के जरिए प्रताड़ित किया जा रहा है। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता मनोज झा ने ट्वीट किया, बस रिकॉर्ड के लिए...यह मामला सीबीआई ने बंद कर दिया था और इसे क्यों फिर से खोला गया, इसके लिए रॉकेट साइंस का ज्ञान ज़रूरी नहीं है। जय हिन्द। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि विपक्षी नेताओं के यहां इस तरह की छापेमारी अपमानजनक है। भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन नवीन ने कहा, लालू प्रसाद का सीबीआई से लंबे समय से पाला पड़ता रहा है। (शेष पेज 8)

# स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के प्रयास जारी

● इस मामले में विदेशों पर कम करेंगे निर्भरता, भारत में इलाज को किफायती बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** में इलाज को किफायती बनाए जाने को अपनी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान दवाओं, टीकों और चिकित्सकीय उपकरणों जैसे जीवन रक्षकों का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल किया गया और उनकी सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में विदेशों पर भारत की निर्भरता कम करने की लगातार कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे उद्यमियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत को किसी भी प्रौद्योगिकी का आयात न करना पड़े और वह आत्मनिर्भर बने। स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय अनुसंधान विषय पर आयोजित बजट पश्चात एक वेबिनार में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत दशकों से स्वास्थ्य क्षेत्र में एकीकृत दृष्टिकोण व दीर्घकालिक नजरिए की कमी से जूझ रहा था, लेकिन उनकी सरकार ने इसे केवल स्वास्थ्य मंत्रालय तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि इसे संपूर्ण सरकार का नजरिया बनाया। उन्होंने क्षेत्र में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए उनकी सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारे उद्यमियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत को किसी भी प्रौद्योगिकी का आयात न करना पड़े और वह आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा, आज इस क्षेत्र में बाजार का आकार चार लाख करोड़ का है। अगर इसमें निजी क्षेत्र और शैक्षणिक क्षेत्र के साथ हम तालमेल बिठा लेते हैं तो यह क्षेत्र 10 लाख करोड़ को भी पार कर सकता है। (शेष पेज 8)


### प्रधानमंत्री ने गर्मी के मौसम से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गर्मियों के मौसम से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और अस्पतालों में आग से सुरक्षा उपायों के ऑडिट करने तथा जंगल की आग से निपटने के लिए एक समन्वित प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी। बैठक में प्रधानमंत्री को अगले कुछ महीनों के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मौसम पूर्वानुमान और सामान्य मॉनसून की संभावना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही रबी फसलों पर मौसम के प्रभाव और प्रमुख फसलों की संभावित उपज के बारे में भी उन्हें बताया गया। पीएमओ ने कहा कि बैठक में सिंचाई जल आपूर्ति, चारा और पेयजल की निगरानी के लिए चल रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री को आवश्यक आपूर्ति की उपलब्धता और आपात स्थिति के लिए तैयारियों के संदर्भ में राज्यों और अस्पतालों के बुनियादी ढांचे की तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। (शेष पेज 8)

### सिसोदिया को 20 मार्च तक के लिए भेजा जेल

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** आबकारी घोटाला मामले में अदालत ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सीबीआई ने अदालत से कहा कि उसे सिसोदिया की हिरासत की अब जरूरत नहीं है। इस तरह सिसोदिया की होली जेल में ही बितेगी। सिसोदिया को विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष पेश किया गया था। उनको पूछताछ के लिए पहले पांच दिन और बाद में दो दिन के लिए सीबीआई की हिरासत में सौंपा गया था। यह अवधि समाप्त होने के बाद सिसोदिया को अदालत में सोमवार को पेश किया गया। सीबीआई के ने अदालत में दलील दी कि जांच एजेंसी अभी आप नेता की हिरासत की फिलहाल मांग नहीं कर रही है, लेकिन बाद में आवश्यकता होने पर वह हिरासत का अनुरोध कर सकती है। सीबीआई ने आप समर्थकों और मीडिया पर इस मामले का राजनीतिकरण करने का भी आरोप लगाया।

### अवकाश सूचना



**होली** के उपलक्ष्य में **पायनियर** कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 7 एवं 8 मार्च 2023 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 10 मार्च 2023 को प्रकाशित होगा।

# पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे प्रधानमंत्री

● नागालैंड-मेघालय में आज और त्रिपुरा में कल होगा शपथ ग्रहण समारोह

● साहा ने राज्यपाल से मुलाकात कर नई सरकार के गठन का दावा पेश किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



त्रिपुरा में राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य से भेंट करते भाजपा विधायक दले के नेता माणिक साहा

**प्रधानमंत्री** मंगलवार को मेघालय और नागालैंड और त्रिपुरा के नए मुख्यमंत्रियों और उनके मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जएंगे। भाजपा पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में अपनी या सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार बना रही है। त्रिपुरा में माणिक साहा फिर भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री बनेंगे, जिनका शपथ ग्रहण बुधवार को होगा। माणिक साहा को सोमवार को अगरतला में आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक में त्रिपुरा के अगले मुख्यमंत्री के रूप में नामित किया गया। साहा ने सोमवार को ही राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य से मुलाकात कर नई सरकार के गठन का दावा पेश किया। कुछ दिनों से अटकलें लगाई जा रही थीं कि मार्क्सवादी गढ़ धनुर विधानसभा क्षेत्र से जीतने वाली भौमिक राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनाई जा सकती हैं।

मोदी मंगलवार को नागालैंड और मेघालय में क्रमश: एनडीपीपी-बीजेपी और एनपीपी-पीडीपी-बीजेपी गठबंधन सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद वह बुधवार को त्रिपुरा में अपने दम पर सरकार बना रही। पिछले सप्ताह तीनों राज्यों के चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि पूर्वोत्तर के चुनाव परिणामों ने दिखा दिया है कि यह क्षेत्र न तो दिल्ली से दूर है और न ही दिल से। मोदी की 'एक्ट-ईस्ट पॉलिसी' से भाजपा ने पूर्वोत्तर राज्यों का सूपड़ा साफ कर दिया है, जो 2014 से पहले कांग्रेस की बड़ी ताकत माने जाते थे। वर्ष 2014 से केंद्र में भाजपा शासन के पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री ने 50 से अधिक बार उत्तर-पूर्व का दौरा किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पूर्वोत्तर के केंद्रीय मंत्री तीन राज्यों की राजधानियों में आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इन समारोहों में भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों के भी शामिल होने की उम्मीद है। मेघालय में शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार सुबह शिलांग में होगा, जबकि नगालैंड का शपथ ग्रहण दोपहर में कोहिमा में होगा। कोनराड संगमा और नेफियू रियो क्रमश: मेघालय और नागालैंड के मुख्यमंत्री बनेंगे।

मेघालय विधानसभा के 58 नवनिर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को शपथ ली। अस्थाई अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) टिमोथी डी. शिरा ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नागालैंड में सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी ने 25 और सहयोगी भाजपा ने 12 सीटों पर जीत दर्ज कर 60 सदस्यीय विधानसभा में एक साथ 37 सीटों के साथ बहुमत हासिल कर लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए राज्य में सत्ता बरकरार रखी है। शुक्रवार को सर्वसम्मति से एनडीपीपी विधायक दल का नेता चुने जाने वाले रियो ने शनिवार को राज्यपाल ला गणेशन को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के प्रमुख संगमा ने पुन: दावा किया है कि उनके पास 32 विधायकों के समर्थन पत्र हैं और उन्होंने अगली सरकार बनाने के लिए राज्यपाल से निमंत्रण प्राप्त कर लिया है। (शेष पेज 8)

# ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान की रायशुमारी अवैध: उच्चायुक्त

● ओ फैरेल बोले, जनमत संग्रह का कोई कानूनी आधार नहीं, भारत की संप्रभुता का करते हैं सम्मान

● कहा, अडाणी समूह ऑस्ट्रेलिया में करता है सफल कारोबार का संचालन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** की संप्रभुता के प्रति ऑस्ट्रेलिया के अटूट सम्मान पर जोर देते हुए ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त बैरी ओ फैरेल ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उनके देश में खालिस्तान के जनमत संग्रह का कोई कानूनी आधार नहीं है। उच्चायुक्त बैरी ओफैरल ने यह भी कहा कि अडाणी समूह उनके देश में सफल कारोबार का संचालन करता है और वह सबसे बड़ा भारतीय निवेशक बना हुआ है। ओफैरल ने कहा कि अडाणी समूह पर आई हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से उपजे हालात पर भारतीय नियामकों को गौर करना है और समूह द्वारा अपना ऑस्ट्रेलियाई कारोबार बंद करने की कोई भी रिपोर्ट नहीं है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए ओ फैरेल ने कहा कि ब्रिस्बेन सहित धार्मिक पूजा स्थलों पर तोड़-फोड़ की घटनाओं से ऑस्ट्रेलियाई लोग भयभीत हैं।

ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने कहा, पुलिस इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने की सक्रियता से कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, भारतीय संप्रभुता के प्रति ऑस्ट्रेलिया का सम्मान अटूट है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने स्पष्ट किया है कि खालिस्तान द्वारा कराए जा रहे जनमत संग्रह को ऑस्ट्रेलिया या भारत में कोई कानूनी मान्यता नहीं है। उनकी कड़ी टिप्पणियां ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की भारत की राजकीय यात्रा से कुछ दिन पहले आई है। यात्रा के दौरान अल्बनीज अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान समर्थक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों के बीच सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सदस्यों द्वारा भी उन्हें सक्रिय रूप से सहायता मिली व उकसाया गया। जनवरी में कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों से वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा था। कथित तौर पर खालिस्तान समर्थकों द्वारा पिछले दो महीनों में ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की कम से कम चार घटनाएं हुई हैं। उन्होंने संवाददाताओं से यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया एक बहुसांस्कृतिक, बहुधर्मी देश है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करता है। ओ फैरेल ने कहा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, लेकिन आपको अभद्र भाषा या हिंसक विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का अधिकार नहीं देती है। इन मामलों को ऑस्ट्रेलिया में गंभीरता से लिया जाता है।



नोएडा और दिल्ली के बीच स्थित डीएनडी फ्लाईवे को जोड़ने वाला आश्रम फ्लाईओवर सोमवार से यातायात के लिए खोल दिया गया। इसके शुरू होने से नोएडा, गाजियाबाद के लोगों का एम्स पहुंचना बहुत आसान हो गया है। दक्षिणी दिल्ली की ओर जाने वाली गाड़ियां आश्रम चौक पर जाम में फंसने के बजाय फ्लाईओवर से गुजर जाएंगी। फोटो : रंजन डिमरी

# उमेश पाल हत्याकांड का एक और आरोपी ढेर

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज, लखनऊ

● प्रयागराज पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया विजय चौधरी उर्फ उस्मान

**उमेश** पाल हत्याकांड का आरोपी विजय चौधरी उर्फ उस्मान प्रयागराज पुलिस के साथ मुठभेड़ में सोमवार तड़के मारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने लखनऊ में संवाददाताओं से कहा, आज सुबह प्रयागराज पुलिस को एक उल्लेखनीय सफलता मिली, जब राजू पाल हत्याकांड के प्रमुख गवाह उमेश पाल और उनके दो अंगरक्षकों की हत्या के मामले में शामिल उस्मान नामक बदमाश पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ। उस्मान को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस दौरान हमारा एक आरक्षी नरेंद्र भी घायल हुआ है। नरेंद्र का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, उस्मान पर 50 हजार रुपए का इनाम था और सभी चैनल के माध्यम से जो वीडियो प्रसारित हुआ था उसमें यह व्यक्ति उमेश पाल तथा हमारे जवानों को गोली मारते हुए देखा जा सकता है। उसके पास से 32 बोर की अवैध पिस्तौल और कारतूस भी बरामद हुए हैं। कौंधियारा थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ कौंधियारा थाना क्षेत्र के गोठी और बेलवा के बीच करीब पांच बजे हुई। विजय चौधरी उर्फ उस्मान की गर्दन, सीने और जांघ में गोलियां लगी हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी को कौंधियारा में लोग नान बाबा के नाम से भी जानते हैं और उसे उस्मान नाम अतीक गिरोह के लोगों ने दिया है।

इस बीच, उस्मान की पत्नी सुहानी ने पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ में उसके पति की हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने प्रयागराज में संवाददाताओं से कहा कि पुलिस उसके पति और ससुर को तड़के अपने साथ ले गई और सभी के मोबाइल फोन जब्त कर लिए। सुहानी ने पुलिस पर कानून के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा, पुलिस ने बिल्कुल गलत किया है। कानून इसलिए नहीं बनाया गया है कि किसी को जान से मार दिया जाए। कानून हिफाजत के लिए बनाया गया है। उसने कहा कि उसका पति विजय चौधरी उर्फ उस्मान एक कम्पनी में गाड़ी चलाता था और वह पिछली 24 फरवरी को उमेश पाल हत्याकांड वाले दिन किसी काम से जाने की बात कहकर घर से निकला था। अपर पुलिस महानिदेशक कुमार ने कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस यह स्पष्ट कर देना चाहती है कि इस जघन्य हत्याकांड में जो भी व्यक्ति शामिल रहा है उसे कानून के दायरे में लाने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और हमारे दल इस काम में लगे हुए हैं। अभियुक्त जहां भी होंगे, हम उन्हें गिरफ्तार करेंगे और जल्द से जल्द सभी साक्ष्य एकत्र करके उन्हें अदालत में पेश करेंगे। हम उनके सफल अभियोजन का हर संभव प्रयास करेंगे। इस बीच, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मुठभेड़ के बारे में संवाददाताओं से कहा, हमारी सरकार इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एक-एक आरोपी को पकड़ेंगे और उसे कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा देंगे। उन्होंने कहा, कितने दुर्दांत और बेखौफ अपराधी हैं कि पुलिस पर भी हमला करने से बाज नहीं आ रहे। आज सुबह ही पता चला है कि हमारी पुलिस ने बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया है। हम एक-एक अपराधी को पकड़ेंगे और कड़ी से कड़ी कार्वाई करेंगे। (शेष पेज 8)

### बहू-बेटे के बर्ताव से क्षुब्ध बुजुर्ग ने राज्यपाल को वसीयत की संपत्ति

**भाषा।** मुजफ्फरनगर

**मुजफ्फरनगर** जिले में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने बेटे और बहू के कथित खराब बर्ताव से क्षुब्ध होकर अपनी एक करोड़ रुपए मूल्य की जायदाद उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के नाम कर दी है। खतौली कस्बे के एक वृद्धाश्रम में रह रहे 80 साल के नाथू सिंह ने बुढ़ाना तहसील के उप रजिस्ट्रार के कार्यालय में दाखिल एक शपथपत्र में कहा है कि उनकी जमीन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को दे दी जाए। सिंह ने कहा कि उनके निधन के बाद वहां कोई स्कूल या अस्पताल बना दी जाए। इस जमीन की कीमत करीब एक करोड़ रुपए बताई जाती है। उप रजिस्ट्रार पंकज जैन ने सोमवार को बताया कि नाथू सिंह ने पिछली चार मार्च को अपनी वसीयत तैयार कराई है, जिसमें उनके मकान और 10 बीघा कृषि भूमि की कीमत एक करोड़ रुपए से ज्यादा बताई गई है। सिंह का आरोप है कि उनके बेटे और बहू ने कई बार उन्हें अपमानित किया। इसी वजह से उन्हें वृद्धाश्रम जाना पड़ा। वृद्धाश्रम की प्रभारी रेखा सिंह ने बताया कि नाथू सिंह पिछले करीब पांच महीनों से उनके वृद्धाश्रम में रह रहे हैं।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,224 | ↑ 415 |
| निफ्टी | 17,711 | ↑ 117 |
| सोना | 55,900 | ↑ 25 /10g |
| चांदी | 65,000 | ↑ 160 /kg |

### क्विक न्यूज

**भारत, अमेरिका तीन साल बाद वाणिज्यिक वार्ता करेंगे**

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका तीन साल बाद 10 मार्च को वाणिज्यिक वार्ता करेंगे। एक बयान में बताया गया कि इसमें दोनों देश आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए व्यापार और निवेश संबंधी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत-अमेरिका की अंतिम वाणिज्यिक वार्ता फरवरी, 2019 में हुई थी। उसके बाद कोविड महामारी और अन्य कारणों यह बैठक नहीं हो सकी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, वार्ता को तीन साल के अंतराल के बाद आपूर्ति श्रृंखला में मजबूती और विविधीकरण और नए उभरते क्षेत्रों पर ध्यान देते हुए रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ बहाल करने का प्रस्ताव है।

# दिसंबर तक पूरा होगा दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे: गडकरी

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून

● दिल्ली और देहरादून के बीच सड़क यात्रा में लगने वाला समय घटकर दो घंटे के आस-पास रह जाएगा

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य दिसंबर के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से दिल्ली और देहरादून के बीच सड़क यात्रा में लगने वाला समय घटकर दो घंटे के आस-पास रह जाएगा। ऋषिकेश में परमार्थ निकेतन आश्रम के दौरे के दौरान गडकरी ने कहा, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे परियोजना का काम दिसंबर के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा और अगले साल एक जनवरी से लोग महज दो घंटे में देहरादून से दिल्ली के बीच की दूरी तय कर सकेंगे। मौजूदा समय में सड़क मार्ग से देहरादून से दिल्ली जाने में लगभग छह घंटे का समय लगता है। गडकरी ने गंगा आरती में हिस्सा लेने के लिए अपने परिवार के साथ परमार्थ निकेतन आश्रम का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सभी मौसम में चालू रहने वाली सड़क के निर्माण से पूरे साल चारधाम यात्रा संभव होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मौजूदा समय में चारधाम यात्रा केवल छह महीनों के लिए होती है। लेकिन, जब ऑल-वेदर रोड परियोजना पूरी हो जाएगी, तब श्रद्धालु पूरे साल हिमालय की गोद में स्थित मंदिरों की यात्रा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि केदारनाथ में रोपवे परियोजना का काम भी शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल अक्टूबर में इस परियोजना की आधारशिला रखी थी।

# होली : स्वास्थ्य विभाग सतर्क, 24 घंटे मिलेगी चिकित्सा

## चिकित्सकों से लेकर पैरामेडिकल स्टाफ तक की छुट्टियां कर दी गईं रद्द, एम्बुलेंस भी रहेंगी तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



होली को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को अलर्ट कर दिया गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक सहित स्टाफ मौजूद रहेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डा सुनील कुमार शर्मा ने होली पर विशेष सतर्कता बरतने के आदेश दिये हैं। चिकित्सकों से लेकर पैरामेडिकल स्टाफ तक की छुट्टियों को रद्द कर दिया है

वहीं होली के मद्देनजर विशेष रोस्टर बनाया गया है, जिसमें आंख, त्वचा रोग विशेषज्ञ भी ड्यूटी पर रहेंगे। उधर जनपद में संचालित एंबुलेंस भी मरीजों के लिए हर वक्त तैयार रहेंगी। होली पर स्वास्थ्य व्यवस्था बनाये रखने के लिए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा जैस लाल को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लोगों से संयम के साथ होली खेलने की अपील की है। उन्होंने कहा कि होली पर ख्याल रखें कि त्वचा को नुकसान न होए इसके लिए होली खेलने से पहले अपनी त्वचा पर तेल अथवा मॉइश्चराइजर लगा लें। सीएमओ ने कहा है कि आंखों में रंग या धूल का कण चला जाए तो तुरंत आंखों के चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। स्वयं कोई इलाज न करें और न ही कोई आई ड्रॉप बिना चिकित्सक की सलाह के इस्तेमाल करें। आंखों के मामले में कतई लापरवाही न बरतें। जिला संयुक्त चिकित्सालय के चर्म रोग विशेषज्ञ डा अभिषेक दुबे का कहते हैं कि होली पर केमिकल युक्त रसायन युक्त रंग बहुत बिकते हैं।

### मेट्रो सेवा दोपहर 2:30 बजे से ही शुरू होगी

होली के दिन यानी 8 मार्च को दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन डीएमआरसी की सभी लाइनों पर मेट्रो का संचालन दोपहर तक बंद रहेगा। दोपहर 2;30 से सभी रूटों पर मित्रों का संचालन शुरू हो जाएगा। इस दौरान फीडर बस की सेवाएं भी 2;30 बजे के बाद ही शुरू होगी तथा रात 10;00 बजे तक मेट्रो की सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी। यह जानकारी दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रमुख कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने दी है उन्होंने कहा कि यात्रियों को इस दौरान होने वाली परेशानी के लिए खेद है।

### त्योहार पर ग्रेटर नोएडा में तीन बार होगी जलापूर्ति

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा में होली के दिन तीन बार जलापूर्ति करने का निर्णय लिया है। अगर कहीं पानी की दिक्कत होती है तो वहां टैंकर से पानी पहुंचाने के इंतजाम किए गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने जल विभाग को होली के दिन सुबह-शाम के अलावा दोपहर में भी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम ने बताया कि 8 मार्च को सुबह 6.30 बजे से 9.30 बजे तक, दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक और शाम 7 बजे से रात 9.30 बजे तक जलापूर्ति की जाएगी।

### पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च

होली और शबे बरात को लेकर गौतमबुद्ध नगर में पुलिस अधिकारियों के द्वारा पुलिस फोर्स के साथ मिलकर अपने.अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन कर रहे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर सभी जोन के डीसीपी/एडीसीपी एसीपी व पुलिस बल के साथ आगामी होली के त्यौहार व शब ए बारात को लेकर सम्बन्धित जोन में होलिका दहन वाले स्थानों एमुख्य बाजारों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पैदल मार्च के दौरान उनके द्वारा आमजन से त्यौहारो को सौहार्द, शांति पूर्वक मनाने की अपील की गई।

# सोसाइटी में बिजली कटने से आधे घंटे लिफ्ट में फंसा युवक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- व्हाइट ऑर्किड सोसायटी में बिजली बैकअप नहीं

ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी में मेंटेनेंस विवाद के चलते पावर बैकअप बिजली रोकने का नोटिस जारी कर दिया गया जिससे निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेंटेनेंस विभाग का पर आरोप लगाते हुए सोसायटी के लोगों ने कहां की बिजली ना होने से सोसाइटी की लिफ्ट में युवक आधे घंटे तक फंसा रहा।

सोसाइटी के निवासियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद युवक को लिफ्ट से बाहर निकाला गया। लोगों ने सीएम योगी और अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है। गौर सिटी 2 के व्हाइट ऑर्किड सोसायटी मे मेंटेनेंस को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। निवासियों का कहना है कि मेंटेनेंस ने देने का बहाना बनाकर बिजली काट दी गई साथ बिजली न देने का नोटिस जारी कर दिया गया।

बिजली बैकअप न होने के कारण एक युवक लिफ्ट में आधे घंटे तक फ ंसा रहा जिसे बिजली आने के बाद बाहर निकाला गया। निवासियों ने ट्विटर पर सीएम योगी और बड़े अधिकारियों को टक्कर मदद की गुहार लगाई है। सोसाइटी के निवासियों ने बताया कि वह बिल्डर को एडवांस में मेंटेनेंस शुल्क देते हैं। जिसके बाद भी बिल्डर द्वारा कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती है। मेंटेनेंस टीम द्वारा रविवार शाम अचानक से सोसायटी में बिजली नहीं देने का नोटिस जारी कर दिया। वहीं, सोसायटी में 50 से 60 फीसदी लोगों को एनपीसीएल की ओर से मल्टीपाइंट सिंगल कनेक्शन मिल चुके हैं।

# पत्नी को जलाने के मामले में वांछित पति गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा की थाना एक्सप्रेस.वे पुलिस ने अपनी पत्नी को जलाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि दो मार्च की रात को पीआरवी ने थाना एक्सप्रेस.वे पर सूचना दी की ग्रीन ब्यूटी फ ार्म हाउस, वाजिदपुर पुस्ता में रहने वाली महिला को उनके पति यादवेन्द्र यादव उर्फ टिन्कू पुत्र राम नरायण ने आग जलाकर मारने का प्रयास किया।

आरोपी पति ग्रीन ब्यूटी फ ार्म हाउस में माली का कार्य करता था। पुलिस ने उक्त महिला को जिला अस्पताल में एडमिट कराया। वहां डॉक्टर ने उक्त महिला को उपचार के लिए सफ दरजंग अस्पताल, दिल्ली रेफर कर दिया गया था।

# तीन दिन तक फांसी के फंदे पर लटका रहा युवक का शव

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्र के ओमीक्रोन 3 सेक्टर के एक मकान से 3 दिन पुराना युवक का शव बरामद हुआ है। युवक का शव फंदे पर लटका हुआ था। मौके से कुछ तंत्र मंत्र की किताबें व रजिस्टर बरामद हुआ है जिसमें तंत्र क्रियाएं करने की विधि लिखी हुई है।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मूल रूप से हरदोई का रहने वाला 26 वर्षीय विजय कनौजिया पुत्र राम भजन कनौजिया ओमिक्रोन में रहता था। पिछले कई दिनों से वह परिजनों का फ ोन नहीं उठा रहा था। परिजनों ने इसकी सूचना सोसायटी के मेंटेनेंस कर्मियों को दी। मेंटेनेंस कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर विजय कनौजिया को फ ांसी के फ ंदे से नीचे उतारा।

शव कई दिन पुराना होने के कारण उसमे से बदबू आ रही थी। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से तंत्र मंत्र की किताब, एक रजिस्टर मिला है जिसमें तंत्र कराएं करने के तरीके लिखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विजय मानसिक रूप से परेशान था और तंत्र में विश्वास करता था।

# दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस का दुहाई डिपो शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- 17 किलोमीटर लंबा दुहाई-साहिबाबाद मार्ग मार्च तक होगा तैयार, प्रशासनिक इमारत, कार्यशाला और निरीक्षण बे लाइन दो साल में बना



दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) गलियारे का दुहाई डिपो अब आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि भारत की पहली आरआरटीएस का 17 किलोमीटर लंबा दुहाई-साहिबाबाद मार्ग मार्च के अंतिम सप्ताह तक तैयार होगा और इसे पर्यावरण अनुकूल तथा यात्री केंद्रित परिवहन प्रणाली बनाने पर ध्यान लगाया जाएगा।

एनसीआरटीसी के एक अधिकारी ने कहा, दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे पर संचालन के लिए अहम दुहाई डिपो तैयार है। आरआरटीएस की ट्रेनों की देखभाल के लिए आधुनिक सुविधाएं अब तैयार हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशासनिक इमारत, कार्यशाला और निरीक्षण बे लाइन समेत बुनियादी ढांचा दो साल से भी कम वक्त में तैयार किया गया। आरआरटीएस राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में महानगर और बड़े शहरों, नगरों को जोड़ने वाली एक नई, समर्पित, उच्च गति, उच्च क्षमता वाली क्षेत्रीय ट्रांजिट प्रणाली है जो कम स्टॉप और उच्च गति के साथ अपेक्षाकृत लंबी दूरी की यात्रा को सुगम बनाती है। आरआरटीएस के तीन प्राथमिकता वाले गलियारे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ, दिल्ली-पानीपत और दिल्ली-गुरुग्राम-शाहजहांपुर-नीमराना-बहरोड़-अलवर हैं, जिन्हें चरणों में लागू किया जाएगा।

ऐसा अनुमान है कि 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ गलियारे पर हर दिन आठ लाख यात्री सफर करेंगे और इसके शुरू होने से सड़कों पर से एक लाख से अधिक निजी वाहन कम हो जाएंगे।

# 15 थीम्स के डिजाइनर कपड़ों पर मॉडल ने किया कैटवॉक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

महिलाएं समाज की मोटिवेशनल शक्ति हैं और यह समय है उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के जश्न मनाने का। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर-62 सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट ने थ्रिप्टिक 2023 वार्षिक फैशन शो आयोजित किया गया।

संस्थान के इस फैशन शो में टैक्स्टाइल डिजाइन, फैशन डिजाइन, फैशन कम्युनिकेशन, पीजीडीएफ डी और लाइफ स्टाइल एक्सेसरीज से संबंधित 61 छात्राओं ने 15 थीम्स पर आधारित अलग.अलग कलेक्शन पेश किए गए।

सत्यम संस्थान की चेयर पर्सन स्नेह सिंह और सेक्रेटरी प्रदीप गुप्ता ने छात्रों के जोश और रचनात्मकता की प्रशंसा की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वार्षिक फैशन शो ट्रिप्टिक 2023 का शानदार आयोजन सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट की प्रिंसिपल डॉ वंदना जगलान और वाइस प्रिंसिपल डॉ नीतू मल्होत्रा की निगरानी में किया गया।

# परमहंस विहार में मजदूर की पीटकर हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- शराब पीने के बाद मकान मालिक और दोस्तों से हुआ था झगड़ा

गाजियाबाद में लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के परमहंस विहार कॉलोनी में 32 वर्षीय जयप्रकाश जाटव की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। रविवार रात शराब पीने के बाद उसका मकान मालिक और दोस्तों से कुछ झगड़ा हुआ। दूसरे पक्ष ने उसको बुरी तरह पीटा। पिटने के बाद ये व्यक्ति घर में आकर सो गया और सुबह मृत अवस्था में कमरे में मिला।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस परिजनों के आरोपों पर जांच कर रही है।

मृतक जयप्रकाश मजदूरी करता था। उसके पिता विनोद पेशे से जूते.चप्पल गांठने का काम करते हैं। विनोद ने बताया कि रविवार रात करीब 8 बजे जयप्रकाश शराब पीकर आया। गाली.गलौज करने लगा। इसे लेकर मकान मालिक के बेटे ललित से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर ललित ने अपने दोस्तों अंकुश, राकेश, संजय के साथ मिलकर जयप्रकाश को खूब पीटा। विनोद ने बताया, मैं उनके हाथ जोड़ता रहा। मिन्नत करता रहा कि उसे मत मारो, मैं समझा दूंगा, लेकिन वो नहीं माने और उसको पीटते रहे। लेकिन, ऐसे थोड़े ही होता है कि उसको जान से ही मार दो। जैसे-तैसे मैंने अपने बेटे को छुड़ाया और सुला दिया।

आज सुबह जब मैंने उसे चाय पीने के लिए उठाया तो वो नहीं उठा। उसका शरीर उल्टा था और मृत अवस्था में था। विनोद ने कहा, हम दो महीने का किराया भी नहीं दे पाए। इसलिए भी मकान मालिक थोड़ा नाराज रहता था। इस घटना के बाद मकान मालिक के बेटे ललित ने हमारे कमरे पर ताला लगाने की कोशिश की, लेकिन मैंने जैसे.तैसे हाथ जोड़कर होली बाद रुपए देने के लिए राजी किया। लोनी क्षेत्र के रजनीश उपाध्याय ने बताया, परमहंस कॉलोनी से सोमवार सुबह सूचना मिली कि एक व्यक्ति घर में मृत अवस्था में पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची।

पता चला कि मृतक जयप्रकाश और पिता विनोद के साथ कल रात मकान मालिक के लड़के और अन्य पड़ोसियों के बीच मारपीट हुई थी।

# पिटाई से घायल युवक की दिल्ली के अस्पताल में मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

साहिबाबाद में कॉलेज के पास हमले में घायल विराट की सोमवार सुबह दिल्ली के हॉस्पिटल में मौत हो गई। विराट ने मोहल्ले में स्कूटी पर युवक-युवती के साथ घूमने का विरोध किया था। जिस पर स्कूटी सवार ने विराट की पिटाई करवा दी थी।

पिटाई से घायल युवक इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस इस मामले में छह आरोपियों को 24 घंटे पहले जेल भेज चुकी है। अब पुलिस जानलेवा हमले के मुकदमे को हत्या में तरमीम कर रही है।

लाजपत नगर निवासी बंटी के मुताबिक, शनिवार दोपहर करीब 1 बजे वो कॉलेज के पास दुकान पर सामान लेने गया था। तभी उसने एक युवक.युवती को स्कूटी पर घूमते देखा। सोसाइटी परिसर में रहने वाले विराट नामक शख्स ने स्कूटी सवारों को रोक लिया और सोसाइटी का हवाला देते हुए कहीं और जाकर घूमने के लिए कहा था।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में साइकिल रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर साइकिल रैली निकाली गयी। इस वर्ष इस दिवस की थीम स्वस्थ महिला, स्वस्थ भारत तय की गई। इसी को ध्यान में रखते हुए साइकिल रैली निकालकर संदेश दिया गया कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए यह बहुत जरूरी है।

सीएमओ डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमओ कार्यालय से शुरू हुई रैली महिला थाने के सामने से सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन, राजकीय डिग्री कॉलेज, रवि बाजार होते हुए वापस सीएमओ कार्यालय पर आकर समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को सेल्फडिफेंस टीम ने आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

इस अवसर पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डा सुनील कुमार शर्मा ने घर एवं समाज में बेटियों की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने कहा जहां बेटियों का सम्मान होता है, वह समाज उन्नति की ओर अग्रसर एवं स्वस्थ्य वातावरण का पर्याय होता है।

गैर संचारी रोग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा राघवेंद्र प्रताप सिंह ने महिलाओं के अधिकार व सुरक्षा के बारे में बताया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा ललित कुमार ने छात्राओं को उनके स्वास्थ्य एवं खानपान के बारे में बताया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रो अनीता मिश्रा, प्रो प्रिया सिंह ने छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में जानकारी दी। रैली में करीब 70 महिलाओं व छात्राओं ने लिया।

# डीएनडी पर भीषण जाम, हजारों वाहन फंसे

**नोएडा।** होली की वजह से नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे एनसीआर में सड़कों पर भयंकर जाम लगा हुआ है। हालत यह हो गई है कि एक्सप्रेसवे पर भी हजारों वाहन जाम में फंसे हुए हैं।

दिल्ली और नोएडा के बीच डीएनडी पूरी तरीके से जाम लग गया है। मौके पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी मौजूद है, लेकिन हालत काबू से बाहर है। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने इसको लेकर एडवाइजरी भी जारी की है। होली होने से बड़ी संख्या में लोग होली मनाने के लिए पूर्वांचल और वेस्ट यूपी की तरफ जा रहे हैं।

# स्कूल के शौचालय में गंदगी, 10 हजार का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की रितु माहेश्वरी के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा की साफसफ ाई की व्यवस्था चाक.चौबंद करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत एसीईओ मेधा रूपम ने सोमवार को आदर्श ग्राम मायचा का जायजा लिया।

एसीईओ सुबह सबसे पहले गांव के प्राथमिक स्कूल पहुंच गईं, वहां ट्वॉयलेट में गंदगी देख बहुत नाराज हुईं। उसकी तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही सफ ाई से संबंधित फ र्म ओवाईएनएक्स मैनेजमेंट सर्विसेज पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है।

इसके बाद एसीईओ मेधा रूपम मायचा गांव की गलियों में घूमीं। वहां चल रहे विकास कार्यों व सफ ाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार के तीन सफाईकर्मी भी नदारद मिले। एसीईओ ने उनके एक दिन का वेतन काटने के आदेश जारी कर दिए हैं। एसीईओ ने सेक्टर इकोटेक.10 का भी जायजा लिया। सेक्टर में साफसफ ाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एसीईओ ने कहा है कि गांवों व सेक्टरों में सफ ाई व्यवस्था परखने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### जलापूर्ति नेटवर्क का लिया जायजा

एसीईओ मेधा रूपम ने सेक्टर पी थ्री में जलापूर्ति नेटवर्क का भी जायजा लिया और ग्रेटर नोएडा के सभी सेक्टरों के निवासियों के लिए बेहतर जलापूर्ति करने के निर्देश दिए। प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने गर्मी में पानी की खपत बढ़ जाने को ध्यान में रखते हुए जलापूर्ति नेटवर्क का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

# मीडिया क्लब में फूलों की वर्षा कर मनाया होली मिलन समारोह

## शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं समेत कई उद्यमियों-हस्तियों को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के एनईए सभागार में आयोजित प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में फ्री स्पीच पत्रिका का विमोचन करते प्रमुख लोग।

नोएडा मीडिया क्लब ने सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। उद्यमियों की संस्था नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन एनईए के सेक्टर-6 स्थित सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर नोएडा मीडिया क्लब द्वारा प्रकाशित फ्री स्पीच मैगजीन का विमोचन किया गया। नोएडा मीडिया क्लब ने देश के तीन दिग्गज पत्रकारों शंभूनाथ शुक्ला, विनोद अग्निहोत्री और वीरेंद्र मलिक को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन करके अतिथियों ने किया। अलग-अलग क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

इनमें दादी की रसोई का संचालन करने वाले अनूप खन्ना, कनफेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन कोनरवा के संस्थापक अध्यक्ष पीएस जैन, फेलिक्स अस्पताल के संस्थापक डॉ डीके गुप्ता, सुमित्रा अस्पताल के संस्थापक डॉ वीके गुप्ता, प्रकाश अस्पताल के संस्थापक डॉ वीएस चौहान, आलोक सिंह, कवि ओम रायजादा, फ ोनरवा के पूर्व अध्यक्ष एनपी सिंह, फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, एनईए के उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, महासचिव वीके सेठ, उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेश कुच्छल, नोएडा एम्प्लाइज एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार चौधरी और सुभाष सिंह को सम्मानित किया गया। होली मिलन समारोह के दौरान राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर, जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह, यमुना प्राधिकरण के सीईओ डा अरुणवीर सिंह, अनूपशहर से विधायक संजय शर्मा, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, एडिशनल पुलिस कमिश्नर आरएस छवि, यूपी के खेल सचिव सुहास एलवाई, नोएडा के डीसीपी हरिश्चंद्र, गौतमबुद्ध नगर के डीसीपी ट्रैफि क अनिल कुमार यादव, समेत तमाम पत्रकार मौजूद थे।

# डंपिंग ग्राउंड में लगी भीषण आग, हर तरफ धुआं ही धुआं

**नोएडा।** शहर के थाना सेक्टर 39 क्षेत्र स्थित एक डंपिंग ग्राउंड में सोमवार को भीषण आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हर तरफ धुआं ही धुआं फैल गया, जिससे लोगों में डर का माहौल पैदा हो गया। धुएं के कारण आसपास से निकलना मुश्किल हो गया।

आग पर काबू पाने के लिए मौके पर दमकल की कई गाड़ियां भेजी गईं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं लग पाया है।

# नए गोल्फ कोर्स के 750 सदस्य प्राधिकरण को मिले 26 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- 125 सदस्य सेक्टर 38-ए के पुराने गोल्फ कोर्स में खेल सकेंगे

नोएडा के सेक्टर-151ए में बनने वाले गोल्फ कोर्स के लिए अब तक करीब 750 लोग सदस्यता ले चुके हैं। सदस्यता का पूरा पैसा जमा करने वाले 125 लोग नोएडा के सेक्टर-38ए पुराने गोल्फ कोर्स में भी खेल सकेंगे। इसके लिए उन्हें 2000 रुपए का एक रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इन सभी सदस्यों को मैंबर कार्ड भी जारी किया जा रहा है। इनकी सदस्यता से करीब 26 करोड़ नोएडा प्राधिकरण को मिल चुके हैं।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि साल के अंत तक गोल्फ कोर्स बनाने का काम पूरा हो जाएगा। ऐसे में इस गोल्फ कोर्स के बनने तक सदस्यता पा चुके लोगों को नोएडा में गोल्फ खेलने की सुविधा दी जाएगी।

गोल्फ कोर्स परिसर में 7 एकड़ में क्लब, बैंक्वेंट हॉल, पार्क का निर्माण किया जा रहा है। क्लब में कांफ्रेंस हॉल, जिम, स्पा, लग्जरी सूट्स, गेस्ट रूम, स्वीमिंग पूल, बड़े समारोह के लिए ग्रीन एरिया, बिलियर्ड, हॉल टेनिस कोर्ट के अलावा अन्य सुविधा भी होंगी। गोल्फ कोर्स 18 होल का अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आश्रम फ्लाईओवर खुला, जाम से मुक्ति

## मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आश्रम फ्लाईओवर के डीएनडी तक विस्तार का किया लोकार्पण, लाखों लोगों को फायदा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नोएडा-गाजियाबाद से दक्षिणी दिल्ली और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान आना जाना आसान हो गया है। आईटीओ, नोएडा और गाजियाबाद से लाजपत नगर जाने वाले लोगों को अब आश्रम फ्लाईओवर पर जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। वाहन चालक नोएडा से एम्स तक सिग्नल फ्री अपने वाहन दौड़ा सकते हैं। साथ ही लाजपत नगर बिना रुकावट के सराय काले खां और डीएनडी जा सकेंगे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आश्रम फ्लाईओवर के डीएनडी तक विस्तार का लोकार्पण कर दिल्ली एनसीआर के लोगों को होली का तोहफा दिया। साथ ही इसके निर्माण के दौरान लोगों को जाम से हुई परेशानी के लिए खेद भी व्यक्त किया।



नई दिल्ली में सोमवार को आश्रम एक्सटेंशन फ्लाईओवर का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल। फोटो : रंजन डिमरी

इस अवसर पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सोमवार से आश्रम फ्लाईओवर को जनता के लिए खोला दिया गया है। आश्रम से डीएनडी तक का यह एक्टेंशन है। पहले सुबह और शाम व्यस्त समय में घंटों तक लंबे-लंबे जाम लगते थे। लेकिन अब इसके खुल जाने से लोगों को जाम से निजात मिलेगी और तीन रेड लाइट सिग्नल फ्री भी हो जाएंगे। अब नोएडा से एम्स तक बिना रेड लाइट के वाहन चालक फर्राटे से जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभी दिल्ली में 101 फ्लाईओवर और अंडरपास हैं। इनमें से 74 पिछले 65 साल में बने थे, जबकि उनके कार्यकाल में 27 बने हैं। वहीं, 15 फ्लाईओवर, फ्लाईओवर के एक्टेंशन या फ्लाईओवर को डबल करने का काम चल रहा है। सीएम ने पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर्स की पीठ थपथपाते हुए कहा कि किसी को यकीन नहीं था कि इस फ्लाईओवर को 45 से 60 दिन में पूरा कर लिया जाएगा।

### 15 बड़े फ्लाईओवर पर काम

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 15 बड़े फ्लाईओवर, फ्लाईओवर के एक्टेंशन को डबल का काम चल रहा है। इनमें पंजाबी बाग में 6 लेन का फ्लाईओवर को दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। सराय काले खां और नेहरू प्लेस के साबित्री सिनेमा के पास फ्लाईओवर को डबल का काम 31 जुलाई तक पूरा हो जाएगा। आनंद विहार के पास फ्लाईओवर का निर्माण 31 अगस्त तक पूरा हो जाएगा।

### सड़कें दिखेंगी खूबसूरत

सड़कों का सुंदरीकरण, रोज सफाई-धुलाई, मैकेनिकल सकिंग मशीन से मिट्टी हटाने का कार्य भी पाइप लाइन में हैं। इस कार्य की जल्द ही शुरूआत की जाएगी।

लोक निर्माण विभाग की 60 फुट से चौड़ी करीब 1480 किलोमीटर सड़कें हैं। पहले चरण में पीडब्ल्यूडी की सड़कों की सफाई का काम किया जाएगा। अब कई जगहों पर सड़कें सुंदर दिखने लगी हैं।

# मनीष सिसोदिया तिहाड़ में जेल संख्या एक में रहेंगे, पढ़ेंगे श्रीमद्भगवद्गीता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



● 20 मार्च तक भेजे गए न्यायिक हिरासत में, जेल में ही मनेगी होली

पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दिल्ली की एक अदालत ने 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उन्हें तब तक तिहाड़ जेल संख्या एक में रखा जाएगा। यानी उनकी होली अब जेल में ही मनेगी।

आबाकारी घोटाले में सीबीआई रिमांड सोमवार को खत्म होने पर जांच एजेंसी ने उन्हें अदालत में पेश किया जहां दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने पूर्व मंत्री को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इस बीच सिसोदिया ने अदालत से चश्मा और भगवद गीता की मांग की। साथ ही उन्होंने विपश्यना करने की अनुमति भी मांगी।

सिसोदिया की बातें सुनने के बाद अदालत ने जेल सुपरिटेंडेंट को उनकी मांग पर विचार करने का आदेश दिया। तिहाड़ जेल के एक अधिकारी ने बताया कि अदालत के आदेश के बाद सिसोदिया को तिहाड़ लाया गया और आवश्यक प्रक्रिया को पूरा करने के बाद उन्हें जेल संख्या-एक में रखा जाएगा। इस बीच, आप ने कहा कि आबकारी नीति मामले में सिसोदिया से और पूछताछ के लिए उनकी सीबीआई द्वारा हिरासत मांगने की कोई जरूरत नहीं थी। आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने दावा किया, उनकी जमानत अर्जी पर कोई सुनवाई नहीं हुई। अदालत को दो विकल्पों पर विचार करना था, या तो उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाए, या उनकी पुलिस हिरासत की अवधि बढ़ाई जाए।

सीबीआई के पास कोई सवाल नहीं था, उनसे पूछताछ के लिए उनकी हिरासत मांगने का कोई आधार नहीं था। सीबीआई के पास कोई दस्तावेजी साक्ष्य नहीं था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि उसके प्रवक्ता टेलीविजन रिचर्चाओं में आरोप लगा रहे हैं कि आबकारी नीति मामला स्पष्ट साक्ष्यों वाला प्रकरण है और घोटाला होने का दावा करने के लिए फर्जी दस्तावेज दिखा रहे हैं।

## राजधानी में होली के दिन दोपहर ढाई बजे से दौड़ेगी मेट्रो

**नई दिल्ली।** मेट्रो की सेवाएं होली के दिन दोपहर ढाई बजे से शुरू होंगी। रंगों का त्योहार आठ मार्च को मनाया जाएगा। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा, होली के त्योहार के दिन यानी आठ मार्च को रैपिड मेट्रो एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन सहित दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर दोपहर 2:30 बजे शुरू होंगी। उसके बाद सामान्य रूप से जारी रहेंगी। मेट्रो फीडर बस सेवाएं भी पूर्ववत शुरू हो जाएंगी। राजधानी में डीटीसी बसें भी दोपहर तक कम ही चलेंगी। हालांकि ऑटो और टैक्सी पर किसी तरह की पाबंदी नहीं रहेगी। इनकी सवाएं पहले की तरह उपलब्ध होंगी।

## नगर निगम में केजरीवाल की 10 गारंटी जल्द होंगी लागू : महापौर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● एमसीडी के स्कूल, अस्पताल, पार्क, सड़क, कूड़े के पहाड़ को खत्म करने पर होगा काम

आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम केजरीवाल की 10 गारंटी पर काम करना जल्द शुरू करेगी। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने सोमवार को वार्ड 55 और 66 का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि एमसीडी में लंबे समय से कोई काम नहीं हुआ है। अब एमसीडी में भी केजरीवाल मॉडल को लाएंगे। स्कूलों में प्रिंसिपल, गार्ड, आया, हाउस कीपिंग का न होना और अध्यापकों का एडमिन कार्य करना बड़ी चिंता का विषय है। इससे पता चलता है कि एमसीडी में लंबे समय से कोई काम नहीं हुआ है। एमसीडी का हैदरपुर स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल एशिया का कभी सबसे बड़ा अस्पताल होता था, लेकिन आज इसकी हालत बहुत ही खस्ता है। अब तेजी से एमसीडी के स्कूल, अस्पताल, पार्क, सड़क, कूड़े को खत्म करने पर काम किया जाएगा। आम आदमी पार्टी की तरफ से की गई 10 गारंटी को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

## भाजपा ने जलाई आप के भ्रष्टाचार की होली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भाजपा ने आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन पर लगे भ्रष्टाचार के मामलों को जनता तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग जगहों पर भ्रष्टाचार की होली जलायी।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अगुवाई में सभी 70 विधानसभाओं में शराब घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार का होलिका दहन किया गया। कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में सचदेवा के साथ नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन का पुतला जलाकर दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार का होलिका दहन किया।

इस मौके पर वीरेन्द्र सचदेवा ने सभी को याद दिलाते हुए कहा कि जब भी चुनाव की घोषणा होती है तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हनुमान मंदिर से आशीर्वाद लेते हैं इसलिए यहां से यह साफ संदेश केजरीवाल को है कि जहां से उन्होंने शुरु किया था। वह उनकी राजनीति को खत्म करने का संकल्प लेते हैं।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल से विधानसभा में उनसे शराब नीति लागू नहीं करने की बात कही थी लेकिन उन्होंने नई शराब नीति लागू कर दी पुरानी शराब नीति के अंतर्गत हर साल 20 हजार करोड़ की शराब बेची जाती थी और दिल्ली सरकार के खाते में 6 हजार करोड़ रुपये आते थे।

## पूर्व डिप्टी सीएम सिसोदिया पर लगे आरोप गंभीर, जांच हो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● चौधरी अनिल कुमार ने कहा, शराब घोटाले में पूर्व मंत्री की है मुख्य भूमिका

राउज एवेन्यू कोर्ट के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने पर कांग्रेस ने सिसोदिया पर निशाना साधा है।

पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सिसोदिया पर लगे आरोप बहुत गंभीर हैं और इसकी जांच होनी चाहिए। इस मामले को लेकर कांग्रेस के रुख में किसी तरह की भ्रम की स्थिति नहीं है और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर उसका रुख बिल्कुल स्पष्ट है। सुप्रिया ने पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया के मामले को लेकर पूछे गए एक सलाव के जवाब में कहा कि वह बिल्कुल भी असमंजस में नहीं है।

इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि सीबीआई द्वारा रिमांड नहीं बढ़ाने पर शराब घोटाले में मुख्य आरोपी मनीष सिसोदिया अब पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन के साथ तिहाड़ में रहेंगे।

## पहलवान सुशील कुमार को चार दिन की अंतरिम जमानत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मानवीय आधार मिली राहत

अदालत ने कुश्ती खिलाड़ी सागर धनखड़ की हत्या मामले के मुख्य आरोपी ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार को सोमवार को मानवीय आधार पर उनके पिता के अंतिम संस्कार के लिए चार दिन की अंतरिम जमानत दी। कुमार दो जून, 2021 से न्यायिक हिरासत में हैं।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शिवाजी आनंद ने कहा, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि आरोपी के पिता का कल निधन हो गया था और उनका अंतिम संस्कार आज ही किया जाना है, ऐसे में मानवीय आधार पर आवेदक या आरोपी को 6-9 मार्च तक एक लाख रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत पर अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए।

## अतिथि शिक्षकों की भर्ती में अनियमितता नहीं मिली : मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● शिक्षा मंत्री राज कुमार आनंद का दावा, एलजी के आदेश पर हुई जांच में कोई फर्जी गेस्ट टीचर नहीं मिला

केजरीवाल सरकार के शिक्षा मंत्री राज कुमार आनंद ने सोमवार को कहा कि उपराज्यपाल के आदेश पर हुई जांच में दिल्ली सरकार के विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्तियों में कोई अनियमितता सामने नहीं आई।

मंत्री ने कहा कि जांच रिपोर्ट के अनुसार, कोई कागजी (गोस्ट) शिक्षक नहीं है तथा केवल 109 अतिथि शिक्षकों के दस्तावेज अधूरे थे। कागजी शिक्षक (गोस्ट टीचर) ऐसे शिक्षक होते हैं, जो सिर्फ कागजों पर मौजूद होते हैं और वेतन लेते हैं। उपराज्यपाल कार्यालय से इस बयान पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सितंबर, 2022 में उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं तथा कागजी शिक्षकों के वेतन के नाम पर धन के गबन की आंतरिक जांच के आदेश दिए थे। आनंद ने कहा, उपराज्यपाल की जांच रिपोर्ट में दिल्ली सरकार के विद्यालयों में कागजी शिक्षक जैसा कुछ नहीं पाया गया। हर शिक्षक समय से विद्यालय आ रहा है और प्रतिदिन बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करा रहा है। केवल 109 अतिथि शिक्षकों के दस्तावेज अधूरे थे और उन्हें इस बात की जानकारी दे दी गई है। इस रिपोर्ट में कागजी शिक्षकों के वेतन भुगतान में धन के गबन का जिक्र नहीं है।

उन्होंने कहा, शिक्षकों को उपराज्यपाल द्वारा कागजी शिक्षक करार देना इस नेक पेशे में कार्यरत लोगों का अपमान है। यह हमारे ईमानदार प्रशासन का भी अपमान है। दिल्ली सरकार के विद्यालयों में करीब 16,609 अतिथि शिक्षक हैं। उनके सारे दस्तावेजों की जांच की गई और वे ठीक पाए गए।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, किसी को ऐसी फर्जी जांच का आदेश देकर तथा हर काम में टांग अड़ाकर क्या मिलता है। आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा, भ्रष्टाचार और धन की हेराफेरी का आरोप लगाते हुए उपराज्यपाल ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति बनाई थी। दरअसल वे अतिथि शिक्षकों को सेवा में रखने की परिपाटी को खत्म करने की कोशिश कर रहे थे। यह बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है।

उपराज्यपाल कोई नेता नहीं हैं, उनके कार्यालय को इस मुद्दे पर माफी मांगनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने सोमवार को उच्च न्यायालय के स्थाई न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने न्यायमूर्ति अमित शर्मा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों और वकीलों की उपस्थिति में न्यायाधीशों के लाउंज में हुआ। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 15 फरवरी को सिफारिश की थी कि न्यायमूर्ति अमित शर्मा को उच्च न्यायालय का स्थाई न्यायाधीश बनाया जाए। केंद्र सरकार ने तीन मार्च को उनकी नियुक्ति को अधिसूचित किया था। उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के 60 पद स्वीकृत हैं, जिनके सापेक्ष दस महिला न्यायाधीश सहित कुल 45 न्यायाधीश कार्यरत हैं।



जामिया नगर में यूनानी चिकित्सा शिविर में मरीज को देखते चिकित्सक।

### जामिया नगर में यूनानी चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के तत्वावधान में नई दिल्ली के जामिया नगर में बटला हाउस चौक स्थित शिफा यूनानी दवाखाना में 67वां नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मरीजों की जांच के साथ निशुल्क दवा भी दिया गया। शिविर में डॉ. सैयद अहमद खान के अलावा डॉ. हबीबुल्लाह (सीएमओ, तिहाड़ जेल), डॉ. इमरान शेख, डॉ. मोहम्मद अरशद गयास, डॉ. सगीर अहमद सिद्दीकी, डॉ. इमरान सिद्दीकी, डॉ. आयशा खान, डॉ. बदरुल इस्लाम कैरानवी, हकीम अताउर्रहमान अजमली, हकीम नईम रजा, हकीम आफताब आलम और असरार अहमद उज्जैनी आदि ने अपनी सेवाएं दीं। शिफा यूनानी दवाखाना के प्रबंधक सईदुल जफर ने सभी को धन्यवाद दिया।

### लाइनमैन दिवस ने राष्ट्रीय मुहिम का लिया रूप

**नई दिल्ली।** पावर सैक्टर में टाटा पावर डीडीएल ने अनूठी पहल शुरू की है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के तत्वाधान की गई इस पहल के अंतर्गत देशभर के 20 से अधिक डिसकॉम्स के 100 से ज्यादा लाइनमैन्स को सम्मानित किया गया। टाटा पावर ने गत शनिवार को लाइनमैन दिवस के तीसरे संस्करण का आयोजन किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के वरिष्ठ सदस्य अशोक कुमार राजपूत, सदस्य पावर सस्टिम, विवेक गोयल, मुख्य अभियंता, और उपेंद्र कुमार, मुख्य विद्युत निरीक्षक के अलावा श्री श्रीकुमार नहलुर मौजूद थे।

### उत्तर रेलवे ने धूमधाम से मनाया महिला दिवस

**नई दिल्ली।** विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को राष्ट्रीय रेल संग्राहालय, चाणक्यपुरी, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल मुख्य अतिथि थे और उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शिखा गंगल विशिष्ट अतिथि थीं।

### स्कूटर-बाइक की टक्कर में व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर इलाके में एक स्कूटर और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में स्कूटर सवार 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। यह हादसा मिलाप मार्केट में रविवार रात करीब 10 बजकर 15 मिनट पर हुआ। पुलिस उपायुक्त घनश्याम बंसल ने बताया कि हादसे में हरी नगर निवासी पुलकित चावला घायल हो गया और उसे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## मेट्रो संपत्ति कुर्की से बचाने को पुनर्विचार के निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दिल्ली मेट्रो को जीवन रेखा बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे मेट्रो रेलवे अधिनियम के प्रावधानों पर पुनर्विचार करें। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मेट्रो की कोई भी संपत्ति या बैंक खाता कभी भी कुर्क न हो सके। यह टिप्पणी हाईकोर्ट में तीन मार्च को आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से दायर हलफनामे के साथ संलग्न दस्तावेज में पुरी द्वारा की गई थी।

हरदीप सिंह पुरी दिल्ली मेट्रो की संपत्तियों को कुर्क करने की अनुमति देने से इनकार करते हुए कहा कि यह दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की जीवन रेखा बन गई है।

## निक्की हत्याकांड: छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

निक्की यादव की हत्या करने एवं उसके शव को फ्रिज में रखने के आरोपी साहिल गहलोत की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिन के लिए सोमवार को बढ़ा दी।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट समीक्षा गुप्ता की अदालत ने मामले के अन्य पांच सह-आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 14 दिन के लिए बढ़ा दी। इससे पहले अदालत ने 22 फरवरी को साहिल गहलोत को 12 दिन और पांच अन्य सह-आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

साहिल गहलोत ने यादव की कथित तौर पर हत्या करने के बाद उसके शव को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली स्थित अपने ढाबे के एक रेफ्रिजरेटर के अंदर रख दिया था और वह एक अन्य युवती से शादी करने चला गया था। इस घटना का खुलासा अपराध के चार दिन बाद 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन डे को हुआ था। गहलोत को 14 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। इसके तीन दिन बाद उसके पिता वीरेंद्र सिंह, उसके रिश्ते के दो भाइयों नवीन एवं आशीष और मित्र लोकेश व अमर को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में गहलोत ने बताया था कि दोनों की शादी 2020 में हो चुकी थी।

## हैदराबाद के सीए बुचिबाबू गोरांतला को जमानत

**नई दिल्ली।** अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में हैदराबाद के चार्टर्ड अकाउंटेंट बुचिबाबू गोरांतला को सोमवार को जमानत दे दी। गोरांतला भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान परिषद सदस्य के. कविता के पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट बताए जाते हैं। कविता, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी हैं।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया को भी इस मामले में 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेजने वाले विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने गोरांतला को पासपोर्ट जमा करने और सबूतों से छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित नहीं करने का निर्देश दिया।

## दावा : आयुर्वेदिक दवा नीरी केएफटी कर सकती है किडनी को रोगमुक्त

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● जामिया हमदर्द के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के शोधकर्ताओं ने दी जानकारी

भारतीय पारंपरिक आयुर्वेद का एक फॉर्मूला नीरी केएफटी गुर्दे (किडनी) की शिथिलता का कारण बनने वाले छह जीन स्वरूपों को नियंत्रित करने में प्रभावी पाया गया है। विश्व गुर्दा दिवस (नौ मार्च) से पहले किए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने यह बात कही है।

जामिया हमदर्द के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के शोधकर्ताओं ने पहली बार इन-सिलिको, इन-विट्रो और इन-विवो दृष्टिकोणों का उपयोग करके गुर्दे की शिथिलता से संबंधित जीन स्वरूपों के खिलाफ दवा के नेफ्रोप्रोटेक्टिव प्रभाव की जांच करने के लिए एक परीक्षण किया और सभी वर्गों में उत्साहजनक परिणाम सामने आए। एमिल फार्मास्युटिकल के कार्यकारी निदेशक डा. संचित शर्मा ने कहा कि गहन वैज्ञानिक अनुसंधान के बाद पुनर्नवा, गोखरू, वरुण, कासनी, मकोय, पलाश तथा गिलोय समेत 19 जड़ी-बूटियों के अर्क से नीरी केएफटी का निर्माण किया गया।

# होली का उल्लास बनाए रखने को सेहत का रखें खास ख्याल

## पारंपरिक रंगों के त्योहार में रोमांच का स्तर बन जाता है कई बार खतरे का कारण, सुरक्षित रहें व वायरल संक्रमण से बचें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

त्योहार जीवन में कई रंग भरते हैं। होली तो खुद रंगों का त्योहार है। इसमें उल्लास ऐसा होता है कि आप सारे दुख-दर्द भूलकर बस इस त्योहार की मस्ती में डूब जाना चाहते हैं। इतनी आपाधापी भरी जिंदगी में अपनों से मिलने-जुलने का मौका मिले तो इससे अच्छी बात क्या होगी।

अनचाहे तनाव से निजात मिलता है और मन बाग बाग हो जाता है। हालांकि इस त्योहार में उत्साह व रोमांच का स्तर ऐसा रहता है कि कई बार यह खतरनाक रूप ले सकता है। रंगों के कारण किसी को त्वचा या आंख से जुड़ी परेशानी आ जाए, तो रंग में भंग पड़ जाता है। कई बार चोट लग जाती है तो कुछ लोगों को वायरल संक्रमण हो जाता है। इसलिए त्योहार की खुशी और बढ़ जाएगी, यदि आप अपनी सुरक्षा का भी खास ध्यान रखें। इस त्योहार की यादें बाद तक बनी रहें।

### रंग खेलने से पहले करें तैयारी

होली खेलने से पहले पूरी तैयारी कर लेनी चाहिए ताकि बाद में अफसोस न रहे। जैसे त्वचा को माइश्चराइज करना यानी नमी बनाकर रखना बहुत जरूरी होता है। दरअसल, सूखी त्वचा पर चढ़े रंग आसानी से नहीं उतरते। साथ ही ये रंग इतने जिद्दी भी होते हैं कि इन्हें हटाने में त्वचा पर रैशेज आ सकते हैं। आंखों में रंग या गुलाल न जाने पाए, इसके लिए आप चश्मे का प्रयोग कर सकते हैं। किसी भी तरह के मरीज खानपान में सतर्कता रखनी है।

### कृत्रिम रंगों में होता है खतरनाक रसायन

कृत्रिम रंगों में ब्रोमाइड के अलावा क्रोमियम, कापर सल्फेट, आयरन सल्फाइड, जिंक, निकिल, ब्लैक लेड, आक्साइड, क्रोमियम आयोडाइड, सिल्वर एल्युमिनियम ब्रोमाइड, मर्करी सल्फेट, टाइटेनियम, कोबाल्ट, कोबाल्ट अमोनिया, कापर सहित कई हानिकारक तत्व और धातु मिले होते हैं।

## मेट्रो स्टेशन की दीवार पर उकेरीं कलाकृतियां

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महिलाओं ने द्वारका सेक्टर-14 मेट्रो स्टेशन की दीवार पर भित्ति चित्र उकेरा है। यह भित्ति चित्र इस बात का परिचायक है कि दिल्ली-एनसीआर किस प्रकार 'महिलाओं का महानगर' प्रतीत होता है, जहां महिलाएं स्वतंत्र और निडर होकर शहर में घूम सकती हैं।

दिल्ली की विभिन्न आयु वर्गों की मस्त-मौला महिलाएं सार्वजनिक जीवन में अपनी पैठ बना रही हैं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक विकास कुमार तथा दिल्ली मेट्रो की प्रथम महिला डॉ. शालिनी सिंह ने देशभर से आई महिला कलाकारों द्वारा बनाए इस भित्ति चित्र का उद्घाटन किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजनों की श्रृंखला के रूप में डीएमआरसी द्वारा आयोजन किया गया है, जिसमें शहरी महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम करने वाली एक गैर-लाभकारी संस्था, वेदिका फाउंडेशन के सहयोग से कला कृतियों को बनाया गया है।

# फार्मर-इन्वेस्टर फ्रेंडली प्रदेश है हरियाणा : कृषि मंत्री



गुरुग्राम में जौ उत्पादक दिवस के चौथे संस्करण पर किसान मीट में कृषि यंत्रों का अवलोकन करते कृषि मंत्री जेपी दलाल।



गुरुग्राम में जौ उत्पादक दिवस के चौथे संस्करण पर किसान मीट में बोलते कृषि मंत्री जेपी दलाल।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

### जयप्रकाश दलाल ने जौ उत्पादक दिवस के चौथे संस्करण पर हुई किसान मीट में की शिरकत

**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि से जुड़ी अपनी बेहतर नीतियों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने व उनके उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज हरियाणा प्रदेश फार्मर-इन्वेस्टर फ्रेंडली स्टेट है। जिसमें किसानों के हितों को सुरक्षित रखते हुए निरंतर बढ़ते निवेशकों की सुविधा के लिए सरकारी अप्रूवल से जुड़े कार्यों को सिंगल विंडो सिस्टम जैसी व्यवस्था से पूरा किया जा रहा है। ये बातें उन्होंने सोमवार को फरूखनगर खंड के डाबोधा गांव में एबी इनबेव इंडिया द्वारा जौ उत्पादक दिवस के चौथे संस्करण पर किसान मीट में कहीं।

कृषिमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के किसानों को वैश्विक स्तर का बाजार उपलब्ध कराने के लिए सोनीपत जिले के गन्नौर में देश व एशिया की सबसे बड़ी सब्जी एवं फल मंडी बनने जा रही है। जोकि पेरिस व हॉलैंड की वैश्विक स्तर की मंडी से बेहतर होगी। इस मंडी से पैकेजिंग व प्रोसेसिंग के माध्यम से किसानों का माल एक्सपोर्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मंडी के माध्यम से हरियाणा सरकार ने करीब 40 से 50 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने का लक्ष्य रखा है। जिसका प्रदेश के किसानों को सीधा लाभ मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर आज हरियाणा तथा देश में कृषि क्षेत्र में बदलाव का दौर जारी है। किसानों की इच्छा तथा उनके सुझावों के आधार पर किसानों के उत्थान के लिए बेहतर नीतियों का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नीति निदेज़्शन के चलते किसानों की खेती पूर्णतः जोखिम मुक्त है। वहीं भविष्य में भी किसानों के हितों के लिए समयनुसार जिन योजनाओं की आवश्यकता होगी सरकार उनसे पीछे नही हटेगी। कृषि मंत्री ने कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग का जिक्र करते हुए कहा कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग किसान व कॉन्ट्रेक्टर दोनों के लिए लाभकारी है। इस फार्मिंग में किसान को अपनी फसल का भाव पहले से ही पता होता है। वहीं फसल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए कॉन्ट्रैक्टर द्वारा किसानों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध करवाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग में किसानों को जिस भी स्तर पर सरकार की सहायता की आवश्यकता है हरियाणा सरकार किसानों की हर संभव मदद करेगी।

कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश जब पंजाब से अलग हुआ था तब प्रदेश की तरक्की को लेकर काफी प्रश्नचिन्ह खड़े किए गए थे, लेकिन हरियाणावासियों की अथक मेहनत ने प्रदेश को एक नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की गिनती देश के विकसित राज्यों में हो रही है।

## ससुराल में बच्चों से मिलने आए व्यक्ति को साले ने डंडों से पीटा

**सोहना।** खंड के गांव महेन्द्रवाड़ा में अपने बच्चों से मिलने आए जीजा को साले ने पहले लात-घूसों धुन डाला। बाद में डंडे से जमकर धुनाई भी की। भोंडसी थाना पुलिस ने अस्पताल में दाखिल पटौदी निवासी जीजा की शिकायत पर साले के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पटौदी के वार्ड-2 के निवासी दुष्यंत ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि उसका पत्नी रिंकी से तलाक लेने का मामला गुरुग्राम की अदालत में चल रहा है।

शुक्रवार को उसकी अदालत में सुनवाई थी। जहा उसकी पत्नी रिंकी भी आई थी, लेकिन रिंकी इस बार बच्चों का साथ न लाकर अपने पिता के घर महेन्द्रवाड़ा में ही छोड़कर आ गई थी। शुक्रवार की शाम 5 बजे वह गुरुग्राम से महेन्द्रवाड़ा अपने बच्चों से मिलने के लिए पहुंचा। उसने दरवाजे पर खड़ा होकर अपने बच्चों को बाहर आने के लिए आवाजें लगाई। उसका साला रिंकू उर्फ साहिल बाहर निकलकर आया और रिंकू ने उसे लात घूसों से पिटना शुरू कर दिया। रिंकू उर्फ साहिल पिटने के दौरान घर के आंगन में पड़े डंडे को उठा लाया और उसके हाथ, पैर व कमर पर जोर-जोर से हमला करके पीटना शुरू कर दिया। उस समय उसकी पत्नी रिंकी भी यह नजारा अपने पिता के घर रहते हुए देख रही थी। जिसने उसे पिटता देख कोई तरस नहीं खाया। भोंडसी थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि पीड़ित दुष्यंत की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## वैचारिक प्रदूषण से मुक्त होकर एक-दूसरे को रंगों से करें सराबोर : यशपाल बतरा



गुरुग्राम की न्यू कॉलोनी में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे यशपाल बतरा, पूर्व पार्षद मधु बतरा व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

### कहा, परस्पर प्रेम एवं सौहार्द के साथ एक दूसरे को गले लगाने का पवित्र त्योहार

### सैकड़ों लोगों को भाजपा की नीतियों की जानकारी दी

**भाजपा** के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बतरा ने गुरुग्राम एवं प्रदेशवासियों को रंगों के महापर्व होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रंगों का यह महापर्व बैरभाव छोड़कर परस्पर प्रेम एवं सौहार्द के साथ एक दूसरे को गले लगाने का पवित्र त्योहार है। यह बात उन्होंने न्यू कॉलोनी में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

बीजेपी नेता यशपाल बतरा ने कहा कि होली ही एकमात्र ऐसा पर्व है, जिसमें लोग आपसी बैर-भाव को भूल कर और वैचारिक प्रदूषण से मुक्त होकर एक दूसरे को रंगों से सराबोर कर देते हैं। बतरा ने रंगभरी होली को भारतीय लोक संस्कृति को जीवंत करने वाला महापर्व बताते हुए कहा कि आज के भौतिकवादी युग में लोग अभाव एवं तनाव में जीने के लिए मजबूर हैं, लेकिन होली एक ऐसे उत्सव का साक्षी बनती है, जिसमें समरस समाज एवं सामाजिक सौहार्द की बानगी देखते ही बनती है। इस त्योहार पर ना जाति का बंधन, ना ही धर्म का भेदभाव, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर की दीवारें ध्वस्त हो जाती हैं। आगामी नगर निगम चुनाव में गुरुग्राम का हर वार्ड केसरिया रंग से रंग जाए इसके लिए लगभग दो महीनों से जनसंपर्क अभियान चला रहे बीजेपी नेता यशपाल बतरा ने समारोह में उपस्थित सैकड़ों लोगों को भाजपा की नीतियों की जानकारी दी।

इस मौके पर अदिति गांधी, अरुण पाराशर, गिरिराज आहूजा, सीपी गोसाईं, वीरेंद्र मदान, राकेश कुमार, राजेश अरोड़ा, वसीम सिद्दीकी, पुनीत कुमार, धर्मबीर आहूजा, पवन ढींगरा, योगेश पाहुजा, हरीश चुटानी, अनिल वर्मा, धीरज कपूर, हेमंत माकन, किरण कौशिक, संध्या मेहंदीरत्ता, प्रीति परिहार ने यशपाल बतरा का भव्य स्वागत किया।

## निवर्तमान पार्षद कपिल दुआ ने लांच किया सदैव भाजपा अभियान




गुरुग्राम में सदैव भाजपा अभियान लांच करते निवर्तमान पार्षद कपिल दुआ।

### शासन-प्रशासन को देंगे सामूहिक समस्याओं की जानकारी

### सुधार करने के लिए अधिकारियों की भी तय होगी जवाबदेही

**गुरुग्राम।** पूर्व पार्षद एवं अपने पिता शशि दुआ के साथ निवर्तमान पार्षद कपिल दुआ ने सोमवार को सदैव भाजपा अभियान की विधिवत शुरुआत करके गुरुग्राम की जनता से अपील की है कि वह सामुहिक मुद्दों, समस्याओं को उन तक पहुंचाएं। वे उन्हें शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर उनका निराकरण कराएंगे।

इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए कपिल दुआ ने कहा कि सदैव भाजपा अभियान को शुरु करने का मकसद यही है कि गुरुग्राम की जनता को भाजपा से जोड़कर उन्हें इस बात का भरोसा देना कि उनका भविष्य भाजपा के साथ मिलकर उज्जवल है। भाजपा ही उनकी समस्याओं को दूर कर सकती है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में पार्षदों ने बहुत सी समस्याओं को दूर किया है। वे मानते हैं कि बहुत से काम बाकी रह गए हैं। ऐसे कार्यों को वे अपनी टीम के साथ स्वयं भी देखेंगे और जनता की ओर से आने वाले सुझावों को भी प्रशासन और सरकार तक पहुंचाएंगे। इसके लिए उन्होंने मोबाइल नंबर-9999335533 भी जारी किया। इस नंबर पर कोई भी व्यक्ति कॉल करके सामूहिक समस्याओं की जानकारी दे सकता है। कपिल दुआ ने कहा कि गुरुग्राम में सड़कों, यातायात समेत कई समस्याएं हैं। जिनका समाधान खोजा जा रहा है। आम जनता भी इसमें सुझाव दे सकती है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम को देश का स्वच्छ, सुंदर व सुरक्षित शहर बनाना उनका सपना है। इस सपने को पूरा करने में गुरुग्राम के एक-एक व्यक्ति का साथ चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान उनका व्यक्तिगत तौर पर है, लेकिन पार्टी की भी यही विचारधारा है कि हम सब एक होकर रहें। भाजपा का कुनबा और बढ़े। अधिक से अधिक सुविधाएं आमजन को मिलें।

## स्ट्रीट लाइट एजेंसी को फिर थमाया लापरवाही का नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

### दो माह में 1700 से 1800 ही स्ट्रीट लाइटें हो सकी हैं ठीक

### एजेंसी को अब तक किए गए कार्य का नहीं होगा भुगतान

**नगर** परिषद ने स्ट्रीट लाइट की मरम्मत करने वाली फॉरचून एजेंसी को कार्य में कोताही बरतने का दूसरी बार नोटिस थमाया। एजेंसी पर बार-बार शिकायत के बावजूद कार्य धीमी करती से करने का आरोप है। बीते करीब दो माह में 25 से 30 फीसदी ही स्ट्रीट लाइटें ठीक हुई है।

गुरुग्राम की फॉरचून एजेंसी ने एक जनवरी से 31 दिसम्बर 2023 तक नगर परिषद सीमा क्षेत्र की करीब 5500 स्ट्रीट व हाई मास्क लाइटों का जगमग रखने का ठेका लिया था। जिसके लिए नगर परिषद ने एक साल में 50 लाख रुपये का बजट पारित कर दिया था। फॉरचून एजेंसी ने 10 जनवरी से नगर परिषद सीमा क्षेत्र की खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने कवायद शुरू की थी। बीते करीब दो माह में 1700 से 1800 ही स्ट्रीट लाइटें ठीक हुई है। शहर से बाहर जाने वाले मार्ग नूंह, पुराना अलवर मार्ग, तावडू मार्ग, गुरुग्राम, दमदमा, पलवल, बालूदा और बेरका जाने वाले मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटें शामिल है। जबकि नगर परिषद के वार्ड एक के गांव मौहम्मदपुर गूर्जर से लेकर राम नगर की ढाणी और रायसीना तक लगी करीब 150 स्ट्रीट लाइटों को ठीक नहीं किया है।

**सदन में पार्षदों ने लगाया एजेंसी पर आरोप :** हाल ही में नगर परिषद की वर्ष 2023-24 की बजट पारित को लेकर बैठक हुई थी।

> **स्ट्रीट** को ठीक करने वाली फॉरचून एजेंसी को उनके कार्यकाल में एक नोटिस दिया था। एजेंसी को कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरतने की चेतावनी दी थी।
>
> **रीना देवी ( उपाध्यक्षा नप सोहना )**
>
> **स्ट्रीट** लाइट ठीक करने वाली एजेंसी को अब तक किए गए कार्य का भुगतान नहीं किया जाएगा। यदि एजेंसी सही कार्य करती है तो रखा जाएगा। एजेंसी को दूसरी बार कार्य में कोताही बरतने का नोटिस दिया जा रहा है।
>
> **अंजू देवी ( चेयरपर्सन नप सोहना )**

## संक्षिप्त समाचार

### होली पर इको फ्रेंडली कलर का इस्तेमाल करें लोग



**गुरुग्राम।** डीसी निशांत कुमार यादव ने जिला वासियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली के पावन पर्व पर सभी जिलावासी पानी की बचत करने का संकल्प लेकर प्रेम और सौहार्द के इस त्यौहार इको फ्रेंडली तरीके से मनाए। होली खेलते हुए इस प्रकार के कलर का इस्तेमाल करें जो इको फ्रेंडली हो। इस दौरान किसी भी प्रकार की कॉस्मेटिक चीजों का इस्तेमाल बिल्कुल ना करें। उन्होंने यह बात होली की पूर्व संध्या पर जिलावासियों के नाम जारी शुभकामना संदेश में कही। डीसी ने कहा कि जल संरक्षण हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में जल संरक्षण को अपनी दैनिक आदत बनाएं। होली पर पानी का संरक्षण करने के साथ-साथ प्रतिदिन व्यर्थ बहने वाले पानी के संरक्षण के बारे में भी सोचना जरूरी है। ऐसे में होली के अवसर पर बहुत पानी व्यर्थ हो जाता है। उन्होंने कहा कि होली अगर गुलाल का तिलक लगाकर मनाई जाए तो न केवल पानी की बचत होगी, बल्कि रसायनिक रंगों के त्वचा पर होने वाले दुष्प्रभाव से भी बचा जा सकता है। डीसी ने कहा कि होली का त्योहार असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। जिस प्रकार से इस त्यौहार में होलिका रूपी बुराई को जलाकर सत्य की विजय हुई थी। ठीक उसी प्रकार से इस होली का दहन में आइए हम सभी अपने भीतर की बुराइयों का भी दहन करें और अपना बेहतरीन व्यक्तित्व विकसित करें। उन्होंने जिलावासियों से इस अवसर पर किसी भी प्रकार की अनुशासनहीन गतिविधियों में खुद को शामिल ना करने की अपील करते हुए कहा कि यह त्यौहार सामाजिक समरसता को बढ़ाने वाला त्यौहार है ऐसे में कोशिश करें कि होली के उत्साह में किसी भी प्रकार से कानून का उल्लंघन ना हो।

### समर्थनम ट्रस्ट दिव्यांग विद्यार्थियों को बना रहा है सशक्त



**गुरुगाम।** भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य एवं पूर्व सांसद डा. सुधा यादव ने कहा कि समर्थनम इंटरनेशनल भारत दिव्यांग और वंचित लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अहम भूमिका निभा रहा है। समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 4000 छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। सोमवार को ट्रस्ट के प्रतिनिधि डा. सुधा यादव के निवास पर पहुंची और गुरुग्राम की 25 छात्राओं को छात्रवृत्ति दी। इस अवसर पर समर्थनम इंटरनेशनल के क्षेत्रीय निदेशक शैलेंद्र यादव भी उपस्थित थे। डा. सुधा यादव ने समर्थनम इंटरनेशनल के तहत सभी गतिविधियों और कार्यक्रम विशेष रूप से छात्रों और उनके परिवारों को छात्रवृत्ति के मामले में प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ की सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में ऐसे अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, जिससे दृष्टिबाधित एवं गरीब छात्राओं को अधिक से अधिक लाभ मिल सके और वे सशक्त बन सकें। सुधा यादव ने कहा कि समर्थनम इंटरनेशनल भारत दृष्टिबाधित, विकलांग और वंचित लोगों को सशक्त बनाने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दिव्यांगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवास, पौष्टिक भोजन, व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार आधारित पुनर्वास प्रदान करके और व्यक्तिगत स्वतंत्रता द्वारा सक्षम बना रहा है। खुद दृष्टिबाधित शैलेंद्र यादव ने अपने अनुभवों को व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के आधार पर व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी को अपनी कमजोरी को मजबूती बनाना चाहिए।

### विश्व महिला दिवस : सशक्तिकरण के रूप में मनाते हुए केक काटा

**सोहना।** महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग ने ओम शांति धार्मिक संस्था के साथ मिलकर विश्व महिला दिवस को महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाया। इस अवसर पर केक काटकर सभी मौजूद महिलाओं को खिलाया गया। उन्हें अपने अधिकारियों की जानकारी दी। शहर के वार्ड-16 के ठाकुरवाड़ा मोहल्ले में महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग ने ओम शांति धार्मिक संस्था के साथ मिलकर विश्व महिला दिवस मनाते हुए महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दी। महिलाएं जुल्म सहन न करें और अपने अधिकारों की लड़ाई लडने में पीछे न रहें। इस अवसर पर ओम शांति संस्था की तरफ से केक लाकर काटा गया। जिसमें मुख्य वक्ता संस्था की तरफ से विक्रम सिंह थे। जबकि महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग की तरफ से सुपरवाइजर रेखा सोनी, सरोज बाला और अनिता मौजूद थी। इनके अलावा सोहना के सभी केन्द्रों से आई आगंनबाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद थी। कार्यक्रम के बाद सुपरवाइजर रेखा सोनी ने बताया कि महिलाओं को उनके अधिकार और जुल्म की दुनिया से बाहर निकलने का संदेश दिया, क्योंकि आज की शिक्षित महिलाएं कानून और अपने अधिकार जानती है। इसलिए जुल्म किस लिए सहन किया जाए। महिलाओं को बताया कि महिला को अच्छे संस्कार वाले परिवार में लक्ष्मी के रुप में सम्मान दिया जाता है। महिलाएं जुल्म के प्रति दुर्गा बनकर जुल्म करने वालों को सबक सिखाने का कार्य करे।

## आरजीसीआई के योग महोत्सव को मिली शानदार प्रतिक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**भारत** सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआई), दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय योग एवं ध्यान कार्यक्रम को चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और मरीजों से शानदार सराहना प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए आसन, प्राणायाम, मुद्रा और ध्यान का उत्कृष्ट अनुभव हुआ।

आरजीसीआई के सीईओ डीएस नेगी ने कहा, 'संस्कृति मंत्रालय के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए आरजीसीआई ने पूरे समर्पण के साथ योग महोत्सव का आयोजन किया। कैंसर अस्पताल में काम करना चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के लिए बहुत तनावभरा अनुभव होता है। ऐसे में मन को शांत रखने में योग एवं ध्यान जैसी गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यतः वरिष्ठ चिकित्सकों ने इस योग महोत्सव में बहुत रुचि दिखाई है और हम भविष्य में ऐसे और भी सत्र आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।'अलग-अलग दिनों में आर्टेमिस के डॉ. राहुल मेहरोत्रा, डीयू एवं डीटीयू की



फैकल्टी मीनू खुराना, आशलोक हॉस्पिटल के सीनियर फिजिशियन डॉ. एपी तोमर, आईआरएएस ऑफिसर श्री संजय उपरेती और योग अध्यापिका श्रीमती श्वेता चंद्रा ने सत्र का संचालन किया। पहले दिन एंजाइटी, अवसाद, हाई बीपी, कैंसर और लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों पर विशेष रूप से फोकस करते हुए कुर्सी पर बैठकर किए जा सकने वाले योग, प्राणायाम, मुद्रा और ध्यान का अभ्यास कराया गया। दूसरे दिन मोटापे और डायबिटीज पर फोकस करते हुए इन बीमारियों पर प्रभावी आसनों का अभ्यास किया गया। तीसरे दिन अच्छी नींद और संक्रमण से बचाव पर फोकस रहा। कार्यक्रम में ऐसे आसनों का अभ्यास कराया गया।

## जिम का ताला तोड़ हजारों रुपये का सामान हुआ चोरी

**सोहना।** सोहना सदर थाना क्षेत्र में दौला चौक के निकट बनी जिम का रात के अंधेरे में ताला तोड़ दिया। चोरों ने 60 से 70 हजार रुपये सामान चोरी। पुलिस ने जीम मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

गांव अभयपुर निवासी जोगिन्द्र ने पुलिस को बताया कि दौला चौक से गांव गढ़ी बाजीदपुर जाने वाले मार्ग के निकारे पर उसने जिम खोली हुई है। उसने शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे जिम को रोजाना की तरह से ताला लगाकर बंद किया था। रविवार की सुबह जिम पर गया तो ताले टूटे हुए थे। जिम के अंदर का सामान बिखरा हुआ पड़ा था। उसके परखने पर पाया कि इर्न्वटर, बैटरी, प्लेट रोड, डम्बल और अन्य कीमती सामान गायब था।

## तैमूरपुर के पूर्व सरपंच ने कराया जुड़वां बेटा-बेटी के जन्म पर कुआं पूजन

**प्रवीन शर्मा। रोहतक**

### जुड़वा बच्चों के पहले जन्मदिन पर कुआं पूजन करके समाज को दिया सकारात्मक संदेश

### इससे पहले भी परिवार में बेटियों के जन्म पर किए हैं कुआं पूजन

**अपनी** शादी में आठवें वचन के रूप में बेटी बचाने का संकल्प लेने वाले तैमूरपुर (जेठपुर) गांव के तत्कालीन सरपंच विनोद कुमार मेहरा ने अब अपने जुड़वां बच्चों (बेटा-बेटी) का कुआं पूजन कराकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया है। परिवार में बेटियों के जन्म पर कुआं पूजन की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने एक बार फिर से यह आयोजन कर बेटियों को सम्मान देने की अपनी सोच को और बड़ा किया है।

तैमूरपुर गांव के पूर्व सरपंच दंपत्ति विनोद कुमार मेहरा एवं सरपंच प्रत्याशी रहीं सुनीता देवी के यहां जुड़वां बच्चे पैदा हुए, जिसमें एक बेटा व एक बेटी है। दोनों बच्चों के जन्म से परिवार में खुशी फैली। इस खुशी को समाज के साथ साझा करने के लिए पूर्व सरपंच विनोद कुमार मेहरा व परिवार ने बेटा व बेटी का कुआं पूजन करके समाज को जागृत करने का बीड़ा उठाया। हालांकि इससे पहले भी परिवार में बेटियां पैदा होने पर खुशियां मनाई गई हैं। इस बार भी कुआं पूजन कार्यक्रम में नाचते हुए खुशियां मनाई गई। बाकायदा ग्रामीणों, रिश्तेदारों को आमंत्रित करके प्रीतिभोज कराया गया।

भगवान की आराधना, बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद से और राजनीतिक, सामाजिक लोगों ने इस कुआं पूजन कार्यक्रम में शिरकत करके इस आयोजन को सराहा। उन्होंने लोगों से भी यह अपील की है कि हमें बेटियों को सम्मान देने के लिए घर और बाहर दोनों जगह एक जैसा होना चाहिए। हमें हर बेटी को उचित सम्मान देकर समाज में अच्छे उदाहरण पेश करने चाहिए।



रोहतक जिला के गांव तैमूरपुर में जुड़वां बेटा-बेटी के जन्म पर कुआं पूजन करने जाती महिलाएं।

कुआं पूजन समारोह में पहुंचे मार्केट कमेटी रोहतक के सचिव देवेंद्र कुमार ढुल, पूर्व सरपंच बिजेंद्र सिंह बल्लब, पूर्व सरपंच नरेश कुमार मसूदपुर, पूर्व सरपंच जयराज माड़ौदी जाटान, पूर्व सरपंच अमित कादयान काहनौर, पूर्व जिला पार्षद डा. राजेंद्र कुमार, जिला परिषद पार्षद प्रतिनिधि डा. बलबीर रंगा, वर्तमान ब्लॉक समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच नीरज कुमार माड़ौदी रांगड़ान, लाहली से सरपंच प्रतिनिधि अशोक कुमार मल्होत्रा, शुगर मिल कमेटी मेंबर प्रवीन लाम्बा, गढ़ी गांव से पूर्व सरपंच प्रतिनिधि श्रीभगवान, समाजसेवी प्रदीप ककराना, समाजसेवी मास्टर रामबीर ककराना ने बेटा-बेटियों को एक समान समझकर सामाजिक सरोकारों के वाहक बने परिवार को बधाई दी। सभी ने इस परम्परा को सराहा। सर्व समाज से ऐसी परम्परा को आगे बढ़ाने की अपील भी की। पूर्व सरपंच विनोद कुमार मेहरा ने कहा कि बेटियों को सम्मान देना, उनको बेटों के बराबर समझना परिवार की परम्परा है।

पहले भी ऐसा होता आया है भविष्य में भी बेटियों को सम्मान देने की इस परम्परा का निर्वहन किया जाता रहेगा। गांव की बेटियों को शिक्षा और संस्कार देने के लिए वे पक्षधर हैं। निजी स्कूल में शिक्षक रह चुके विनोद कुमार का कहना है कि बेटियों को दान-दहेज ना दे सकें तो कोई बात नहीं, लेकिन उन्हें शिक्षा देकर इस लायक बना दें कि समाज उन पर गर्व करे। शिक्षित बेटियों, समाज, देश में बदलाव ला रही हैं।

# मरीज परेशान : न एमडीआर की दवा और न ही क्षयरोग चिकित्सक

कविता। फरीदाबाद

**शहर** के डॉट्स सेंटरों और क्षयरोग विभाग में एमडीआर टीबी की दवाईयां समाप्त होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विभाग के पास क्षयरोगियों की जांच के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर भी नहीं है। मरीजों बीके अस्पताल की ओपीडी में भेजा जाता है। वहां भी दो में से यदि एक अवकाश पर हो तो एक चिकित्सक को ओपीडी और भर्ती मरीजों को देखना पड़ता है। सोमवार को क्षयरोगी तीमारदारों संग दवा और चिकित्सक से जांच के लिए यहां से वहां चक्कर काटते हुए नजर आए।

### ऐसे में वर्ष 2025 तक देश कैसे हो पाएगा क्षयरोग से पूरी तरह मुक्त

**दवा नहीं है :** जिले के डॉट्स सेंटरों पर एमडीआर टीबी की दवा समाप्त हो गई है। कुछ सेंटरों पर दवा है, तो वह एक्सपाइरी है। सेंटरों से मरीजों को बीके अस्पताल में भेजा जा रहा है। सोमवार को पल्ला, सेहतपुर, बदरपुर बॉर्डर और मोहना तक के मरीजों का जमावड़ा बीके अस्पताल में लगा रहा। मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने उन्हें मंगलवार या फिर शुक्रवार तक दवाईयां आने की बात कही है।



क्षयरोग विभाग में चिकित्सक व दवाओं के बारे में पूछताछ करते मरीज।

**नहीं मिले चिकित्सक:** ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में क्षयरोग की पुष्टि के बाद मरीजों को बीके अस्पताल भेजा जा रहा है। बीके अस्पताल में सोमवार को ईएसआईसी और अन्य अस्पतालों से रेफर होकर आए क्षयरोगियों को चिकित्सक न होने की बात कहकर कार्ड नहीं बनाए गए। जिस कारण क्षयरोग विभाग में तीमारदार और मरीजों ने कर्मचारियों को अपनी व्यथा सुनाई। जिस पर स्वास्थ्य कर्मियों ने चिकित्सक से बात की तो पता चला कि चिकित्सक भर्ती मरीजों की जांच को लेकर राउंड पर है। ऐसे में क्षयरोगियों को चिकित्सक से दोपहर 12 बजे के बाद इलाज की सुविधाएं मिल सकी।

**केवल बीके से कार्ड:** क्षयरोग और एमडीआर के लिए केवल बीके से ही कार्ड बनाए जाते हैं, जिसके बाद क्षयरोगियों को दवा डिस्पेंसरी में मौजूद डॉट्स सेंटर से दवाईयां उपलब्ध होती है। लेकिन बीके सिविल अस्पताल में मरीजों के लिए स्पेशल चिकित्सक नहीं है। अस्पताल की ओपीडी में क्षयरोगियों की जांच दो ही चिकित्सक करते हैं। जिसमें यदि एक अवकाश पर हो तो दूसरे चिकित्सक को ओपीड़ी तथा भर्ती मरीजों को देखना होता है। भीड़ में क्षयरोगियों को अपनी दवाईयां लिखवानी होती है। जिससे उन्हें परेशानियां होती है। परेशान मरीजों व तीमारदारों ने कहा कि यहां अलग से चिकित्सक की व्यवस्था होनी चाहिए।

# शीतल हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन

### परिजनों ने पुलिस आयुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर किया रोष व्यक्त

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**यहां** के गांव भाखड़ी में गत 28 फरवरी को दहेज की भेंट चढ़ी शीतल के हत्यारे ससुराल वालों की आठ दिन बाद भी गिरफ्तारी न होने से मृतका के परिजनों में काफी रोष है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतका शीतल के परिजनों ने सोमवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय तक पैदल मार्च निकाल कर प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा।

मृतका के परिवार का आरोप है कि आठ दिन गुजर जाने के बावजूद इस मामले में पति के अलावा किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के ढीले रवैये से नाराज मृतका के परिजन और गांव वासियों ने अनखीर चौक से पुलिस कमिश्नर कार्यालय तक पैदल मार्च कर न्याय की मांग की। शीतल की 28 फरवरी को मौत हो गई थी। जिस पर मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। आरोप है कि शादी में हैसियत से अधिक पैसा लगाए जाने के बावजूद ससुराल वाले लगातार पैसे की मांग करते थे। इसी कारण से शीतल की हत्या कर दी गई। शीतल की शादी तीन साल पहले हुई थी। परिजन पचास लाख से ज्यादा रकम अलग-अलग समय पर ससुराल वालों को दे चुके थे, लेकिन इसके बावजूद वह लगातार पैसे की डिमांड कर रहे थे। आरोप है कि बेटी को जन्म देने के बाद ससुराल वालों के शीतल पर अत्याचार और बढ़ गए। इस बारे में कई बार पंचायत हुई। शीतल को ससुराल वाले घर ले गए और बाद में वहां से उसकी लाश ही आई। एक मार्च को उन्होंने ससुराल पक्ष के 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, लेकिन अभी तक केवल पति की ही गिरफ्तारी हो पाई है। पुलिस के ढीले रवैये को देखते हुए शीतल के परिजनों ने पैदल मार्च निकाल शीतल के हत्यारों की गिरफ्तारी के साथ-साथ उन्हें सख्त से सख्त सजा देने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की।



शीतल हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सड़कों पर उतरे लोग।

मौके पर मौजूद शीतल के भाई राजेन्द्र का कहना है कि अगर जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे कमिश्नर कार्यालय का घेराव कर अपना रोष व्यक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि मामले में नामजद अन्य दस लोग घटना के आठ दिन बीत जाने के बाद भी फरार चल रहे हैं। प्रदर्शन के बाद परिजनों आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग से संबंधित ज्ञापन पुलिस कमिश्नर को सौंपा। जिस पर पुलिस कमिश्नर ने उन्हें इस मामले में निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच चल रही है। जल्दी ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले 80 वाहन चालकों के काटे चालान

### पुलिस ने 1200 से अधिक वाहनों की चेकिंग करके की निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** ट्रैफिक नीतिस अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 80 वाहन चालकों का चालान किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि रोड सेफ्टी को देखते हुए आज डीसीपी ट्रैफिक के दिशा निर्देशों पर यातायात पुलिस टीम ने रॉन्ग साइड, ड्रिंक एंड ड्राइव व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का चालान करते हुए नियमों को पालन करने की सलाह दी है। इसमें आज ट्रैफिक पुलिस ने करीब 1200 वाहनों को चेक किया। जिसमें ड्रिंक कैन ड्राइव के 20 चालान 38 वाहन को इंपाउंड किया गया है तथा 22 वाहन चालकों की आरसी,ब्लॉक की गई है। आगे भी लगातार फरीदाबाद पुलिस यातायात नियमों को देखते हुए चेकिंग अभियान चलाती रहेगी। फरीदाबाद पुलिस लोगों से यातायात नियम पालन करने का आग्रह करती है। यातायात नियम पालन न करने वालों के खिलाफ फरीदाबाद में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं जिनका पोस्टल चालान स्वत ही घर पर पहुंच जाता है। इसलिए आप लोग वाहन चलाते समय रोड पर यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। यातायात पुलिस द्वारा समय-समय पर लोगों में यातायात को लेकर जागरूकता लाने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। साथ ही नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के चालान पोस्टल और सीसीटीवी कैमरे के द्वारा किए जाते हैं।


चालान काटते पुलिसकर्मी।

# हुड़दंगबाजी करने वालों के खिलाफ की जाएगी सख्त कानूनी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**इस** वर्ष 8 मार्च को होली के अवसर पर लोगों से हुड़दंग न करने व त्योहार को शांतिपूर्वक तरीके से मनाए। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के द्वारा असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए है।

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने कहा कि इस शुभ अवसर पर नागरिकों, फरीदाबाद पुलिस के समस्त अधिकारियों व जवानों सहित उनके परिवारों को अग्रिम शुभकामनाएं दी। कहा कि यह त्योहार लोगों की धार्मिक आस्था का प्रतीक है और सभी नागरिक इसे उत्साहपूर्वक मानते हैं। नागरिक इन त्योहारों को भारी उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे। पिछली बार की तरह इस बार भी सभी को अपनी सुरक्षा को लेकर ज्यादा एहतियात बरतने की जरूरत है ताकि यह पर्व सभी के लिए खुशियों से भरा हो और सभी कोरोना संक्रमण से भी बचे रहें। फील्ड में तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष निर्देश जारी करते हुए कहा कि वे होली के अवसर पर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्क रहें। पुलिस आयुक्त ने उम्मीद जताई कि होली के अवसर पर कुछ उपद्रवी लोग भांग या शराब के नशे में धुत होकर वाहनों पर सवार हो जाते हैं और तेज गति से सड़कों पर वाहन दौड़ाते हैं जिसके परिणामस्वरूप गंभीर दुर्घटनाएं घटित होती हैं। इन दुर्घटनाओं में वाहन चालक के साथ साथ अन्य लोगों को भी इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं।

# महिला आत्मरक्षा जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन

### 'विश्व महिला दिवस' पर निःशुल्क महिला आत्मरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-82** स्थित 'फ्यूज़न फिटनेस अकादमी' प्रशिक्षण केंद्र के संस्थापक कुमारी रक्षा सिंह, छवि कुमार श्रेष्ठा और कुमारी राखी सिंह के नेतृत्व में 'विश्व महिला दिवस' के अवसर पर नि:शुल्क महिला आत्मरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरी टीम के समर्थन के लिए राष्ट्रीय खिलाड़ी वरुण धीमन भी उपस्थित थे। फ्यूजन फिटनेस टीम ने बताया कि इस अवसर पर महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी आत्म सुरक्षा के गुण सीखे। साथ ही महिलाओं के लिए खास जुम्बा सेंशन का भी आयोजन किया गया। उन्होंने बताया की आज के बदलते परिवेश में हमारे देश की बेटियां अपनी रक्षा स्वयं कैसे कर सकती हैं। यह अपने आप में एक बड़ा प्रश्न है, इसी को देखते हुए 'फ्यूजन फिटनेस अकादमी' ने यह निशुल्क जागरूकता शिविर लगाया है। आगे भी इसी तरह के निशुल्क कैम्पों का आयोजन करते रहेंगे। कार्यक्रम के उपरान्त सभी महिलाओं ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली के त्यौहार का भी भरपूर आनंद उठाया।


आत्मरक्षा जागरूकता शिविर में शामिल महिलाएं।

# बांके बिहारी परिवार ने हर्षोल्लास से मनाई होली

**बल्लभगढ़।** श्री गोपाल मंदिर ट्रस्ट जगदीश कॉलोनी के प्रांगण में श्री बांके बिहारी परिवार द्वारा हर्षोल्लास के साथ होली का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शरद बिहारी दास और रामदास, जतिन ने आज बिरज में होली रे रसिया बृज के मनमोहक सुंदर भजन द्वारा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर का प्रांगण ब्रज क्षेत्र बन गया। ट्रस्ट के चेयरमैन वेद प्रकाश व गोपाल मंदिर ट्रस्ट से मदन लाल अरोड़ा द्वारा सुंदर भजनों पर फूलों की होली खेली गई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। मंत्री द्वारा आई हुई संगत के साथ फूलों की होली खेलना आनंदमय ओर भक्तिमय बनाने वाला दृश्य था। सभी झूम झूम कर नाच रहे थे। शरद बिहारी द्वारा खेली गई लड्डुओं की होली का सभी ने आनंद लिया।

# अमृता अस्पताल में टेलीमेडिसिन तकनीकी का उद्घाटन हुआ

### भारत का यह 16वां टीएसआई हरियाणा स्टेट चैप्टर है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवगठित** हरियाणा स्टेट चैप्टर-टेलीमेडिसिन सोसाइटी ऑफ इंडिया (टीएसआई) का उद्घाटन अमृता अस्पताल, फरीदाबाद में किया गया। अमृता अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर स्वामी निजामृतानंद पुरी ने दीप प्रज्वलित कर परियोजना का उद्घाटन किया।

हरियाणा चैप्टर का उद्घाटन करते हुए स्वामी निजामृतानंद पुरी ने कहा, हमारा देश एक ऐसा देश है, जहां अधिकांश लोगों के पास उचित चिकित्सा उपलब्ध नहीं है, हालांकि इसके कई कारण हैं, लेकिन मुख्य कारणों में से एक भौगोलिक कारक है। हरियाणा चैप्टर लॉन्च करने से इन बाधाओं को पार करने में मदद मिलेगी और उन्नत चिकित्सा से वंचित लोगों की सहायता करने में मदद मिलेगी। टेलीमेडिसिन नई तकनीक की सहायता से दूर जगहों पर डॉक्टर और मरीज के बीच संचार की सुविधा प्रदान करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग से बीमारी का सटीक निदान करने में मदद मिलती है। इसमें फोन कॉल, वीडियो चैट, ईमेल, टेक्स्ट मैसेज और यहां तक कि दवाओं की ड्रोन द्वारा डिलीवरी भी शामिल है। टेलीमेडिसिन को अक्सर टेलीहेल्थ, डिजिटल मेडिसिन, ई-हेल्थ या एम-हेल्थ (मोबाइल हेल्थ) कहा जाता है। हरियाणा चैप्टर का उद्देश्य उन मरीजों तक पहुंचना है, जिन्हें टेलीमेडिसिन और क्लीनिक ऑन व्हील जैसी इकाईओं का उपयोग करके इन-हाउस तकनीकी टीमों के साथ चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है।



टीएसआई के शुभारंभ पर सदस्य।

अमृता अस्पताल के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर और नेशनल टेलीमेडिसिन सोसाइटी ऑफ इंडिया के वाइस-प्रेसिडेंट डॉ. प्रेम नायर ने कहा कि आपदाओं के दौरान जब संचार के सभी साधन बंद हो जाते हैं, तो सैटेलाइट, गोल्डन ऑवर कहे जाने वाले समय के भीतर रोगियों के साथ संपर्क स्थापित करते हैं। जब सूनामी आई, तो टेलीमेडिसिन के माध्यम से लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना संभव हो पाया था। उन्होंने कहा, टेलीमेडिसिन में हमारे लिए, यह प्रमुख मोड़ था। हम मोबाइल टेलीमेडिसिन में भी सफल रहे हैं। हम मोबाइल टेलीमेडिसिन इकाइयों के माध्यम से टेली-परामर्श और टेली-शिक्षा प्रदान करने में सक्षम हैं। हम टेलीमेडिसिन सोसाइटी ऑफ इंडिया के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं और उत्तरी भारत के कुछ दूर-दराज के क्षेत्रों को पर्याप्त रूप से समर्थन देने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ने की शुरुआत करते हैं।

# रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** 18 वर्ष की उम्र के बाद में आदमी को नियमित रूप से रक्तदान करते रहना चाहिए। जो आदमी निरंतर रक्तदान करता रहता है। उसका रक्तचाप ठीक रहता है, किसी भी प्रकार की बीमारी से उसका प्रभाव कम रहता है। हम सभी नियमित रूप से प्रदान करें लोगों को जागृत करें। रक्तदान शिविरों का आयोजन रेडक्रॉस एवं सामाजिक संगठनों के माध्यम से किया जा रहा है।

यह बात जिला रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सोरोत ने उपस्थित रक्तवीरों को सम्बोधित करते हुए कही। जिसमें 36 रक्तवीरों के द्वारा रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया गया। रक्तदान में हिल इंटरनेशनल, स्पूरजी के कर्मचारियों के द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंडियन ऑयल महाप्रबंधक ज्ञानेश कुमार, विशिष्ट अतिथि जिला रेडक्रास सचिव बिजेंद्र सौरोत, मुख्यमंत्री मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ट, जय सेवा फाउण्डेशन के संस्थापक गंगाशंकर मिश्र, भारतीय रेडक्रॉस के संरक्षक एवम सदस्य प्रबंधकीय समिति रेडक्रॉस फरीदाबाद विमल खण्डेलवाल, जिला प्रशिक्षण अधिकारी ईशांक कौशिक के द्वारा रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करके किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अपर्णा भार्गव, सुधीर टिंगेस, एसपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिला में नशीले पदार्थ बेचने वालों की हो रही गंभीरता से निगरानी


जागरूक करते हुए एडीसी अपराजिता।

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**एडीसी** अपराजिता ने कहाकि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में फरीदाबाद जिला में नशा करने वालों और नशीले पदार्थों के बेचने वालों की गम्भीरता से निगरानी हो रही है। एडीसी अपराजिता आज फरीदाबाद सेक्टर-12 स्तिथ हुड्डा कन्वेंशन सेंटर में धाकड़ योजना के तहत पुलिस और प्रशासन के सभी विभागों और अधिकारियों की धाकड़ टीमों की भूमिका की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

एडीसी अपराजिता ने कहाकि युवाओं को नशे से बचाने के लिए सरकार की धाकड़ योजना के तहत धाकड़ टीमों के जरिए प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से शुरू कर रखी है। आज भी प्रदेश में नशे की सप्लाई बेधड़क जारी है। ऐसे हालात को देखते हुए हरियाणा सरकार ने अब नशे को काबू करने के लिए धाकड़ कार्यक्रम चला रही है। बैठक में डीसीपी हेडक्वॉटर नितीश अग्रवाल ने कहा कि नशे को हम समाज के किसी एक वर्ग से नहीं जोड़ सकते। समाज में सभी वर्गों में हमे नशा करने वाला व्यक्ति मिल जायेगा। आगे उन्होंने बताया की स्टेट एक्शन प्लान का मकसद समाज को नशे पर एकत्रित करना है, इसको हमे आंदोलन की तरह लेना है। सरकार हॉक सॉफ्टवेयर के माध्यम से डाटा एकत्रित कर नशा मुक्ति अभियान में तेजी लाना चाहती है। इसमें आशा वर्कर अपने अपने क्षेत्र में नशा करने वालों का डाटा फॉर्म के माध्यम से क्षेत्र के बीट इंचार्ज को देंगे, तत्पश्चात बीट इंचार्ज थाना प्रभारी से हॉक सॉफ्टवेयर पर यह डाटा अपलोड करेंगे। धाकड़ प्रोग्राम के तहत सत्रह सौ लोगों की टीम बनाई गयी यह टीमें जिला फरीदाबाद ग्रामीण क्षेत्रों और शहर में वार्ड स्तर पर तथा स्कूल और कॉलेजों में निगरानी कर रहीं हैं। योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, पंचायत विभाग के कनिष्ठ अभियंता, ग्राम सचिव आदि को शामिल कियाहै।

## संक्षिप्त समाचार

### जेसी बोस विश्वविद्यालय में खेली फूलों की होली



**फरीदाबाद।** होली के उपलक्ष में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के स्टॉफ क्लब तथा फैकल्टी एसोसिएशन द्वारा 'होली मिलन' कार्यक्रम आयोजित गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा फूलों और रंगों से होली खेली गई। समारोह में कुलपति प्रो एसके तोमर खासतौर पर मौजूद रहे। होली के त्योहार पर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कुलपति प्रो तोमर ने कहा कि होली एकता, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व समाज में मानवीय मूल्यों की स्थापना करता है। इस अवसर पर स्टाफ क्लब की संरक्षक स्वीटी तोमर ने भी उत्सव की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए एक कविता सुनाई। कार्यक्रम के दौरान कुछ संगीत और नृत्य प्रस्तुतियां भी हुईं, जिसे सभी ने खूब सराहा। समारोह का आयोजन स्टॉफ क्लब के अध्यक्ष प्रो तिलक राज की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ एसके गर्ग, सभी डीन और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सभी ने समारोह में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और फूलों व रंगों से होली खेली।

### गुर्दों के रोगों से बचाव करने की जरूरत है : डॉ. चौहान

**फरीदाबाद।** दुनियाभर में गुर्दों (किडनी) के रोगों का शिकार बनने वाले कितने ही मरीजों की असमय मृत्यु हो जाती है। किडनी की सेहत सही रखने और क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) तथा अन्य संबंधित विकारों से बचाव के लिए, हर साल मार्च महीने के दूसरे बृहस्पतिवार को विश्व गुर्दा दिवस का आयोजन किया जाता है। कोविड महामारी ने हमें इस प्रकार के स्वास्थ्य संकट के दौरान, गैर-संक्रामक रोगों से जूझने वाले मरीज़ों की तकलीफों के बारे में भी काफी कुछ सीखने को प्रेरित किया। इसलिए, इस बार विश्व गुर्दा दिवस का स्लोगन है 'सभी के लिए गुर्दा स्वास्थ्य-अप्रत्याशित की तैयारी, कमजोरों का समर्थन'। डॉ तेजेंद्र सिंह चौहान, सीनियर कंसल्टैंट नेफ्रोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल, फरीदाबाद ने कहा, ''गुर्दों के रोगों से बचाव और उनके प्रबंधन की काफी जरूरत है। लोगों को सेहतमंद लाइफस्टाइल के लिए नियमित रूप् से जांच करवानी चाहिए और आवश्यकतानुसार अपनी आदतों में बदलाव भी करने चाहिए। क्रोनिक किडनी डिज़ीज़ जैसे स्वास्थ्य संकट में नॉन-एलॉपैथिक उपचार कारगर नहीं होते, इसलिए यह ध्यान रखें कि समय पर सही मेडिकल सलाह अवश्य लें।'' डॉ चौहान ने गुर्दों की देखभाल, गुर्दे के रोगों से बचाव, उनके कारणों और लक्षणों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कारण बताते हुए कहा कि नवीनतम आकलन के अनुसार, इस समय दुनियाभर में करीब 850 मिलियन लोग गुर्दों की बीमारियों से ग्रस्त हैं, यानि धरती पर हर 10 में से 1 व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार की किडनी समस्या है।

### वार्षिकोत्सव धूमधाम से हुआ सम्पन्न

**फरीदाबाद।** स्मॉल स्टेप प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट डीआर चौधरी एवं स्टेट चैम्पियन बॉडी बिल्डर सोमदत्त रोहिल्ला तथा विशेष अतिथि के रूप में टैक्स बार एसोसिएशन के महासचिव राजेन्द्र शर्मा, जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संदीप सेठी, टैक्स बार एसोसिएशन के वाइस प्रैसीडेंट दीपक छाबड़ा, एडवोकेट दीपक गेरा, में शिरकत की। महिपाल भड़ाना एजुकेशन सोसायटी के अन्तर्गत चलने वाले स्मॉल स्टेप प्ले स्कूल के प्रैंसीडेंट विजय भड़ाना, वाईस प्रैंसीडेंट शिमला भड़ाना, महासचिव कुलदीप भड़ाना, कोषाध्यक्ष निशांत गुलेरिया, सदस्य एडवोकेट अजय सिंह तथा स्कूल की प्रिंसीपल पूजा गोसाईं ने आए हुए सभी अतिथियों का बुके देकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मंच का संचालन शालिनी रावत ने किया। उपस्थित स्कूल छात्र-छात्राओं द्वारा वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी छात्र, अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिला टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट डीआर चौधरी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं स्कूल प्रशासन की भी तारीफ करते हुए कहा कि बच्चे, अभिभावक और शिक्षक एक ही परिवार के हिस्से हैं और हम सब लोगों को मिलकर के राष्ट्र का निर्माण करना है।

### पुलिस और जनता में तालमेल बढ़ाने को निकाला पैदल मार्च

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देश के तहत एसीपी ओल्ड महेन्द्र वर्मा ने अपनी टीम के साथ ओल्ड एरिया में पैदल मार्च निकालकर आमजन से पुलिस कार्यों के बारे में जानकारी ली तथा उनकी समस्याएं सुनी। इस अवसर पर उनके साथ एसएचओ ओल्ड सतबीर अपनी पूरी टीम के साथ पैदल मार्च में मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस महानिदेशक पंचकूला द्वारा दिए गए आदेश व पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार एसीपी ओल्ड ने आज पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च निकाला। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस पैदल मार्च का उद्देश्य के माध्यम से पुलिस समाज के हर वर्ग-हर व्यक्ति तक पुलिस संबंधित सुविधाओं को पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इसके साथ ही पुलिस एरिया में होने वाली हर छोटी से छोटी हलचल पर निगरानी रख सकेगी जिसके माध्यम से समाज में अपराधों पर अंकुश लगाने में सहायता प्राप्त होगी। पुलिस और जनता के बीच तालमेल बढ़ाकर समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकालने पर आपराधिक किस्म के व्यक्ति के मन में पुलिस का खौफ पैदा होता है और वह अपराधिक गतिविधियां अंजाम देने से डरता है। एसीपी द्वारा निकाले गए पैदल मार्च में उन्होंने आमजन के साथ बातचीत करी और उनसे फरीदाबाद पुलिस के कार्यों के बारे में फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याएं सुनी।

### हार्ट डिजीज पर वार्ता एवं सेमिनार आयोजित

**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा फरीदाबाद के गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय की जूनियर रेडक्रास, गाइड्स और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में हार्ट डिजीज पर वार्ता एवम सेमिनार आयोजित क्यू आर जी हॉस्पिटल के सौजन्य से आयोजित किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस एवम ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि संपूर्ण विश्व में दिल के दौरे से हर वर्ष एक करोड़ से भी अधिक लोगों की मौत हो जाती है और इनमें से पचास प्रतिशत लोग अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अत हृदय रोग मौत की एक अहम कारण बन चुका है। जिसके लिए जागरूकता का होना बहुत आवश्यक है। यदि आप चाहते हैं कि आप का दिल ठीक प्रकार से धड़कता रहे तो आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन अन्य कार्यों की तरह ही व्यायाम और प्राणायाम के लिए भी समय निकालें। सुबह और शाम के तेज समय पैदल चलें या सैर पर जाएं। ताजे फल और सब्जियों को आहार में शामिल करें, तनावमुक्त जीवन जिएं और तनाव अधिक होने पर योगा व ध्यान के द्वारा इस पर नियंत्रण करें। क्यू आर जी के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर गजेंद्र गोयल ने बताया कि धूम्रपान का सेवन बिल्कुल बंद कर दें, यह हृदय के साथ ही कई बीमारियों का कारक है।

### मान सम्मान है सर्वोपरि : सुरेन्द्र शर्मा बबली



**फरीदाबाद।** जिला ब्राह्मण सभा बल्लभगढ ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित होली मिलन समारोह में पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा को उनके सामाजिक धार्मिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान बबली को विधायक पंडित नीरज शर्मा साथ में पंडित मूलचंद शर्मा केबिनेट मंत्री ने दिया। जिस पर सुरेन्द्र शर्मा बबली सभी का सहृदय आभार प्रकट किया।

## प्रगति का रास्ता

### मोदी का दृष्टिकोण

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी लगातार प्रगति, विकास एवं समृद्धि के लिए ढांचागत विकास पर जोर दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को ठीक ही कहा कि 'ढांचागत विकास देश की अर्थव्यवस्था की संचालक शक्ति है।' वे बजट-पश्चात वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। वे अथक रूप से ढांचागत विकास पर ध्यान केन्द्रित रखते हैं। यदि हम ऐतिहासिक दृष्टिकोण से ढांचागत विकास की व्यापक तस्वीर को नजर में रखें तो यह दृष्टिकोण एकदम स्पष्ट हो जाता है। गहराई से देखें तो पता चलेगा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्रियों ने अपने कार्यकाल में ढांचागत विकास पर काफी जोर दिया है। 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 'स्वर्ण चतुर्भुज राजमार्ग परियोजना' शुरू की थी। हालांकि, इस साहसी पहल के लिए अनेक विशेषज्ञों व विरोधियों ने उनका मजाक उड़ाया था। आलोचना का सबसे बड़ा मुद्दा यह था कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए पैसा कहां है? यह आलोचना पूर्णत: निराधार भी नहीं थी क्योंकि 2000-01 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का 5.5 प्रतिशत तथा 2001-02 में 5.1 प्रतिशत था। 2001-02 में वर्तमान प्राप्तियों से अधिक वर्तमान खर्च प्रदर्शित करने वाला राजस्व घाटा जीडीपी का 3.2 प्रतिशत था। लेकिन आलोचना व निन्दा के बावजूद स्वर्ण चतुर्भुज योजना सफल सिद्ध हुई। हालांकि, कांग्रेस नीत संप्रग ने इसे आगे बढ़ाने में सुस्ती दिखाई। संप्रग की वाम-झुकाव वाली नीतियों को देखते हुए यह आश्चर्यजनक भी नहीं था। संप्रग सरकार ने खासतौर से अधिकार-उन्मुख व राजस्व का



भयानक खर्च करने वाले कार्यक्रमों पर ही ध्यान दिया।

ऐसा नहीं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कल्याणकारी राज्य की अवधारणा छोड़ दी, बल्कि इसके एकदम उलट उन्होंने डिलीवरी व्यवस्थाओं को सक्षम बना कर कल्याणकारी उपायों को अत्यधिक प्रभावी बना दिया। इस उद्देश्य के लिए तकनीक का प्रयोग किया गया। वास्तव में गरीब-समर्थक उपायों की प्रभावशीलता में इस सीमा तक सुधार हुआ कि राजनीतिक विश्लेषकों ने सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वालों के लिए नया शब्द 'लाभार्थी' गढ़ा। भाजपा को अनेक चुनावों में इससे सहायता मिली। इसके साथ ही सरकार ने ढांचागत विकास पर जोर देना जारी रखा। 2023-24 के अपने बजट में वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने लगातार तीसरी बार पूंजीगत आबंटन बढ़ाया है। अगले वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्च को 10 लाख करोड़ रुपये रखा गया है जो 2022-23 की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, यह धनराशि बड़ी है, पर देश की जीडीपी का लगभग 3.3 प्रतिशत है। यदि राज्यों को दिए जाने वाले अनुदानों पर गौर किया जाए तो पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण में 'प्रभावी पूंजीगत खर्च' 13.7 लाख करोड़ रुपये होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ढांचागत विकास ने काफी प्रगति की है, पर वे इससे संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'अब हमें अपनी गति में सुधार कर सर्वाधिक तेज गति से आगे बढ़ना होगा।' पीएम गति शक्ति महायोजना एक महत्वपूर्ण औजार है जिससे 'भारत का ढांचागत चेहरा तथा इसकी बहुआयामी लाजिस्टिक्स बदल जाएगी।' विडंबना है कि पहले गरीबी को एक गुण माना जाता था। इस पर टिप्पणी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दावा किया कि वर्तमान सरकार न केवल यह मानसिकता दूर करने में सफल हुई है, बल्कि उसने आधुनिक ढांचागत संरचना में रिकार्ड निवेश करने में भी सफलता पाई है। देश के प्रगति और विकास की दिशा में आर्थिक सुधार व ढांचागत निर्माण की यह गति और तेज होनी चाहिए।

# बहाल करें तीन कृषि कानून

**राज्य एपीएमसी कानूनों का बंधक बने रहने तक किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए तीन कृषि कानूनों की बहाली जरूरी हो गई है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



महाराष्ट्र में शोलापुर के एक किसान द्वारा एक व्यापारी को 512 किलो प्याज बेचने पर केवल 2.49 रुपये मिलने की खबर जिले भर में व्यापक निन्दा का कारण बन गई है। शोलापुर मंडी में एक रुपये प्रति किलो की बिक्री पर कुल बिक्री मूल्य 512 रुपये था। इसमें से लेबर, तौलाई, परिवहन व अन्य चार्ज 509.05 रुपये थे जिनकी कटौती के बाद उसे केवल 2.49 रुपये मिले। यह धनराशि फसल की बिक्री से प्राप्त कुल राजस्व है, मुनाफा नहीं। सहीं गणना के लिए हमें 512 किलो प्याज पैदा करने में बीजों, उर्वरकों, कीटनाशकों, सिंचाई, लेबर, कर्ज पर ब्याज, आदि को जोड़ना होगा। इस प्रकार किसान को 2.49 रुपया छोड़ कर बाकी शुद्ध घाटा हुआ। इसका अर्थ है कि उस पर कर्ज का बोझ और बढ़ जाएगा तथा उसके परिणामस्वरूप अनेक विनाशकारी नतीजे सामने आएंगे। बहुसंख्य अन्य किसानों की स्थिति भी कम जोखिम वाली नहीं है क्योंकि बिक्री से प्राप्त होने वाली धनराशि खर्च पूरा करने के लिए भी काफी नहीं है। इसकी तुलना बाजार में बिकने वाले प्याज के दामों से करें। कुछ बाजारों में इसके दाम 40 रुपये प्रति किलो हैं, जबकि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में अनेक देशों में इसकी भारी कमी है। यह कमी इस सीमा तक है कि अधिकारियों को सुपरबाजारों में प्याज की राशनिंग तक करनी पड़ रही है। यह स्थिति अत्यधिक असमानपूर्ण, अन्यायपूर्ण व सोच-विचार से परे है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से सवाल उठता है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

दो हेक्टर से कम जमीन वाले छोटे व सीमान्त किसान कुल किसानों का लगभग 86 प्रतिशत हैं। वे अपनी उपज दो स्थानों पर बेच सकते हैं। 1. कृषि उत्पाद मंडी समिति या एपीएमसी मंडी जो राज्य एपीएमसी कानून के अंतर्गत घोषित बाजार है और 2. 'निजी स्थानीय बाजार'। राष्ट्रीय जनसांख्यिकी कार्यालय-एनएसओ द्वारा जुलाई 2018 से जून 2019 के बीच सर्वेक्षण के आधार पर जारी 'सिचुएशन असेसमेंट आफ एग्रीकल्चरल हाउसहोल्डस एंड लैंड एंड लाइवस्टाक होल्डिंग्स आफ हाउसहोल्ड्स इन रूरल इंडिया'-एसएएस से पता चलता है कि किसानों को अपने उत्पादों की बिक्री से मिलने वाली धनराशि पर घोर असंतोष है। उनका सर्वाधिक असंतोष एपीएमसी में बिक्री को लेकर है और इसके बाद निजी स्थानीय बाजार में बिक्री का नंबर आता है। एपीएमसी में बिक्री से मिलने वाली कम कीमत का संबंध राज्य कानूनों से है जिसके कारण किसान अपनी उपज केवल 'निर्धारित' मंडियों में ही बेच सकते हैं। मंडी में अढ़तिये या स्थानीय शब्दावली में कमीशन एजेंट तथा लाइसेंस प्राप्त व्यापारी व खरीदार चीजों का निर्धारण करते हैं। ये उनके उत्पादों की नीलामी व उनकी डिलीवरी की व्यवस्था करते हैं। ये सुनिश्चित करते हैं कि किसानों को कम कीमत मिले। इसके साथ ही उसके उत्पादों की अस्वीकृति, कम तौल, भुगतान में विलंब, आदि समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। बाजार फीस, अढ़तिया कमीशन, ग्रामीण विकास सेस-आरडीसी आदि से किसानों की मुश्किलें और बढ़ती हैं।

एपीएमसी मंडियों की क्षमता बहुत सीमित है, जिससे बहुसंख्य छोटे व सीमान्त किसानों को मजबूरी में अपने उत्पाद निजी स्थानीय बाजारों में बेचने पड़ते हैं, जबकि विधिक रूप से इनमें बिक्री प्रतिबंधित है। इन बाजारों में वे अपने उत्पाद उन्हीं व्यापारियों को औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर होते हैं जिनका एपीएमसी मंडियों पर वर्चस्व होता है। बड़े व्यापारियों को भ्रष्ट नौकरशाहों व कुछ राजनेताओं का संरक्षण प्राप्त होता है और इस कारण उनके खिलाफ कानून का उल्लंघन करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं होती है। अनेक मामलों में वे या उनके बच्चे स्वयं को व्यापारी के रूप में प्रदर्शित करते हैं। किसानों को भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई, नेशनल एग्रीकल्चरल कोआपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन आफ इंडिया-नैफेड, आदि की ओर भी देखना पड़ता है, हालांकि एसएस सर्वेक्षण के अनुसार उनके प्रति असंतोष थोड़ा कम है। यह स्वाभाविक है क्योंकि राज्य एजेंसियां केन्द्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर खरीद करती हैं। वर्तमान समय में 23 कृषि उत्पादों के लिए एमएसपी की घोषणा की जाती है। लेकिन उनकी खरीद सीमित है। धान और गेंहू का अपवाद छोड़ कर जहां एफसीआई व राज्य एजेंसियां कृषि उत्पादों का केवल 30 प्रतिशत खरीदती हैं, बाकी उत्पादों के लिए खरीद बहुत ही कम है। धान और गेंहू के लिए प्रतिशत के रूप में हिस्सा अधिक है क्योंकि इनकी खरीद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अंतर्गत लाभार्थियों व गरीबों को अनाज सप्लाई के लिए होती है। इसके बावजूद केवल 6 प्रतिशत किसानों को ही सरकारी खरीद का लाभ मिलता है जिनमें से अधिकांश बड़ी जोतों वाले अमीर किसान हैं।

लगातार मांग की जा रही है कि सरकार अपनी एजेंसियों के माध्यम से एमएसपी पर खरीद बढ़ाए, खरीद योजना के अंतर्गत फसलों की संख्या बढ़ाई जाए तथा सभी किसानों के उत्पाद की एमएसपी पर खरीद की गारंटी दी जाए जिसमें निजी व्यापारी भी शामिल हों। ये सभी मांगें 'हवा में महल' बनाने की तरह हैं। सरकार के पास इतनी व्यापक खरीद के लिए भौतिक या प्रशासनिक ढांचा नहीं है और न उसके पास इतनी वित्तीय शक्ति है कि सभी किसानों द्वारा पैदा व बिक्री के लिए प्रस्तुत सारा कृषि उत्पाद खरीद सके। यदि वह इसके लिए तैयार हो तो भी यह मूल सवाल पैदा होता है कि क्या राज्य को ऐसी गतिविधि में शामिल होना चाहिए। जहां तक एमएसपी के लिए कानूनी समर्थन की बात है, सरकार किसी निजी व्यक्ति को किसान को निश्चित मूल्य देने पर बाध्य नहीं कर सकती है। यह न्याय की कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा। लेकिन वर्तमान व्यवस्थायें किसानों के सरोकारों को संबोधित करने की स्थिति में नहीं हैं। सवाल है कि ऐसे में आगे बढ़ने का क्या रास्ता है? किसानों को राज्य एपीएमसी के शिकंजों से मुक्त करने की जरूरत है। कृषि बाजार सभी किसानों के लिए खोल दिए जाने चाहिए तथा उनको अपने उत्पाद कहीं भी बेचने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

इस दृष्टिकोण से मोदी सरकार ने एक माडल एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस एंड लाइवस्टाक मार्केटिंग प्रमोशन एंड फैसिलिटेशन कानून पास किया था। किसानों को बिक्री के अधिक विकल्प देने के साथ ही इसमें व्यापारियों के लिए काफी लचीलापन था। राज्य में कहीं से भी खरीद के लिए एक 'सिंगल पैन स्टेट लाइसेंस' की व्यवस्था थी। लेकिन बहुसंख्य राज्यों में इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। सितंबर, 2020 में केन्द्र सरकार ने तीन केन्द्रीय कृषि कानून बनाए। इस उद्देश्य से उसने संविधान की समवर्ती सूची की इंट्री 33 का प्रयोग किया जिसे 1954 में एक संशोधन द्वारा डाला गया था। इसमें अंतर-राज्य व्यापार तथा विभिन्न राज्यों के बीच व्यापार की अनुमति दी गई थी। इससे देश में कहीं भी और यहां तक कि निर्धारित एपीएमसी के बाहर भी किसानों से सीधे कृषि उत्पादों की खरीद की जा सकती थी। ये कानून सभी गैर-एपीएमसी मंचों पर बिक्री को वैध बना कर खाली स्थान भरना चाहते थे जिनमें निजी व्यापारी, प्रसंस्करणकर्ता, एग्रीगेटर, निर्यातक, आदि शामिल थे और इसमें एपीएमसी मंडियों की व्यवस्था में किसी प्रकार बाधा नहीं डाली गई थी। इससे किसानों को अपने उत्पाद बेचने के असीमित अवसर मिलते थे और वे अधिक दाम प्राप्त कर सकते थे जो मांग-सप्लाई के परिदृश्य के आधार पर एमएसपी से भी अधिक हो सकते थे। उनको गैर-एपीएमसी मंचों पर कोई लेवी भी न देनी पड़ती और खरीदार के खेत से ही माल उठाने की स्थिति में उनको परिवहन खर्च भी न देना पड़ता।

इन कानूनों के अंतर्गत किसान निजी कंपनियों व सहकारिताओं, आदि उद्यमों के साथ अनुबंध आधारित समझौते भी कर सकते थे। इससे उनको पूर्व-आधारित अच्छे मूल्यों पर बाजार सुनिश्चित होती तथा समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश भी सुनिश्चित होते। इनमें उर्वरक, बीज व कीटनाशक, आदि शामिल हैं। इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण उत्पादों व अधिक उपज के लिए बेहतर कृषि व्यवहारों का पैकेज भी मिल सकता था। फसल की उच्च उत्पादकता, लाभकारी मूल्य तथा किसानों की आय दूनी करने के वादों के बावजूद इन कानूनों ने व्यापक पैमाने पर लंबे प्रदर्शनों व धरनों को आमंत्रित किया जो मुख्यत: पंजाब, हरियाणा व दिल्ली तक सीमित थे। सर्वोच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप कर जनवरी, 2021 में कानूनों के क्रियान्वयन पर स्थगन आदेश दे दिया तथा स्वयं न्यायालय द्वारा गठित एक समिति की इन कानूनों के पक्ष में संस्तुतियों पर कोई निर्णय न होने के कारण प्रदर्शनकारियों का हौसला बढ़ गया और उन्होंने अपना आंदोलन जारी रखा। इसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री मोदी ने मजबूर होकर 19 नवंबर, 2021 को इन कानूनों की वापसी की घोषणा कर दी।

# विपक्षी एकता पर सवालिया निशान लगाता पत्र

> "पूरे भारत में भाजपा उम्मीदवार के मुकाबले विपक्ष से एक उम्मीदवार का मैदान में आना फिलहाल तो दिवास्वप्न ही लगता है।"

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



अपने विरोधियों के खिलाफ नरेंद्र मोदी सरकार केंद्रीय एजेंसियों का जमकर दुरुपयोग कर रही है। उपरोक्त वाक्य यूं तो गैर भारतीय जनता पार्टी खास कर गैर राजग दलों का भाजपा पर आक्रमण करने के लिए सर्वाधिक सुलभ साधन है, लेकिन इसे विडंबना ही कहेंगे कि बात जब इस बाबत पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखने की आयी तो मोदी को पानी पी पी कर कोसने वाले विपक्षी दल एक साथ न आ सके। कुछ ने पत्र पर हस्ताक्षर किए तो कुछ ने दूर से ही तमाशा देखना बेहतर समझा।

सारा फोकस कांग्रेस पार्टी पर ही न रहे यही सोच कर विपक्षी पार्टियों के उपरोक्त चुनिंदा नेताओं ने आनन फानन में नरेंद्र मोदी पर वही पुराने आरोप लगाते हुए पत्र लिख डाला। अलबत्ता पत्र को इंटरनेशनल टच देने की कोशिश में एक दिलचस्प बात का उल्लेख किया गया और यह भी कदाचित राहुल गांधी की तर्ज पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान खींचने के उद्देश्य से किया गया।

जाहिर है ऐसे में भारत में विपक्ष कैसे खामोश बैठ जाता। लिहाज मिले सुर मेरा तुम्हारा की तर्ज पर यहां भी विपक्ष ने अपना मोर्चा खोल दिया। माना जा रहा है कि इसकी अगुवाई तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने की जो कांग्रेस से इतर तीसरे मोर्चे को शक्ल देने में जुटे हैं और उन्हें आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल व तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी का भी समर्थन प्राप्त है। इनके अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार, उद्धव बाला साहब ठाकरे के नेता उद्धव ठाकरे, नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारुख अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल नेता व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी इस पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

आठ विपक्षी दलों के नौ नेताओं ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित जो पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा है उसकी विषय वस्तु भले ही नई नहीं है, किंतु उसमें एक नए तत्व का समावेश किया जाना उतना ही दिलचस्प है जितनी इस पत्र की टाइमिंग। दरअसल इस समय राहुल गांधी लन्दन में हैं और वह वहीं से मोदी सरकार पर चौतरफा हमला बोल रहे हैं। हमेशा की तरह राहुल गांधी की आलोचना मेरिट पर कम और निजी नापसंद पर ज्यादा आश्रित है लेकिन देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता के तौर पर सुर्खियां अवश्य उनके हिस्से आ रही हैं।

कांग्रेस के अलावा जद (यू), डीएमके, पीडीपी व लेफ्ट सहित कुछ अन्य दल के नेताओं ने भी इस पत्र से अपनी दूरी बनाकर रखी। इन दलों ने ऐसा क्यों किया यह फिलहाल केवल राजनीतिक अनुमान का विषय है। अलबत्ता तेलंगाना के सीएम केसीआर का मनीष सिसोदिया के प्रति लगाव व सहानुभूति समझी जा सकती है। आखिर दिल्ली के शराब घोटाले में ही केसीआर की पुत्री व एमएलसी के.कविता के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। ऐसे में केसीआर का इस पत्र का सूत्रधार होना समझा जा सकता है।

पत्र की थीम तो शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को बेगुनाह बताने की ही है किंतु इसमें सिसोदिया को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाते हुए कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर सिसोदिया की गिरफ्तारी को राजनीतिक विरोधी पर ठीकरा फोड़ने की कवायद (विच हंट) माना जाएगा जो विश्व के इस संदेह की पुष्टि करता है कि भाजपा के अधिनायकवादी शासन के तहत लोकतांत्रिक मूल्य नष्ट हो रहे हैं और लोकतंत्र खतरे में है।

कांग्रेस ने इस पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुखिया शरद पवार का कहना है कि कांग्रेस से इस बाबत कोई बात नहीं हुई। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के बीच तल्खी किसी से छिपी नहीं है। चूंकि पत्र के केंद्र में मनीष सिसोदिया को बेगुनाह बताया जाना था कदाचित इसीलिए कांग्रेस इससे दूर रही हो। कांग्रेस ने सोमवार को भी मनीष सिसोदिया प्रकरण को बेहद गम्भीर बताते हुए इसकी जांच कराने की मांग की और साथ ही आप से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि वह विपक्ष में है अथवा भाजपा की बी टीम है। दूसरी ओर आप नेता सौरभ भरद्वाज ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी विपक्ष का साथ नहीं दिया। कांग्रेस स्वकेंद्रित पार्टी है।

कुल मिलाकर राहुल गांधी की ही तर्ज पर ये विपक्षी नेता भी पीएम मोदी की वैश्विक नेता की छवि को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं भले ही अपनी इस कोशिश में वे अपने देश की मान मर्यादा पर ही हमलावर क्यों न हो जाएं या कम से कम ऐसा करते नजर आएं।

यह भी अजीब बात है कि शरद पवार व फारुख अब्दुल्ला जैसे नेता मनीष सिसोदिया को क्लीन चिट दे रहे हैं जिनका ट्रायल अभी होना है। शायद इसी को अंधविरोध कहते हैं। भाजपा ने भी स्वाभाविक तौर पर इस पत्र पर यह कहते हुए पलटवार किया है कि जो खुद भ्रष्टाचार में फंसे हैं उन्हें केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई कैसे रास आ सकती है। इस पत्र के सामने व इसके पीछे की राजनीति से यह भी समझा जा सकता है कि कांग्रेस के लिए विपक्ष की बागडोर अपने हाथ में लेने के लिहाज से दिल्ली अभी दूर है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि यह पत्र पीएम मोदी पर हमलावर होने के उद्देश्य से ही लिखा गया है किंतु इसने अंतत: विपक्षी दलों का ही खोखलापन उजागर किया है। जो विपक्ष सुबह से शाम तक मोदी पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते नहीं थकता वह इस बाबत एक पत्र लिखने के लिए एक साथ नहीं आ सकता वह एकजुट होकर मोदी व भाजपा का मुकाबला कर सकेगा इसमें संदेह है। पूरे भारत में भाजपा उम्मीदवार के मुकाबले विपक्ष से एक उम्मीदवार का मैदान में आना फिलहाल तो दिवास्वप्न ही लगता है।

## आप की बात

### विपक्षी एकता का आधार

**शराब घोटाले** में पकड़े गए आम आदमी के बड़े नेता व दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद से देश के विपक्ष ने भारत सरकार को निशाना बनाना शुरू कर दिया। आप सहित विपक्ष के आठ दलों ने मनीष की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए तथा केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप भारत सरकार पर लगाते हुए प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा। इस पत्र पर अरविंद केजरीवाल, के चन्द्रशेखर राव, ममता बनर्जी, भगवंत मान, तेजस्वी यादव, फारूक अब्दुल्ला, शरद पवार, उद्धव ठाकरे व अखिलेश यादव के हस्ताक्षर हैं। इन सबने मनीष सिसोदिया को निर्दोष बताते हुए उनकी रिहाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि विपक्ष के नेताओं पर ऐसी कार्यवाही से लगता है कि हम एक लोकतंत्र से निरंकुशता में परिवर्तित हो गए हैं। इन सभी दलों के किसी न किसी नेता पर भृष्टाचार के आरोप पर कार्यवाही चल रही है और कई तो जेल की हवा खा चुके हैं। इन सभी विपक्षी दलों को आप नेता की गिरफ्तारी की चिंता नहीं बल्कि अपनी चिंता हो रही है। भ्रष्टाचार के बहाने हो रही इस विपक्षी एकता की परीक्षा चुनावों के समय जनता की अदालत में होगी। लेकिन फिलहाल लगता है कि इससे मोदी को खास नुकसान नहीं होगा।

**ललित शंकर,** गाजियाबाद

### फास्ट फूड की लत

**पश्चिमी** देशों की देन फास्ट फूड इन दिनों हमारे देश के बच्चों और युवाओं में बड़ी संख्या में लोकप्रिय हो रहे हैं। सभी जानते हैं कि इन्हें बनाने में प्रयुक्त सामग्री, सड़ने से बचाने के लिए प्रयुक्त प्रिजर्वेटिव केमिकल, नकली सुगंध, स्वाद व रंग का बेरोकटोक प्रयोग हो रहा है। वैज्ञानिकों द्वारा निरंतर अध्ययन करके यह चेतावनी दी जा रही है कि फास्ट फूड और ड्रिंक्स स्वास्थ्य के लिए बहुत ही घातक व हानिकारक है! इसके बावजूद प्रतिदिन विज्ञापनों के माध्यम से बच्चों के दिलो-दिमाग में एक गहन सम्मोहन पैदा किया जाता है। जिसके चलते बच्चे खाने में इन्हीं की मांग करते हैं। अभी तक तो इनका चलन बड़े शहरों में था मगर टीवी विज्ञापनों की देन से अब छोटे गांव तक बच्चे व किशोर इन्हीं फास्ट फूड पर निर्भर होते जा रहे हैं। हमारे भारतीय खाद्यान्न, स्ट्रीट फूड, फलों का जूस और शरबत, चना, मुरमुरा, सत्तू जैसे स्वास्थ्यवर्धक खाने की वस्तुओं को हेय यह दृष्टि से देखा जाने लगा है। इस स्थिति में सुधार के लिए शासन प्रशासन के साथ ही सर्वाधिक चिंता अभिभावकों को करनी चाहिए और उन्हें घर पर ही बने हुए स्वादिष्ट पारंपरिक भोजन ही कराने चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### सड़क हादसे

**आये दिन** समाचार पत्रों की खबरों मे सड़क हादसे सुर्खियों मे रहते हैं। एक्सल टूटने से बस एक जगह पुलिया से पलटी खाकर नाले मे गिर गई और दो की जीवन लीला समाप्त हो गई। अनेक सड़क दुर्घटनाओं में लापरवाही की तो बू आती ही है, इनसे सबक लेने का पहलू कोसों दूर तक नजर नहीं आता। कभी तेज रफ्तार से तो कभी ओवरटेक से तो कभी जल्दबाजी कर यात्रियों को बिठाने के चक्कर में दुर्घटनायें घटते देर नहीं लगती। कई बार परिवार के साथ दो पहिया वाहन से इतनी रफ़्तार व ओवरटेक करने की जल्दी होती है की परिवार का भी ध्यान नहीं रहता और अप्रिय घटनाएं होती है। सड़क हादसों पर लगाम लगाना जरुरी है, वाहनों की रफ़्तार पर लगाम जरुरी है तथा वाहन चालकों को गाड़ी चलाने से पहले वाहन की पुख्ता जाँच कर लेनी चाहिए। वाहनों की फिटनेस पर ध्यान जरुरी है। जीवन अनमोल है ये जीवन वापस नहीं मिलता इस लिए नियमों मे व सूझबूझ से काम लेने की जरूरत है। सड़क हादसों के बारे में ज्यादा जागरूकता पैदा करना भी जरूरी है ताकि लोग अपनी व दूसरों की जिन्दगी का मोल समझें।

योगेश जोशी, बड़वाह

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**हमारी** पार्टी देश की सर्वांगीण प्रगति के लिए खड़ी है, जबकि विपक्षी दल एक-दूसरे को भ्रष्टाचार के आरोपों से बचाने के लिए खड़े हैं।

**- सुधांशु त्रिवेदी**
भाजपा नेता



**एक** हजार करोड़ से अधिक के निवेश का धरातल पर उतरना यूपी में एक नई औद्योगिक क्रांति को प्रदर्शित कर रहा है।

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**गैस** सिलेण्डर लेकर विरोध प्रदर्शन करने वाली अमेठी की सांसद गैस की आसमान छूती कीमतों पर अब मौन हैं।

**- अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष"

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 7 मार्च 2023



# मजबूत स्वास्थ्य सुविधाओं से मृत्यु दर घटी : मुख्यमंत्री

● सीएम योगी ने जंगल कौड़िया से दो सीएचसी में पीकू का उद्घाटन किया

● अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं पर हर नागरिक का अधिकार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ



**बाल** स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रगति में गोरखपुर सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में एक सोपान और आगे बढ़ा। मुख्यमंत्री ने जंगल कौड़िया स्थित सीएचसी से यहां और चरगांवा खुटहन सीएचसी पर नवनिर्मित पीकू पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट का उदघाटन किया। इन पीकू का निर्माण हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने कॉरपोरेट एनवायरनमेंट रिस्पांसबिलिटी सीईआर फंड से कराया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मजबूत हो रही स्वास्थ्य सुविधाओं से मृत्यु दर में काफी कमी आ रही है।

सीएम योगी ने कहा कि अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं पर हर एक नागरिक का अधिकार है। सरकार तो इसके लिए सतत प्रयास कर ही रही है। संस्थाएं जब इसमें अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों को समझकर जुड़ती हैं तो उसका लाभ जनता को और बड़े पैमाने पर मिलता है। जैसे हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड हर्ल की तरफ से पूर्ण हुए दो पीडियाट्रिक आईसीयू से जंगल कौड़िया की ढाई लाख और चरगांवा की ढाई लाख यानी कुल पांच लाख की आबादी लाभान्वित होगी। इससे स्पष्ट है कि स्वास्थ्य सुविधाएं जितनी मजबूत होंगी, शिशु, मातृ व अन्य मृत्यु दर को उतना ही नियंत्रित किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा इंसेफेलाइटिस को लेकर हमें अभी सतर्कता बरतनी होगी। उपचार से अधिक बचाव पर ध्यान देना होगा। सीएम योगी ने कहा कि इंसेफेलाइटिस नियंत्रण को लेकर किए गए प्रयासों का अनुभव कोरोना काल के प्रबंधन में काफी काम आया। पहले 36 जिलों में एक भी आईसीयू बेड नहीं थे। आज उत्तर प्रदेश में सात हजार आईसीयू बेड सिर्फ बच्चों के लिए हैं। कोरोना से स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने के अवसर भी दिए। सीएम योगी ने कहा कि करीब 31 वर्ष बाद एफसीआई के बंद कारखाने की जगह पर हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने खाद का उत्पादन प्रारंभ किया है। हर्ल की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी और उन्हीं के हाथों इसका लोकार्पण भी हुआ। यह कारखाना कम जगह में पहले से ज्यादा क्षमता पर उत्पादन कर रहा है।

# भक्ति, सत्य व न्याय के मार्ग पर चलने वाले की होती है जीतः सीएम

● पांडेय हाता की होलिका दहन शोभायात्रा में शामिल हुए सीएम

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर समेत समूचे प्रदेशवासियों को सामाजिक समता, उल्लास और उमंग के पर्व होली की बधाई देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति के पर्व हजारों वर्षों से धर्म, सत्य व न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। किसी का शोषण न हो, सबके साथ न्याय हो, इसी को हमारी ऋषि परम्परा में रामराज्य कहा गया है। हमें याद रखना चाहिए कि भक्ति, सत्य और न्याय के मार्ग का अनुसरण करने वाले की सदैव जीत होती है। होलिका दहन का भी यही संदेश है। सीएम योगी सोमवार शाम पाण्डेयहाता में होलिका दहन उत्सव समिति की ओर से आयोजित होलिका दहन शोभायात्रा के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। होलिका और भक्त प्रह्लाद के पौराणिक आख्यान से संदेश देते कहा कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक पर्व है। हमें होलिका दहन को बुराई, दुराग्रह, वैरभाव तिलांजलि देने का माध्यम बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत के संरक्षण का दायित्व सबका है। विरासत का संरक्षण करते हुए पर्व पर परम्पराओं की पवित्रता बनाए रखें। उत्साह व उमंग पर कोई आंच नहीं आनी चाहिए लेकिन यह भी ध्यान देना होगा कि दुष्प्रवृत्तियां भी न घुसने पाएं। परम्पराओं और विरासत का संरक्षण करते हुए हमें पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने होलिका दहन में इस बात पर ध्यान देने की सीख दी कि कहीं भी कोई जन.धन की हानि न होने पाए। होलिका दहन बुराई के अंत का माध्यम है। ऐसे में किसी का नुकसान हुआ तो यह अन्याय व अधर्म होगा। हमें अन्याय और अधर्म से बचना होगा। सीएम योगी ने होलिका दहन उत्सव समिति की इस बात के लिए सराहना की कि यह समिति 96 वर्षों से विरासत को संजोकर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने होली के पावन पर्व पर सबके लिए मंगलकामना की। अपील की कि हजारों वर्षों की सनातन परंपरा का अनुकरण कर सौहार्द से रंगभरी होली मनाएं। सौहार्द से पर्व का उत्साह व उमंग कई गुना बढ़ जाता है। बिना सहमति किसी पर जबरन रंग न डालें। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के उपरांत होलिका दहन शोभायात्रा के लिए सजाए गए रथ पर अवस्थित भक्त प्रहलाद की आरती उतारी।

# बीमा योजनाएं सामाजिक सुरक्षा का आधारः आनंदीबेन

● राज्यपाल ने भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मवीर कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को राजभवन में भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा अपने कर्मवीर अभिकर्ताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित प्रेरणादायक प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह में सहभागिता की। राज्यपाल ने भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मवीर कार्यकताओं को सम्मानित करने के पश्चात् अपने सम्बोधन में कहा कि आज भारतीय जीवन बीमा निगम अपने कर्मठ और समर्पित योद्धाओं की मदद से देश के कोने-कोने में लोगों को न सिर्फ बीमा सुरक्षा प्रदान कर रही है बल्कि निवेश और सुरक्षा के बेहतर विकल्पों के साथ एवं यूलिप योजनाओं के माध्यम से बेहतरीन रिटर्न सुनिश्चित कर रही है। यह रिटर्न बीमाधारकों को उनके ऐसे वक्त में काम आता है, जब उन्हें इसकी आवश्यकता होती है।

राज्यपाल ने एलआईसी द्वारा ग्राहक सेवा के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत एवं डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देते हुए एलआईसी ने अपने अभिकर्ताओं और ग्राहकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जीवन बीमा क्षेत्र में डिजिटल एप्लीकेशन आनंदा के माध्यम से पेपरलेस ऑफिस और ग्राहक सेवा के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि बीमा योजनाएं सामाजिक सुरक्षा का आधार है और भारतीय जीवन निगम के कर्मठ कर्मवीर अभिकर्ता जीवन बीमा के सन्देश को शहरों के साथ ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने का अथक प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक एमसी जोशी, लखनऊ मण्डल के 5 जिलों के विकास अधिकारी, मुख्य जीवन बीमा सलाहकार एवं एलआईसी अभिकर्ता उपस्थित थे।

# होली भारत की सनातन परंपरा का प्रमुख पर्वः मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली भारत की सनातन परम्परा का प्रमुख पर्व है। सामाजिक समता, सौहार्द एवं उल्लास का प्रतीक यह पर्व सम्पूर्ण समाज एवं प्रदेशवासियों के लिए मंगलमय हो। पर्व एवं त्योहारों की लम्बी श्रृंखला, भारत की प्राचीन गौरवशाली परम्परा का उदाहरण है। सनातन परम्परा में पर्व एवं त्योहार हर्षोल्लास एवं राष्ट्रीयता को दृढ़ता प्रदान करने का प्रेरणास्पद क्षण भी है। समाज और राष्ट्र में परिवर्तन की महत्वपूर्ण घटनाओं को हमारी ऋषि परम्परा ने पर्व एवं त्योहारों के रूप में धार्मिक मान्यता देकर अगली पीढ़ी को प्रेरणा एवं प्रकाश का आधार प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पर्व हमें अधर्म, असत्य एवं अन्याय जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों से लड़ने की प्रेरणा देता है। हमारे पर्व एवं त्योहारों में शोक और सन्ताप का कोई स्थान नहीं है लेकिन हर्षोल्लास के प्रतीक इन पर्वों में जोश के साथ होश भी आवश्यक है। अपने पर्व एवं त्योहार की पवित्रता एवं मर्यादा हम सबको बनाये रखनी है। इस दृष्टि से कोई भी ऐसा कार्य न हो जिससे पर्व एवं त्योहार की मर्यादा भंग होती हो।

## स्पीकर ने दी होली पर्व पर बधाई

**लखनऊ।** उप्र विस अध्यक्ष सतीश महाना ने होली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की है। महाना ने अपने संदेश में कहा है कि होली का सांस्कृतिक महत्व है। इससे एक ऐसे प्राकृतिक परिवेश की रचना होती है जो मधुमय व रसमय है। होली एक ऐसा अद्वितीय पर्व है जो सृजन के बहुआयामों से जुड़ा होने के साथ-साथ सामुदायिक बहुलता के आयाम से जुड़ा हुआ है। यह पर्व हमें राष्ट्रीय एकता, आपसी सौहार्द एवं भाई-चारा बनाये रखने के साथ ही भारतीय संस्कृति की रक्षा की प्रेरणा देता है।

# सेवानिवृत्त अधिकारी पीसी चौधरी आरपीआई के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त

**लखनऊ।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले की ओर से रिटायर्ड पीसीएस अधिकारी पीसी चौधरी को उत्तर प्रदेश का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। अब वह आधिकारिक रूप से मीडिया में आरपीआई का पक्ष रखेंगे। आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष



पवन भाई गुप्ता ने बताया कि पीसी चौधरी बेहद अनुभवी, सामाजिक, राजनीतिक विषयों की गहन जानकारी रखने वाले व्यक्तित्व है। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों और उनके विजन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पवन भाई गुप्ता ने कहा कि नागालैंड में आरपीआई के दो विधायक चुनकर आये हैं। आरपीआई आगामी लोस चुनाव में भाजपा से कुछ सीटों की मांग कर रही है। आठवले से इस संबंध में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की है।

# होली पर प्रदेश में होगी निर्बाध विद्युत आपूर्तिः एम देवराज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र पावर** कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने निर्देश देते हुए कहा कि होली के पावन पर्व पर प्रदेश में कहीं पर भी बिजली आपूर्ति बाधित न हो, सभी क्षेत्रों में निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप निर्वाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो, इसके लिये अधिकारी पूरी सजगता बरते। उन्होंने बताया है कि पूरे प्रदेश में इस अवधि में सबको निर्बाध बिजली प्राप्त हो, इसके लिये सभी डिस्काम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये है।

प्रबन्ध निदेशकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने डिस्कॉम में कटौती मुक्त निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के लिए समस्त आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायें। यह भी निर्देशित किया गया है कि 1912 टोल फ्री नम्बर पर आपूर्ति सम्बन्धी प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाही की जाए। अध्यक्ष ने कहा है कि होली के महत्वपूर्ण पर्व के अवसर पर सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति के प्रकरण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। सभी वितरण अधिकारी अपने अपने दायित्यों का निर्वहन करें।

निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो इसके लिये प्रबन्ध निदेशक अपने स्तर से अभी से प्रभावी मानीटरिंग करें तथा वितरण में लगे सभी अधिकारी लगातार सजगता बरतें। एम देवराज ने कहा कि विद्युत आपूर्ति में यदि कहीं कोई स्थानीय स्तर पर समस्या आती है तो उसको तत्काल कम से कम समय में ठीक कर लिया जाए इसकी व्यवस्था के लिए पूर्व में ही आवश्यक गैंग एवं सामग्री उपलब्ध रहे।

# हत्याकांड में दोषी किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगाः एडीजी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उमेश पाल** हत्याकांड में शामिल रहा विजय उर्फ उस्मान सोमवार सुबह पुलिस एनकाउंटर में ढेर हो गया। इस मामले में एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि हत्याकांड में दोषी किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और अपराधियों के मददगारों पर भी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि उस्मान पर 50 हजार रुपये का इनाम था उसने पुलिसकर्मियों पर भी गोली चलाई थी और मारा गया। अतीक अहमद के भवनों पर धवस्तीकरण की कार्रवाई चल रही है। हम सभी अपराधियों को सजा दिलाएंगे। इससे पहले, पिछले सोमवार को उमेश पाल और दोनों सिपाहियों की हत्या में शामिल अरबाज को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया।

# होली के रंग को बदरंग करने पर तुली प्रशासनिक मशीनरीः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि होली का त्योहार हर्ष उल्लस और रंगों का पर्व माना जाता है लेकिन भाजपा सरकार को यह गंवारा नहीं कि सामान्य व्यक्ति भी यह पर्व हंसी खुशी मना सके। प्रशासकीय मशीनरी होली के रंग को बदरंग करने पर तुली है। अखिलेश ने कहा कि वाराणसी से वृंदावन तक लाठी से पुलिसिया होली खेलने का नया दौर आया है। हजारों संविदा कर्मियों को कई-कई महीनों से वेतन नहीं दिया जा रहा है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने और हाल में मुख्यमंत्री ने भी होली-दीवाली पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मुफ्त में एक-एक गैस सिलेण्डर देने का वादा किया था। अभी तक तो गैस सिलेण्डर बंटे नहीं। जो सरकार होली जैसे बड़े त्योहार पर भी अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दे सके उसे सत्र में बने रहने का क्या अधिकार है। एक रंगी सोच वाले भाजपाइयों को बहुरंगी पर्व कैसे सहन होगा। उन्होंने कहा कि कन्नौज जनपद भाजपा सरकार की आंखों में किरकिरी बन गया है। यहां तमाम विकास योजनाएं ठप्प हो गई हैं और भाजपा सरकार लगभग 10 हजार संविदा कर्मियों के घरों पर अंधेरा करने पर उतारू है। यहां संविदा कर्मियों को कई-कई महीनों से वेतन नहीं मिला है।

स्वास्थ्य महकमे में कार्यरत संविदा कर्मियों को पिछले छह माह से वेतन नहीं मिला है। महज आश्वासन मिलाए वेतन नहीं। अखिलेश ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में मिड डे मील बनाने वाले रसोइयों को गत 3 माह से वेतन नहीं मिला। उन्हें मात्र दो हजार रुपये मासिक मिलता है वह भी समय से नहीं दिया जा रहा है। इसी तरह नगर पालिका और नगर पंचायतों में काम करने वाले सफाईकर्मी भी समय से वेतन न मिलने से परेशान हैं। कन्नौज में पावर सबस्टेशनों में कार्यरत बिजली कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिला है। मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्स से भर्ती 350 कर्मचारियों को 6 माह से वेतन के लिए भटकाया जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों को रोजगार के नाम पर सिर्फ धोखा दिया है। स्थाई रोजगार तो दूर की बात है अस्थायी व्यवस्था में भी उन्हें समय से वेतन अथवा मानदेय नहीं मिल रहा है। मैलानी की नगर पंचायत में आउटसोर्स से भर्ती कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला तो एक युवक वहां विरोध में पानी की टंकी पर चढ़ गया। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से प्रदेश कराह रहा है। हर तरफ जनता में आक्रोश व्याप्त है। होलिका दहन के पर्व पर भाजपा की अन्यायी सरकार से मुक्ति पाने के लिए जनता संकल्पित है।

## सपा ने घोषित किए लखनऊ समेत पांच जिलों के अध्यक्ष

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लखनऊ समेत पांच जिलों के जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की संस्तुति लखनऊ में जय सिंह 'जयन्त' को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही मीरजापुर में देवी प्रसाद चौधरी को जिलाध्यक्ष बनाया गया। बदायूं में आशीष यादव, रायबरेली में इंजी. वीरेन्द तथा गोरखपुर में बृजेश कुमार गौतम को जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है।

# समिति की बैठक में 160 नगरीय निकायों का सिटी सेनिटेशन एक्शन प्लान स्वीकृत

● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय उच्चाधिकार समिति की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन की तृतीय राज्य स्तरीय उच्चाधिकार समिति की बैठक में नगर निकाय की कई परियोजनाएं स्वीकृत की गई। बैठक में एसबीएम 1-0 के तहत 4 नगरीय निकायों में सेग्रिगेडेट वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लान्ट अधिष्ठापन को अनुमोदन प्रदान किया गया है। यह प्रोसेसिंग प्लाण्ट 3327.29 लाख रुपये की लागत से नगर पालिका परिषद पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर चन्दौली, मंझनपुर कौशाम्बी, शिकोहाबाद फि रोजाबाद एवं बेल्हा प्रतापगढ प्रतापगढ़ में 50-50 टीपीडी क्षमता के स्थापित किये जायेंगे। प्लाण्ट का संचालन निकायों द्वारा पीपीपी मॉडल पर कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त एसबीएम 1-0 के तहत 7 नगरीय निकायों गाजियाबाद, अलीगढ़, अयोध्या, जौनपुर, सुल्तानपुर, दादरी व ठाकुरद्वारा में विद्यमान 931019 टन लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए 4603.93 लाख रुपये के प्रस्ताव के डीपीआर का अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अलावा एसबीएम 2-0 के अन्तर्गत 160 नगरीय निकायों में 3118.30 करोड़ रुपये लागत का सिटी सेनिटेशन एक्शन प्लान को अनुमोदित किया गया। इसके अलावा बैठक में कैपेसिटी बिल्डिंग एंड एएंडओई एक्शन प्लान को भी अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अन्तर्गत 762 नगरीय निकायों के चिन्हित स्टेकहोल्डर्स को कैपिसिटी बिल्डिंग एवं कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास रंजन कुमार उपस्थित, निदेशक स्थानीय निकाय नेहा शर्मा सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# स्वामित्व योजना के अंतर्गत 90842 गांवों का ड्रोन सर्वे पूराः दुर्गा शंकर

● मुख्य सचिव ने की स्वामित्व व एग्रीस्टैक योजना की प्रगति की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्र ने स्वामित्व योजना एवं भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि अवशेष ग्रामों की घरौनी तैयार कराने का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा कराया जाए। कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिये प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार किया जाए। अच्छा कार्य करने वाले जनपदों के नामों को पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाये और उन्हें सम्मानित कराया जाए।

नवीन खतौनी रियल टाइम खतौनी के क्रियान्वयन में सही खातेदारों के नाम व भूमि का विवरण एक क्लिक पर प्राप्त होंगे योजनाओं के क्रियान्वयन में शुचिता व पारदर्शिता आयेगी। विचाराधीन वादों का विवरण प्राप्त होने से विवादित भूमियों के क्रय विक्रय व तद्क्रम में उत्पन्न विवादों में कमी आयेगी। कृषि विभाग को यूनिक फार्मर बनाने में सुगमता आयेगी। भूमि अर्जन करने वाली संस्थाओं को भूमि के अद्ययावधिक स्वामित्व की उपलब्धता होगी। फसल सर्वेक्षण, किसान सम्मान योजना के लिए पात्र लाभार्थियों का चयन सुगमता तथा विभिन्न प्रकार की सरकारी फसल खरीद में पारदर्शिता आयेगी। प्रदेश में रियल टाइम खतौनी परिवर्तन का कार्य जून 2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाए। स्वामित्व योजना के अंतर्गत अब तक 90842 ग्रामों का ड्रोन सर्वे का कार्य पूरा हो गया है अवशेष 65 का कार्य प्रगति पर है। सर्वे ऑफइंडिया द्वारा प्राप्त 67784 ग्रामों के नक्शों के सापेक्ष स्थानीय पड़ताल के पश्चात 51382 ग्रामों के मानचित्र सर्वे ऑफइंडिया को वापस कर दिये गये हैं। अब तक कुल 5132192 घरौनियों तैयार हो चुकी है। अवशेष ग्रामों में घरौनी तैयार करने की समय सीमा 30 जून निर्धारित की गयी है। पुरानी खतौनी से नवीन खतौनी पर माइग्रेशन हेतु सॉफ्टवेयर राजस्व परिषद द्वारा विकसित कर लिया गया है। रियल टाइम खतौनी परिवर्तन में परिवर्तन के पश्चात की गई प्रविष्टियों के सत्यापन की भी व्यवस्था की गई है। बैठक में बताया गया कि माइग्रेशन के पश्चात सीधे रियल टाइम खतौनी में अंकन किया जायेगा। नामान्तरण आदेश का खतौनी में अंकन होते ही भूमि प्राप्तकर्ता का नाम खतौनी में तत्काल बांयी तरफ प्रदर्शित होने लगेगा, अभी इस कार्य को खतौनी रोस्टर के अनुसार 6 वर्ष पर किया जाता है। आराजी में खातेदार का अंश स्पष्ट होने से कृषि योजनाओं में लाभ तथा वित्तीय आवश्यकताओं के लिये हिस्सा प्रमाणपत्र बनवाने की आवश्यकता नहीं होगी। अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव राजस्व सुधीर गर्ग, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद मनीषा त्रिघाटिया, सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त प्रभु नारायण सिंह उपस्थित थे।

# मल्टीपल माइलोमा से पीड़ित महिला की सर्जरी कर ठीक की जांघ की हड्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बलरामपुर** अस्पताल के डॉक्टरों ने एक मल्टीपल माइलोमा से पीड़ित महिला के जांघ के हड्डी की सर्जरी कर उसे फिर से चलने लायक बना दिया है। चार माह तक चले इलाज के बाद सोमवार को अस्पताल प्रशासन ने महिला का डिस्चार्ज कर दिया है। रामबेटी (60 वर्ष) पत्नी महेश प्रसाद निवासी लक्ष्मीपुर खीरी मल्टीपल माइलोमा जो एक तरह से ब्लड कैंसर होता है, से पीड़ित थी। यह कैंसर उसके शरीर के सभी हड्डियों में फैल गया था जिसके कारण उसकी जांघ की हड्डी फीमर बोन टूट गयी थी एवं मरणासन्न स्थिति में थी उसके बचने की कोई उम्मीद नहीं थी। परिजन महिला को लेकर बलरामपुर अस्पताल पहुॅचे। जिसका इलाज डॉक्टरों ने किया।



कैंसर जब थोड़ा सा कंट्रोल हुआ तब उसके हड्डी की ऑपरेशन करके उसमे सरिया डाली गई। अब मरीज़ संतोषजनक स्थिति में है एवं आज उनको 4 महीने बाद बार चिकित्सालय से छुट्टी दी गयी। अस्पताल के सीएमएस डॉ. जीपी गुप्ता ने बताया कि मरीज़ के पास आयुष्मान कार्ड होने के कारण उनका समस्त इलाज नि:शुल्क हुआ है। इस मरीज़ का इलाज कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभय सिंह के द्वारा किया गया एवं डॉक्टर ए पी सिंह के द्वारा उनके हड्डी का ऑपरेशन किया गया।

# मोटे अनाज के प्रोत्साहन पर चार साल में 200 करोड़ खर्च करेगी सरकार

● 2.5 लाख किसानों को निशुल्क दिया जाएगा बीज

**लखनऊ।** पूरी दुनिया इस साल 2023 अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मना रही है। चूंकि यह आयोजन भारत की पहल पर ही हो रहा है। लिहाजा देश में इस आयोजन को सफल बनाने की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। उप्र में कृषि अधिकांश लोगों की आजीविका का साधन है। दुनिया की उर्वरतम भूमि में शुमार इंडो गंगेटिक बेल्ट का अधिकांश हिस्सा उप्र में ही आता है। भरपूर पानी एवं मानव संसाधन होने के नाते उत्तर प्रदेश में किसी तरह की खेती की संभावना भी अच्छी है। यही वजह है कि मात्र 11 फीसद रकबे वाला उप्र देश का 20 फीसद खाद्यान्न पैदा करता है। मुख्यमंत्री की खेतीबाड़ी में खासी रुचि भी है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष को सफल बनाने में उप्र की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के निर्देश पर तैयारियां भी इसी अनुरूप हो रही हैं। उप्र मिलेटस पुनरोद्धार कार्यक्रम चला रही है। मंशा यह है कि मिलेट्स की पोषण संबंधी खूबियों से लोग वाकिफ हों। बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए अधिक्तम लोग इनका किसी न किसी रूप में इनका उपभोग करें। इसके मद्देनजर योजना के तहत मिलेट्स फसलों (बाजरा, ज्वार, सावा, कोदो आदि) की खेती को व्यापक पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए समग्रता में प्रयास किये जा रहे हैं। मसलन रकबे एवं उपज में वृद्धि, तैयार उत्पादों का प्रसंस्करण आदि।

2021-22 में कुल 10ण्3 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्रमुख मिलेट्स (मोटा अनाज) फसलों का उत्पादन होता है। बाजरा, ज्वार, कोदो एवं सावा का रकबा क्रमश: 9.05, 1.71, 0.02, 0.05 लाख हेक्टेयर है। 2026-27 तक इनकी बोआई का रकबा बढ़ाकर तक 25 लाख हेक्टेयर करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य योगी सरकार ने तय किया है। सरकार किसानों को नि:शुल्क बीज मिनीकिट वितरित करेगी। योजना के तहत चार वर्षों में 2.5 लाख बीज मिनीकिट मिलेटस के उपलब्ध कराये जायेंगे। इस पर राज्य सरकार 11.86 करोड़ रुपये खर्च करेगी। मिलेट्स के बीजोत्पादन के लिए सरकार वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक कुल 180 कृषक उत्पादक संगठनों को चार लाख रुपये प्रति एफपीओ की दर से सीड़ मनी उपलब्ध कराया जायेगा। इससे भविष्य में प्रदेश में मिलेटस की विभिन्न फसलों के बीज स्थानीय स्तर पर कृषकों को उपलब्ध हो सकेंगे। चार वर्षों में 7.20 करोड़ रुपये का व्यय आयेगा। मिलेट्स का रकबा एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम राज्य से लेकर ब्लाक स्तर पर चलाए जाएंगे। हर साल 72500 किसानों को हर साल मिलेट्स की बेहतर खेती के तौर.तरीकों के बाबत प्रशिक्षित किया जाएगा। इस तरह चार साल में कुल 2.9 लाख किसान लाभान्वित होंगे।

## लाठियों की जंग का मामला

# सड़क पर उतरे जिला पंचायत सदस्य

**संवाददाता।** सीतापुर

### शिवकुमार गुप्ता की अगुवाई में नारेबाजी कर पहुंचे एसपी आवास

### एसपी आवास के बाहर हुई तीखी बहस

### थानगांव के सीपतपुर में लाठियों की जंग मामले में कार्रवाई की मांग

### सीपतपुर के लोनियनपुरवा में दो गुटों के बीच हुआ था खूनी संघर्ष

**होली** से पहले सड़कों पर उतरकर जिला पंचायत के सदस्य क्यों हुए नाराज, क्यों करने लगे नारेबाजी, क्यों जिला पंचायत कार्यालय से पुलिस अधीक्षक के आवास तक किए पैदल मार्च और फिर पुलिस अधीक्षक के आवास के बाहर पुलिस अधिकारियों से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता और सदस्यों की क्यों हुई तीखी बहस। पहले हम आपको जिला पंचायत सदस्यों के सड़कों पर उतरने के पीछे का कारण बताते हैं। दरअसल सोमवार को थाना थानगांव इलाके के शीपतपुर के मजरा लोनियनपुरवा में हुए भयंकर बवाल का वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में कई लोग दौड़ा-दौड़ाकर लाठियों से एक वृद्ध को पीट रहे हैं, महिलाएं चीख रही हैं, मामले के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। लोनिया समाज के दोनों पक्ष हैं और दोनों पक्षों को सत्तापक्ष भाजपा का ही संरक्षण है, इसी इलाके से जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता सदस्य निर्वाचित हुए हैं। दूसरे पक्ष का बरदहस्त सेवता विधायक ज्ञान तिवारी को मिलना बताया जा रहा है। ज्ञान तिवारी और शिवकुमार गुप्ता के बीच की तल्खी किसी से छिपी नहीं है, इधर जबसे जिला पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव का नया कानून आया है, तबसे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता सांसद, विधायक के अलावा तीसरी शक्ति के रूप में खुद को स्थापित करने में लगे हैं, जिला पंचायत सदस्यों का समर्थन पाकर वह अपनी ताकत समय-समय पर दिखाते रहते हैं। सोमवार को थाना थानगांव इलाके के शीपतपुर में एक पक्ष द्वारा लाठियों से दूसरे पक्ष पर किए गए जानलेवा हमले में कार्रवाई न होने को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता आगबबूला हो गए, पहले तो वह मारपीट का वीडियो वायरल किए, फिर सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद से कार्रवाई करने की मांग किए, पुलिस की ओर से संतुष्ट न होने के बाद होली मिलन के लिए बुलाए गए, जिला पंचायत सदस्यों के साथ जिला पंचायत के नेहरू हाल से पैदल ही सड़क पर नारेबाजी करते हुए पुलिस अधीक्षक आवास पर पहुंच गए। सूचना लगते ही सीओ सिटी सुशील कुमार सिंह, शहर कोतवाली टीपी सिंह, इमलिया सुल्तानपुर एसओ मनीष कुमार सिंह, पीआरओ रोहित दुबे समेत भारी पुलिस बल पहुंच गया और पुलिस अधीक्षक आवास के अंदर जाने से रोक दिया, इसके बाद पुलिस बल और प्रदर्शनकारियों में झड़प होने लगी। शिवकुमार गुप्ता ने महमूदाबाद सीओ रविशंकर प्रसाद पर आरोप लगाए, पुलिस की ओर से नाराजगी जताई गई कि जो वह कर रहे हैं, इससे तो कप्तान आवास पर प्रदर्शन करने वालों की परंपरा पड़ जाएगी, फिलहाल पांच लोगों को पुलिस कप्तान घुले सुशील चंद्रभान ने मिलने के लिए बुलाया कप्तान से मिलने के बाद शिवकुमार गुप्ता और जिला पंचायत के सदस्य संतुष्ट दिखाई दिए।

# उत्साह, उल्लास और उमंग से मनाया गया कन्या जन्मोत्सव, अभिभावकों के खिले चेहरे

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**बेटी** बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिलेभर में नव जन्मी कन्याओं का जन्मोत्सव रंग से सराबोर होकर मनाया गया। प्रशासन की पहल पर कन्याओं के जन्म लेने पर परिजनों में खुशियां और उत्साह देखने को मिला। होली से पूर्व जिले में नव जन्मी कन्याओं का बर्थ डे पर जिला महिला चिकित्सालय समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रशासनिक अफसरोंए चिकित्साधिकारियोंए जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कन्याओं के अभिभावकों ने केक काटा। कन्याओं के माता पिता को बेबी किट भी प्रदान की। वही प्रशासन ने होली के पर्व के मद्देनजर रंगए गुलाल सहित गुझिया का भी वितरण किया। जिला महिला चिकित्सालय में डीपीओ संजय कुमार निगम ने कन्या जन्म उत्सव आयोजन की स्वयं कमान संभालीए जिसमें उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती श्रद्धा सिंहए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ज्योति मल्होत्रा ने अपने सम्मुख सभी नव जन्मी कन्याएं के माता.पिता को बेबी किट एवं अन्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान अफसरों ने रंग लगाकर बेटी की जन्म पर शुभकामनाएं दी। एसडीएम श्रद्धा सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में जनपद में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बेटियों के प्रति अभिभावकों में सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करने एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से अधिकारियों की तरफसे जनपद में विभिन्न स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डीपीओ संजय कुमार निगम ने बताया कि जिला महिला चिकित्सालय समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नव जन्मी बालिकाओं के अभिभावकों को बधाई पत्र दियाए तथा उनसे आग्रह किया गया कि बिना किसी भेदभाव के अपनी बेटियों का लालन.पालन करेंए सरकार से मिलने वाली सभी योजनाओं का हर किसी को लाभ पहुंचेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ में जिला समन्वयक निक्की गुप्ता के संयोजन में कन्या जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआए जिसमें कन्याओं के अभिभावकों को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। चिकित्सा अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में केक काटकर जन्मदिन को विशेष बनाया गया।

# डीएम ने खेली परिषदीय विद्यालय के बच्चों के साथ होली, दीं शुभकामनाएं और उपहार

### जब पूरा देश त्योहार मना रहा होता है तो नौनिहालों को भी उसी खुशी का एहसास कराना जरूरीः डीएम

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**जनपद** खीरी के डीएम का होली मनाने का इस बार का अंदाज आम लोगों के दिलों को भी छू गया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपने गोद लिए बच्चों को बीएसए, डीपीओ को भेजकर दफ्तर बुलवाया और उनके साथ न केवल होली खेली, बल्कि उन्हें उपहार भेंट किए। डीएम ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने दफ्तर में गोद लिए नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय सदर के बच्चों के साथ होली खेली। वहीं बच्चों और स्टाफ ने भी उनको रंग लगाया। डीएम ने कहा कि जब पूरा देश त्योहार मना रहा होता है तो नौनिहालों को भी उसी खुशी का एहसास कराना जरूरी है। उन्हें लगना चाहिए कि अभिभावक के रूप में हम सब उनके साथ हैं। डीएम ने परिषदीय विद्यालय सदर के बच्चों के साथ माथे पर टीका लगाकर होली खेली। यहां गिफ्ट में बच्चों को डीएम की ओर से मिठाई, गुझिया, पिचकारी और हर्बल रंग भी दिया गया। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। इस हौसला अफजाई का बच्चों ने भी तहे दिल से शुक्रिया भी अदा किया। डीएम ने अपील की कि सक्षम व सम्पन्न लोग अपनी खुशियां जरूरतमंदों व दिव्यांगजनों के साथ बांटे। लोगों को अपनी त्यौहार, उत्सव, जन्मदिन आदि महत्वपूर्ण अवसर जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाने चाहिए तथा उनकी मदद करनी चाहिए। इस दौरान एडीएम संजय कुमार सिंह, डीपीओ संजय कुमार निगम, बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय, एसडीएम धीरेंद्र सिंह, विधेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# निर्धारित किराए से ज्यादा वसूलने पर वाहन स्वामी और स्टाफ पर होगी सख्त कार्रवाई

### निजी व सरकारी बस अड्डे पर एआरटीओ ने फैलाई जागरूकता, चालक, परिचालकों और यात्रियों से किया संवाद

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**होली** पर्व के मद्देनजर शासन के निर्देश पर एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने जिले के सभी राजकीयए निजी क्षेत्र के बस स्टेशन पर दस्तक देकर जागरूकता मुहिम चलाई। एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने वाहन स्वामियों, चालक, परिचालक से संवाद किया। उन्होंने निर्देश दिए कि होली के पर्व के दौरान निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं। सवारियों को बैठाते एवं उतारते समय सतर्कता एवं सावधानी बरतें। सभी चालक परिचालक यात्रियों से सम्मानजनक तरीके से बेहतर व्यवहार करते पेश आए। उन्होंने निर्देश दिया कि यात्रियों से अनुमन्य किराया ही लिया जाए। निर्धारित किराए से ज्यादा वसूलने पर संबंधित वाहन स्वामी एवं स्टाफ पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एआरटीओ ने बसों में सवार यात्रियों से भी संवाद करते हुए सुरक्षित यात्रा करने की सलाह दी। यदि अनुमन्य किराए से कोई भी ज्यादा किराए की मांग करें तो बस पर दिए गए नंबरों, प्रशासन एवं उन्हें तत्काल सूचित करें। इस दौरान उन्होंने अपना सीयूजी नंबर भी यात्रियों से साझा किया। प्रशासन आपको सुरक्षित यात्रा कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एआरटीओ ने यात्रियों को होली की शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## क्विक न्यूज

### बिना लाइसेंस शराब परोसते होटल मैनेजर को धर दबोचा

**बरेली।** होटल में बिना लाइसेंस शराब परोसने पर पुलिस ने होटल के मैनेजर को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा प्रेम नगर पुलिस ने घर से मौज मस्ती करने के लिए निकले युवकों को सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करते हुए भी दबोचा। पुलिस ने 4 युवकों के खिलाफधारा 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की। बीती रात थाना अध्यक्ष प्रेमनगर ने आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की तलाश के लिए चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान रोड किनारे देर रात तक दुकान खोलने वाले दुकानदारों को समय से दुकान बंद करने की हिदायत दी। इस दौरान उन्होंने हर हाल में रात्रि 11 बजे से पूर्व कैफे बंद करने की सलाह दी। होटल गरम मसाला में ग्राहकों को बिना लाइसेंस शराब परोसी जा रही थी। पुलिस ने होटल मैनेजर सुधीर निवासी सुभाष नगर के खिलाफआबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

### होली पर 1800 लोगों को किया मुचलका पाबंद

**शाहजहांपुर।** होली पर लाट साहब का जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस ने अराजकता फैलाने वालों को चिन्हित तीन थाना क्षेत्रों में 18,00 लोगों को मुचलका पाबंद किया। होली को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह के लेकर पुलिस अधीक्षक एस आंनद लगातार बैठकों के साथ पैदल मार्च कर सभी समाज के लोगो से पर्व को शांति से मनाने की अपीलकर रहे है। एसपी ने आरएएफऔर स्थानीय पुलिस बल के साथ सदर से लेकर चौक कोतवाली तक पैदल मार्च निकाला। पुलिस का मकसद है कि लोगों को भरोसा होना चाहिए कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय तैयार है। एसपी ने कहा कि माहौल बिगड़ाने वालों से सख्ती से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल है। होली के दिन चौक कोतवाली, थाना सदर और थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र से दो बड़े लाट साहब के जुलूस निकाले जाते हैं। जिसमें जमकर हुड़दंग होता है। लाट साहब को रास्ते भर जूते, चप्पल और झाड़ुओं से मारा जाता है।

### आलोक कुमार सिंह अध्यक्ष, लालता प्रसाद महामंत्री चुने गए

**मोहम्मदी खीरी।** बार एसोसिएशन मोहम्मदी का चुनाव हुआ संपन्न हुआएआज प्रातः काल 10रूबजे से वार सभागार में अधिवक्ताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया एकुल वोट 385 मे 378 मत पडेए तीन बजे से मतगणना हुई जिसमे आलोक कुमार सिंह अध्यक्ष और महामंत्री लालता प्रसाद, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार तिवारी और कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार विजई घोषित हुए,अध्यक्ष पद के प्रत्याशी आलोक कुमार सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रदुमन मिश्रा को 14 वोटों से हराया, वही महामंत्री लालता प्रसाद ने अपने प्रतिद्वंदी अवनीश कुमार मिश्रा को 121 वोटों से हराया, पंकज कश्यप को 57 वोट मिले, कोषाध्यक्ष मे प्रमोद कुमार ने नित्यानंद को 38 वोटों से हराया, जियाउल हसन को 79 वोट मिले, चुनाव अधिकारी ने जीते हुए प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिया, सुरक्षा के बिहार से भारी पुलिस बल तैनात रहा गीतों का प्रत्याशी को पूर्व महामंत्री हसन नकवी पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार सिंह कुलदीप सिंह नीरज रस्तोगी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बधाई दी।



### दो पक्षों में पथराव-कई घायल

**बरेली।** मामूली विवाद के बाद दो पक्षों में पथराव हो गया जिससे कई लोग घायल हो गए। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के तुला शेरपुर निवासी मिथुन सागर पुत्र ननकू सागर ने बताया कि कल रात में वह अपने दोस्तों के साथ मोहल्ले में टहल रहे थे इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाले प्रमोद राणा, जसवंत राणा उर्फममता, राहुल राणा, अमित राणा और कौशल राणा उसे गालियां देने लगे जिससे उसके पक्ष के लोग बीच मौके पर पहुंच गए इससे गुस्साए प्रमोद राणा और उसके साथियों ने पथराव शुरू कर दिया जिससे प्रदीप ठाकुर मिथुन रीता समेत कई लोग घायल हो गए और हमलावर फरार हो गए वही प्रमोद राणा ने बताया कि मिथुन सागर और उसके घर वाले अक्सर उनके साथ गाली गलौज और मारपीट करते हैं कल रात में भी वह उसके साथ गाली-गलौज कर रहे थे जिसको लेकर विवाद हो गया घायलों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी ।

### सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास महिला सशक्तीकरण प्रदर्शनी का आयोजन

**शाहजहाँपुर।** खिरनीबाग रामलीला मैदान में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास विषयक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्ण चन्द्र मिश्रा ने किया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा किये गए विभिन्न कल्याणकारी कार्यों एवं संचालित योजनाओं, मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज, युवाओ को नौकरी, मिशन रोजगार, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास, महिला सशक्तिकरण, कृषि आदि से सम्बंधित पोस्टर एवं डिस्प्ले के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा, कृष्ण चन्द्र मिश्रा ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा कृषि के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने के साथ-साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, हवाई पट्टी का विकास, चिकित्सा के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज, प्रधानमंत्री आवास योजना, सौर ऊर्जा, आयुष्मान भारत योजना आदि जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर पारदर्शी ढंग से पात्रजनों को लाभान्वित किए जा रहा है।

### चाइनीज मांझे से युवती की गर्दन कटी

**बरेली।** स्कूटी पर जा रही एक युवती की गर्दन में चाइनीज मांझा लिपटने से उसकी गर्दन कट गई पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करायाकोतवाली थाना क्षेत्र में चौक फ्लाईओवर ब्रिज पर स्कूटी सवार युवती श्वेता अपने किसी काम से ओवरब्रिज से गुजर रही थी इसी दौरान अचानक जमीन पर गिर रहा चाइनीस मांझा उसकी गर्दन में लिपट गया जिससे गर्दन कट गई जैसे ही घटना की जानकारी रास्ते से गुजर रहे लोगों को मिली वह तुरंत मौके पर पहुंचे और माझे को उसकी गर्दन से निकाल कर घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने श्वेता को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा ।

### बुजुर्ग की मौत के लिए डॉक्टर को बताया जिम्मेदार

**बरेली।** इलाज के दौरान एक बुजुर्ग की मौत के बाद मृतक के घर वालों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए उसकी मौत के लिए डॉक्टर को जिम्मेदार बताया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी। हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव रिठौरा निवासी 62 वर्षीय जमुना प्रसाद पुत्र श्यामलाल की रविवार सुबह बरेली के राजेंद्र नगर स्थित एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि जमुना प्रसाद की 4 मार्च को अचानक तबीयत बिगड़ गई उसके पेट में काफी तकलीफ थी तब वो उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जाट डॉक्टर ने बताया कि जमुना प्रसाद का इलाज करने के लिए उनके यहां स्पेशलिस्ट डॉक्टर है लेकिन इलाज के दौरान जमुना प्रसाद की कोई भी जांच नहीं की गई और बिना किसी जांच के ही इलाज जारी रखा गया जिसके चलते 5 मार्च की सुबह उसकी मौत हो गई घर वालों ने उसकी मौत के बाद अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया ।

# वैश्य समाज के होली मिलन में कैबिनेट मंत्री भी करेंगे शिरकत

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**अखिल** भारतीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने सोमवार को संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय गुप्ता के आवास पर प्रेस वार्ता का आयोजन कर आगामी 10 मार्च को होने वाले होली मिलन समारोह की जानकारी दी। संगठन की बरेली मंडल अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने बताया कि होली के अवसर पर वैसे तो विभिन्न वर्गों के अलग-अलग कई होली मिलन समारोह आयोजित किये जाते हैं लेकिन वैश्य समाज के सभी उपवर्गों का एक साथ एक मंच पर आगामी 10 मार्च, दिन शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक सुभाष(हंथौडा) चौराहे के निकट गन्ना शोध परिषद के सभागार में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला महामंत्री अजय गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश खन्ना व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर एस-हलवासिया ( प्रदेश भाजपा संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ) उपस्थिति रहेंगे। महिला इकाई की जिलाध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने बताया कि पूरे जिले से समाज के सभी उपवर्गों से लोग कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। महिला इकाई की जिला महामंत्री ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वृजेश वैश्य, जलालाबाद के चेयरमैन मनेंद्र गुप्ता, पुवायां के चेयरमैन संजय गुप्ता आदि उपस्थित रहेंगे। महानगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता (प्रधान) ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में बच्चों के लिए झूले व सभी के लिए समुचित खाने पीने का प्रबन्ध समाज के लोगों द्वारा किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, महानगर के महामंत्री कुलदीप गुप्ता, महिला इकाई की जिलाध्यक्ष रजनी गुप्ता आदि ने जनपद के सभी वैश्य बन्धुओं से कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की। इस दौरान सुधा गुप्ता, अभिनय गुप्ता,सचिन बॉथम, विनायक अग्रवाल,चन्द्रमणि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### संजय नगर में बीच सड़क पर खुलेआम फायरिंग

**बरेली।** संजय नगर में उस समय हडकंप मच गया जब बीच रोडपर एक युवक ने सरेआम सड़क पर तमंचा लहराया व कई राउंड फायरिंग की जिसका किसी राहगीर ने वीडियो बना लिया यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले युवक की वीडियो के आधार पर तलाश की जा रही है।थाना बरादरी क्षेत्र के संजय नगर में एक युवक ने उस समय दहशत फैला दी जब उसने तंमचा लहराए हुए दो राउंड फायरिंग कर दी रिश्ते रास्ते से गुजर रहे राहगीरों और स्थानीय लोगों में भगदड़ मच गई इस दौरान रास्ते से गुजर रहे किसी राहगीर ने युवक की यह हरकत चूपचाप मोबाइल में वीडियो बना ली और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया तब से वीडियो शोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। लेकिन पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। पुलिस का कहना वीडिओ की जांच कर युवक की पहचान की जा रही है। उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस अधिकारियों ने आरएएफ के साथ शहर में किया पैदल मार्च

**शाहजहांपुर।** लाट साहब के जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए हर साल पुलिस को बाहर से पुलिस बल बुलाना पड़ता है। इस बार एक कंपनी आरएएफ शहर में पहुंच चुकी है। एक कंपनी पीएसी की भी मांग पुलिस विभाग की तरफ से की गई है। एसपी एसआनंद ने आरएएफ के साथ स्थानीय पुलिस ने पैदल मार्च निकाला। सदर से शुरू पैदल मार्च चौक कोतवाली तक लाया गया। इसी रूट से बड़े लाट साहब का जुलूस निकलता है। जिसकी लंबाई करीब आठ किलोमीटर है। जुलूस के दौरान या उससे माहौल को बिगाड़ने वालों को पुलिस ने चिन्हित करना शुरू कर दिया है। ऐसे लोगों पर पुलिस ने कार्रवाई भी करना शुरू कर दी है। चौक कोतवाली, थाना सदर और रामचंद्र मिशन क्षेत्र से लगभग 18,00 ऐसे लोगों को मुचलका पाबंद किया गया है। जिनके उपर पुलिस को शक था कि किसी समय ये लोग माहौल को बिगाड़ सकते हैं। एसपी एस आनंद ने बताया कि, एक कंपनी आरएएफ शाहजहांपुर पहुंच गई है। पर्याप्त पुलिस बल है। माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

### होली से पूर्व पुलिस ने खुराफातीयों को किया मुचलका पाबंद

**बरेली।** होली के पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर है। पुलिस ने जिले में होली से पूर्व 29241 लोगों को मुचलका पाबंद किया है। जिले में 59 शोभायात्रा व छोटे बड़े जुलूस निकलेंगे जिनकी सुरक्षा को लेकर 53 इंस्पेक्टर, 275 एसआई, 1257 कांस्टेबल, 73 यातायात पुलिसकर्मी, 462 होमगार्ड, 4 कम्पनी पीएसी और 111 क्यूआरटी टीम जिले में तैनात रहेंगी। शहर में 861 और देहात में 2047 स्थानों पर होलिका दहन होगा। संवेदनशील इलाकों में पुलिस की खास निगरानी रहेगी वही संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर लिया गया है।

## पेज एक का शेष

### विपक्ष हमलावर..

चारा घोटाला से जुड़े मामले, जिनमें उन्हें दोषी ठहराया गया है, भाजपा के सत्ता में आने से बहुत पहले दर्ज किए गए थे। उन्होंने कहा, चारा घोटाला से जुड़े मामले तब दर्ज किए गए थे, जब केंद्र में संयुक्त मोर्चा की सरकार थी, जिसका लालू खुद हिस्सा थे। शिकायतकर्ताओं में शिवानंद तिवारी और राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन शामिल थे। तिवारी अब लालू की पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, वहीं राजीव रंजन राजद की सहयोगी जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख हैं। भाजपा के एक अन्य नेता और पूर्व मंत्री जिबेश कुमार मिश्रा ने कहा, लालू प्रसाद को पहली बार, 2013 में चारा घोटाले के मामले में दोषी करार दिया गया था। उस समय केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार थी, जिसमें उनकी पार्टी भी शामिल थी। मिश्रा ने कहा, सीबीआई एक स्वतंत्र एजेंसी है। वह अपना काम कर रही है। राजनीतिक प्रतिशोध के आरोप निराधार हैं। लालू प्रसाद और उनका परिवार वही काट रहा है, जो उन्होंने बोया था। जैसी करनी वैसी भरनी।

### प्रधानमंत्री ने गर्मी...

पीएमओ ने कहा, उन्हें गर्मी से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए देश भर में चल रहे विभिन्न प्रयासों और शमन उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने नागरिकों सहित विभिन्न हितधारकों के लिए अलग-अलग जागरूकता सामग्री तैयार करने और स्कूलों में कुछ मल्टीमीडिया व्याख्यान सत्रों को शामिल करने का निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों को अत्यधिक गर्मी की स्थिति से निपटने के बारे में संवेदनशील बनाया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्म मौसम के लिए प्रोटोकॉल और क्या करें व क्या न करें को सुलभ प्रारूपों में तैयार किए जाने चाहिए और प्रचार के विभिन्न अन्य तरीकों जैसे जिंगल्स, फिल्म, पैम्फलेट आदि भी जारी भी किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आईएमडी से दैनिक मौसम पूर्वानुमान इस तरह से जारी करने के लिए कहा, जिसकी आसानी से व्याख्या और प्रसार किया जा सके। पीएमओ ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम को प्रतिकूल मौसम की स्थिति में अनाज के भंडारण को सुनिश्चित करने के लिए तैयार करने के लिए कहा गया।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में...

मोदी ने कहा कि कोविड महामारी ने पूरे विश्व को यह दिखाया और सिखाया भी कि जब इतनी बड़ी आपदा होती है तो समृद्ध देशों की विकसित व्यवस्थाएं भी ध्वस्त हो जाती हैं। उन्होंने कहा, भारत सिर्फ स्वास्थ्य देखभाल तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि हम एक कदम आगे बढ़कर इससे बचने के उपायों के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए हमने दुनिया के सामने एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य का दृष्टिकोण पेश किया है। उन्होंने कहा, चाहे इंसान हों, जानवर हों, पौधे हों... सबके लिए एक समग्र स्वास्थ्य देखभाल की हमने बात कही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में इलाज को किफायती बनाना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देने के पीछे यही भाव है। उन्होंने कहा, इसके तहत अभी तक देश के करोड़ों मरीज़ों के लगभग 80 हजार करोड़ रुपए, जो बीमारी में उपचार के लिए खर्च होने वाले थे, वह खर्च होने से बचे हैं। सात मार्च को जन औषधि दिवस मनाए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि देश में करीब 9 हजार जनऔषधि केंद्र हैं और इन केंद्रों पर बाज़ार से बहुत सस्ती कीमत पर दवाएं उपलब्ध हैं।उन्होंने कहा, इससे भी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को लगभग सिर्फ दवाई खरीद करने में 20 हजार करोड़ रुपए की बचत हुई है। यानि सिर्फ दो योजनाओं से ही अभी तक भारत के हमारे नागरिकों के एक लाख करोड़ रुपए उनकी जेब में बचे हुए हैं। मोदी ने कहा कि गंभीर बीमारियों के लिए देश में अच्छे और आधुनिक स्वास्थ्य ढांचे का होना भी बहुत जरूरी है और सरकार का एक प्रमुख ध्यान इस बात पर भी है कि लोगों को घर के पास ही जांच व प्राथमिक उपचार की बेहतर सुविधा हो। उन्होंने कहा, इसके लिए देशभर में डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तैयार हो रहे हैं। इनमें डायबिटीज़, कैंसर और दिल से जुड़ी गंभीर बीमारियों की जांच की सुविधा है। उन्होंने कहा कि पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत क्रिटिकल हेल्थ इंफ्रा को छोटे शहरों और कस्बों तक ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे को टियर-2 शहरों और छोटी बस्तियों में ले जाया जा रहा है, जिससे वहां एक स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र का विकास हो रहा है। मोदी ने कहा कि देश के दवा क्षेत्र ने वैश्विक महामारी के दौरान वैश्विक स्तर पर विश्वास अर्जित किया। उन्होंने इस क्षेत्र में विश्वास का निर्माण और पूंजीकरण करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार केवल स्वास्थ्य देखभाल पर ही नहीं, बल्कि नागरिकों के पूर्ण कल्याण पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ बुनियादी ढांचे के साथ ही सरकार की प्राथमिकता मानव संसाधन पर भी है।

### पूर्वोत्तर के तीनों..

बीते 27 फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में एनपीपी ने 26 सीटें हासिल की थीं, जबकि दो सीटों वाली भाजपा ने एनपीपी के नेतृत्व वाली सरकार को अपना समर्थन दिया। वर्ष 2018 से मुख्यमंत्री संगमा ने राज्यपाल को 32 विधायकों के हस्ताक्षर वाला समर्थन पत्र सौंपा था। इनमें 26 विधायक एनपीपी, दो भाजपा, दो हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और दो निर्दलीय विधायक शामिल हैं।

### उमेश पाल हत्याकांड ..

इससे पूर्व, उमेश पाल हत्याकांड का एक अन्य आरोपी अरबाज 27 फरवरी को धूमनगंज थाना क्षेत्र में नेहरू पार्क के जंगल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। इस मुठभेड़ में धूमनगंज थाना प्रभारी राजेश मौर्य घायल हो गए थे। उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी को धूमनगंज थाना क्षेत्र में उमेश पाल और उनके दो सुरक्षाकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह पूरी घटना आसपास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, जिसकी मदद से ज्यादातर शूटर की पहचान हो गई है। उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने घटना के अगले दिन धूमनगंज थाने में पूर्व सांसद अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, अतीक के दो बेटों, अतीक के साथी गुड्डू मुस्लिम और गुलाम और नौ अन्य साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 7 मार्च 2023



# पैसों के प्रलोभन में अब्बास और निखत की खिदमत कर रहे थे जेल के अधिकारी

●पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने प्रेस वार्ता कर किया मामले का खुलासा

**संवाददाता।** चित्रकूट



**पुलिस** अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बताया कि निलम्बित जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर, जेलर संतोष कुमार व जेल वार्डन जगमोहन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनकी तलाशी में क्रमशः एक-एक मोबाइल फोन व चार पहिया वाहन बरामद कर सीज किया है। बरामद वाहन की इएमआई अब्बास अंसारी व निखत बानो की मदद से चुकाई गई है। बताते हैं कि पैसों के प्रलोभन में जेल के अफसर अब्बास और निकहत की खिदमत में लगे हुए थे। इन अफसरों को अरेस्ट कर लिया गया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रूबरु हुईं। उन्होंने बताया कि दस फरवरी को जिला कारागार में गैरकानूनी गतिविधियां चलने की सूचना पर डीएम अभिषेक आनन्द व उन्होंने छापेमारी कर कारागार की संवेदनशील बैरकों की जांच की थी। जेल में बन्द अब्बास अंसारी अपनी बैरक में नहीं था। इस बाबत कारागार कर्मियों से पूछताछ की गई तो पता चला कि कारागार कार्यालय के एक कमरे में मुलाकात की अनुमति दी गई है। मुलाकाती रजिस्टर की जांच में विवरण अंकित नहीं था। कारागार के मुख्य द्वार पर तैनात कर्मियों ने बताया कि गेट पर तैनात एक जेल पुलिस कर्मी अब्बास अंसारी को कमरे से निकालकर बैरक की ओर ले गया है। कमरे में देखा तो वहां अब्बास की पत्नी निखत बानो मौजूद मिलीं।

उन्होंने बताया कि छह मार्च को मुखबिर की सूचना पर चकरेही चौराहा कर्वी से इस मामले में वांछित निलम्बित जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर पुत्र भिखारी सिंह निवासी मानपुर थाना खानपुर जिला बुलंदशहर, जेलर संतोष कुमार पुत्र स्व रामलखन निवासी बिहरदर थाना चंदवक जिला जौनपुर व जेल वार्डन जगमोहन सिंह पुत्र सीताराम सिंह निवासी नगलादेह थाना माट जिला मथुरा को गिरफ्तार किया। अशोक सागर की तलाशी में एक ओप्पो मोबाइल फोन, संतोष की तलाशी में एक सैमसंग मोबाइल फोन व संतोष की गाडी केआईए कारनेश यूपी 62सीपी- 0921 को सीज किया। इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि ये वाहन इएमआई अब्बास अंसारी व निखत बानो की मदद से चुकाई गई है। विवेचना में पता चला कि अशोक सागर व संतोष कुमार तथा जगमोहन सिंह जिला कारागार के अन्दर गैरकानूनी गतिविधियां चला रहे थे।

अब्बास अंसारी ने इन्हें नियमित रुप से पैसों का प्रलोभन देकर बिना किसी रोकटोक के उसकी पत्नी व ड्राइवर फोन व अन्य सामान जेल लेकर जाने की खुली छूट देते रहे हैं। इन्हें पैसा कैंटीन संचालक नवनीत सचान देता रहा है। सात फरवरी को जेल अधीक्षक व जेलर को आखिरी बार नवनीत ने पैसा दिया था। जेल वार्डन जगमोहन सिंह छह लाख रुपये का था, इन्हें दिया था। पुलिस की पूछताछ में उनकी निशानदेही पर अशोक सागर से चार लाख रुपये व संतोष से एक लाख 80 हजार रुपये बरामद किये हैं।

## अंतरजनपदीय गिरोह के पांच शातिर चोर गिरफ्तार

**फतेहपुर।** औंग थाना पुलिस ने सोमवार को चोर गिरोह के पांच अंतर्जनपदीय शातिरों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए चोरों से दर्जन भर चोरी के मोबाइलों के साथ देसी बम, असलहा व कारतूस पुलिस ने बरामद किया है। थाना क्षेत्र में विगत चार मार्च की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसकी सुरागरसी में पुलिस शिद्दत से लगी हुई थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सुबह करीब साढ़े आठ बजे हाईवे स्थित गोधरौली ओवरब्रिज के समीप से पांच शातिरों को धर दबोचा। इनके कब्जे से चोरी के 13 एंड्राइड व कीपैड मोबाइलों के अलावा एक देशी तमंचा, कारतूस और छह देशी बम पुलिस ने बरामद किया है। पकड़े गए शातिरों ने आशीष उर्फ गोलू उर्फ पंजा निवासी मुरादीपुर, अमित पटेल उर्फ पारुल निवासी चित्तापुर, अभय सिंह उर्फपुत्तू सिंह निवासी गुगौली, रवि करन धोबी उर्फ रवि व दीपक पटेल उर्फ शैलेंद्र पटेल निवासीगण चंदनपुर थाना कल्याणपुर अपनी पहचान बताई है। शातिरों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने न्यायालय रवाना किया है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोरों का गैंग बरामद कीं 10 बाइकें व अवैध हथियार



**संवाददाता।** राठ, हमीरपुर

**कोतवाली** पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गैंग के पास से 10 बाइकें व अवैध असलहा समेत चार अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आरोपियों को पुलिस अधीक्षक के सामने पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने बताया कि कस्बे में पिछले काफी समय से बाइक चोरी की घटनाएं हो रहीं थी। नवागंतुक कोतवाल भरत कुमार ने बाइक चोरों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था, रविवार को पुलिस ने उरई बस स्टैंड़ पर चेकिंग के दौरान जानकारी हुई कि बाइक चोर गिरोह चोरी की बाइकें लेकर अमगांव तिराहे के पास पहुंचने वाला है। कोतवाल भरत कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान उरई की तरफसे एक साथ आ रही चार बाइकों को रोकने पर चोर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक चोरों को पकड़ लिया। पुलिस ने राघवेंद्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी सिंगार थाना गुरसराय जनपद झांसी के पास से एक अवैध अद्धी व कारतूस और एक बाइक बरामद की। इसी तरह अंशुल यादव निवासी खिस्टोन थाना पृथ्वीपुर जिला निवाडी मप्र, गंगाचरन निवासी बड़ा खरका थाना चिकासी, प्रदीप राजपूत निवासी बंगरा थाना चिकासी हाल मुकाम उरई स्टैंड राठ को गिरफ्तार किया। एक युवक भाग निकला जो एक बाइक छोड़ गया। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की निशादेही पर नवोदय विद्यालय के सामने बबूल की झाड़ियो में छिपाई गई छह बाइकें बरामद कीं। आरोपी राघवेंद्र ने बताया कि यह बाइकें चोरी की हैं, जिसमें चार कस्बा राठ के अगल–अलग स्थानों एवं दो बाइकें गुरसराय झांसी से चोरी की गई हैं।

## उद्योग व्यापार मंडल ने की आईटी मंच की घोषणा



**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के निर्देशन एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भैरव प्रसाद मिश्रा की मौजूदगी में मुख्यालय स्थित एक होटल मे उद्योग व्यापार मंडल चित्रकूट इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष ओम केशरवानी द्वारा कर्वी नगर के आईटी मंच की विधिवत घोषणा की गई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की आयोजित बैठक में मख्य अतिथि रहे पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भैरों प्रसाद मिश्रा ने संगठन को ब्लाक और तहसील स्तर पर मजबूती के साथ खड़ा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में व्यापार मंडल से बड़ा और मजबूत कोई दूसरा संगठन नही है। व्यापारियों के शोषण के खिलाफ हमेशा व्यापार मंडल ने लडाई लड़ी है। उन्होंने जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी के नेतृत्व में संगठन के मजबूत होने पर खुशी जताई। वहीं व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है। संस्थापक स्व पं.श्याम बिहारी मिश्रा के बताते रास्ते पर चलकर संगठन लगातार शहर व ब्लाकों में मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन हमेशा व्यापारियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में आगे रहा है।

## होली व शबेरात पर्वों पर तैनात होंगी '108' एंबुलेंस

**फतेहपुर।** जनपद में ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेस की ओर से संचालित 108 और 102 एंबुलेंस सेवा दिन रात मरीजों की सेवा के लिये तत्पर रहती है। किसी भी हालातों में इस सेवा को बाधित नहीं किया जाता है। होली व शबेबरात के मौके पर आम जनमानस को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो इसलिए जिले के प्रोग्राम मैनेजर आशीष द्विवेदी और उनकी टीम द्वारा एंबुलेंस के हॉटस्पॉट सुनिश्चित किए हैं। जहां पर दुर्घटना बहुमूल्य क्षेत्र हाइवे, चौराहे, स्थानीय टर्निंग जैसे स्थानों पर 108 एंबुलेंस को तैनात रहने के निर्देश दिए है। जिले में 108 एंबुलेंस की संख्या 33 है। जिनमें से 25 एंबुलेंस दुर्घटना संभावित क्षेत्र को देखते हुए हॉटस्पॉट क्षेत्रों में तैनात की गयी हैं।

# निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र कराएं पूर्ण अन्यथा होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**जिलाधकारी** नेहा जैन की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग, स्वास्थ्य, वन, पशुपालन, आपूर्ति, लोक निर्माण विभाग, लघु सिंचाई, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग आदि विभागों की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि होली पर्व के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति भैस, गाय आदि पशुओं के ऊपर रंग आदि न डाले, अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधि में संलिप्त होता है तो संबंधित के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि पशुओं को अनावश्यक पीड़ा या यातना पहुंचाने के निवारणार्थ और उस प्रयोजन के लिए पशुओं के प्रति क्रूरता न अपनायी जाये। वहीं जिलाधिकारी ने जूम मीटिंग के माध्यम से सभी उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों एवं नगरी निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्रों के अंतर्गत संचालित गौशालाओं का भ्रमण कर वहां पर संपूर्ण व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराएं, गोवंशों को हरा चारा, पानी, चूनी, चोकर आदि सुनिश्चित कराएं तथा भूसा बैंक हेतु लोगों से सहयोग आदि के माध्यम से भूसा एकत्रित किया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना होने पाए।

## क्विक न्यूज

### शबेरात पर बेशुमार गुनहगारों की होती है मगफ़िरत : कारी फ़रीद

**फतेहपुर।** काजी शहर कारी फरीद उद्दीन कादरी ने कहा कि शबेबरात का पर्व कल जिले में मनाया जायेगा। यह मोक्ष की रात है। शबेबरात फारसी जबान का लफ्ज है। जिसके मायने निजात पाने की रात है। इस रात में बेशुमार गुनहगारों कीं मगफिरत कींजाती है इसलिए इस शब को शबेबरात कहा जाता है। श्री कादरी ने कहा कि इस रात साल भर में होने वाले तमाम दुनिया के काम उरूजो जवाल, मौत-जिंदगी, तंगी और सारे सेक्टर की फेहरिस्त तैयार करके फरिश्तों के सुपुर्द कर दी जाती है। इस रात में दिन डूबने के बाद से ही अल्लाह तआला अपनी बेपनाह रहमते दुनिया वालों पर नाजिल फ़रमाता है। बेशुमार लोगों को अपने फज़्ले खास से बक्श देता है। उन्होने कहा कि शबेबरात में इबादत का अजरो सवाब आम रातो कीं बनिस्बत बहुत ज्यादा है लेकिन इस रात में नई पीढ़ी के नौजवान गुनाहों से तौबा करने और अपनी किस्मत सवारने के बजाए एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर सड़कों पर हुड़दंग करते हुए करतबबाजी (तमाशा) करते हैं ऐसे गलत कामों से बचें और ट्रैफिक नियमों के खिलाफ अर्जी न करें।

### 24, 25, 26 मार्च को आयोजित होगा फर्रुखाबाद महोत्सव

फर्रुखाबाद। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर उपस्थित रहे। बैठक में जनपद में फर्रुखाबाद महोत्सव को दिनांक 24,25,26 मार्च 2023 को किया जायेगा। इसके लिए कार्यक्रम स्थल के रूप में क्रिश्चियन इंटर कालेज क्रिश्चियन इंटर कालेज का मैदान निर्धारित किया गया है। महोत्सव में स्थानीय कलाकार को प्रोत्साहित किया जायेगा। जनपद के लोक कलाकारों को प्रमुख रूप से प्रतिभागिता सुनिश्चित की जायेगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों के लोक कलाकारों का भी आमंत्रित किया जायेगा। जनपद के इतिहास पर्यटन एवं संस्कति विषय पर संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।

### महुआ और देशी शराब की बरामद

चित्रकूट। होली पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस ने 11 लोगों के कब्जे से 98 लीटर महुआ शराब व 78 क्वार्टर देशी शराब, एक भट्ठी एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीतापुर चौकी के दरोगा शौकत खां की टीम ने राजाराम पुत्र शंकर निवासी भंभई के कब्जे से 28 क्वार्टर देशी शराब के साथ दबोचा है।

### होली में लोगो के लिए विशेष पहल

वाराणसी । लोगों के लिए हमेशा से ही अलग पहल की करते हुए इस बार वी ने अब हिंदी के सर्वश्रेष्ठ कंटेंट का लुत्फ़उठाने के लिए तैयार हो जाएं क्योंकि भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने यूज़र्स को बिना किसी अतिरिक्त लागत के प्रीमियम सब्सक्रिप्शन रीजनल कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए अतरंगी के साथ साझेदारी की है।


### विद्यालय में बच्चों ने मनाई होली

फतेहपुर। जीटी रोड स्थित सेंट जेवियर सी. से. स्कूल में शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र छात्राओं एवं समस्त कर्मचारियों के द्वारा होली समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में विद्यालय के बच्चो द्वारा पुष्प एवं गुलाल अबीर लगाकर एक दूसरे को बधाईयां दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. प्रियंका गुप्ता एवं प्रबंधक नीतीश कुमार ने छात्र-छात्राओं को उनको रंग एवं गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्रदान किया। कहा कि अपने-अपने घरों में जाकर धूमधाम से होली का त्यौहार मनाएं।

### जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति की हुई बैठक

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति की बैठक जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि महिलाओं, दिव्यांगजनो एवं श्रमिक वर्ग के लिए कार्य योजना तैयार कर खो-खो, एथलेटिक्स, मैराथन आदि प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाये। इसका प्रचार-प्रसार भी करायें। खेलो इंडिया एप को छात्र-छात्राओं, शिक्षकों को डाउनलोड कराये जाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय बनाकर खेल के लिए प्रोत्साहित किया जाये। जिला स्तर अधिकारियो के मध्य खेल प्रतियोगिता कराने के निर्देश संबंधितो को दिये।

## युवा समाजसेवी एडवोकेट शिवम दूबे बने आम आदमी पार्टी श्रम प्रकोष्ठ के प्रभारी



**फर्रुखाबाद।** आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य के अध्यक्षता में हुए मसेनी चौराहे के निकट हुए कार्यक्रम में श्रम प्रकोष्ठ की दी गई जिम्मेदारी जल्द ही कार्यकारिणी का निर्माण किया जाएगा। जिला अध्यक्ष इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य ने कहा भारत में बहुत बड़ी संख्या श्रमिकों की है । उनकी समस्याओं तथा उनको मिलने वाले लाभ के बारे में हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि निचले तबके तक जो श्रमिक वर्ग देश के लिए दिन रात काम करता है । उनके हक की लड़ाई लड़ी जाए जो उनके अधिकार है। उनको दिखाए जाएं इसलिए आम आदमी पार्टी श्रम प्रकोष्ठ का गठन कर रही है । जिससे मेहनत मजदूर करने वाले मजदूर मिस्त्री टेक्नीशियन वेल्डिंग करने वाले चुना पुताई जरदोजी कर्मचारी तथा छोटे छोटे ग्रह दोनों में लगे श्रमिकों की मूलभूत समस्याओं को पहचान कर उन पर कार्य किया जा सके। सभी ने एक स्वर में आम आदमी पार्टी की विचारधारा को तथा श्रमिकों के किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अनूप कुमार चतुर्वेदी जी ने कहा किस श्रमिक ही देश को बनाते हैं। और हमारे देश में श्रमेव जयत का नारा ऐसे नहीं दिया गया उसको सार्थक करने के लिए आम आदमी पार्टी भरसक प्रयास करेगी और जल्द ही फर्रुखाबाद इकाई जिम्मेदारी निभाते हुए आम आदमी पार्टी का मार्ग प्रशस्त करेगी । इस अवसर पर आईटी सेल प्रभारी अंकित शाक्य अभिनव चतुर्वेदी, विनीत रावत, हिमांशु दुबे एअवधेश कुमार सक्सेना एकामेश राजपूत एमिलन राजपूत एविमल कुमार दुबे एजितेंद्र सिंह एडवोकेटए श्रीपाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# गर्मी आते ही ध्वस्त हुई पेयजल व्यवस्था पानी के लिए भटक रहे दो सौ परिवार

●ट्यूबवेल में जलस्तर कम हो जाने के कारण पानी की सप्लाई नही हो पा रही

**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट

**जहां** एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार शहरी इलाकों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। वहीं राजापुर नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र मझगवां, हुसईपुरवा वार्ड नम्बर दो काशीनगर में बनी पानी की टंकी व ट्यूबवेल गर्मी के प्रथम पखवाड़े में ही धड़ाम हो चुका है। जिसके कारण हुसईपुरवा, कपड़िया बस्ती एवं दलित बस्ती के लोग एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। बताते चलें कि ग्राम पंचायत भभेंट द्वारा लगभग 20 वर्ष पहले जल निगम विभाग द्वारा टंकी व ट्यूबवेल का निर्माण कराया गया था। लगभग 6माह से ट्यूबवेल में जलस्तर कम हो जाने के कारण पानी की सप्लाई नही हो पा रहीं है। जिसके कारण लगभग 200 परिवार एक एक बूंद पानी के लिए दर दर भटक रहे हैं। इसके अलावा आसपास क्षेत्र में हैण्डपम्पों की स्थिति भी खराब है। हुसईपुरवा के मदार कुरैसी, लाली खान व लल्लन कपड़िया ने बताया कि लगभग 6माह पहले पर्याप्त मात्रा में पानी की सप्लाई होती थी, जब से नगर पंचायत राजापुर के विस्तारित क्षेत्र में सम्मिलित किया गया है तब से पेयजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। कई बार अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत को मौखिक एवं लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दे चुके हैं लेकिन इस मूलभूत समस्या का निदान आज तक नहीं हो सका। उधर अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बीएन कुशवाहा का कहना है कि ट्यूबवेल में जल स्तर कम हो जाने के कारण पूरी क्षमता के साथ पानी की सप्लाई न होने के कारण लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इस समस्या के निदान के लिए जल निगम से पत्राचार किया जाएगा। वहीं पेयजल संकट से जूझ रहे शैलेन्द्र कुमार, मोनू सोनकर, मो0 शमीम, टहलू सोनकर, राजू सोनकर आदि लोगों ने उपजिलाधिकारी राजापुर से पेयजल समस्या से क्षेत्रवासियों को निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

# बच्चों के लिए दी गई आयरन की गोलियां फांक रहीं धूल



**मौदहा,** हमीरपुर। शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते स्वास्थ्य विभाग से बच्चों को आवंटित आयरन की गोलियों को वितरित न कर धूल फांक रही है। खंड शिक्षा अधिकारी मौदहा की लापरवाही सामने आयी है। स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत बच्चों को एनीमिया मुक्त करने के लिए आयरन की गोलियों को खिलाने का कार्यक्रम संचालित है जिसमे सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले पांच से 19 वर्ष के छात्र–छात्राओं को प्रति सप्ताह नीली और गुलाबी आयरन की गोलियां खिलाई जाती है ताकि मासूमों को भरपूर विटामिन मिल सके।

मगर मौदहा खंड शिक्षा अधिकारी राम गोपाल वर्मा शासन के इस मिशन को पलीता लगाने से बाज नही आ रहे हैं और विभाग द्वारा दो माह पूर्व भेजी गई बच्चों को वितरित की जाने वाली लाखों रुपये की दवाइयों को वितरित न करवाकर एक तरफ रखवा दी गई हैं जिससे शासन के निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी का कहना है कि दवा वितरण के लिए उन्हें आज प्रशिक्षण दिया गया है अब दवाएं वितरित की जाएंगी।

## आरेडिका ने की अंतर रेलवे ड्रामा प्रतियोगिता में सहभागिता



**रायबरेली।** अंतर रेलवे ड्रामा प्रतियोगिता 2022 का आयोजन 2 मार्च 2023 से 4 मार्च 2023 तक जबलपुर में पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा किया गया । जिसमें भारतीय रेलवे की क्षेत्रीय रेलवे एवं उत्पादन इकाइयों की 21 टीमों ने भाग लिया जिसमें सांस्कृतिक संगठनए आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली के अध्यक्ष श्री संदीप शुक्लाए मुख्य सामग्री प्रबंधक की प्रेरणा से आरेडिका की टीम ने भी दल प्रबंधक अमिय श्रीवास्तव के नेतृत्व में अपनी सहभागिता की।जिसमें सत्यवादी हरिश्चंद्र के जीवन पर आधारित नाटक ष् सत्य की परीक्षा ष् का मंचन विशेश्वर कुमार के निर्देशन में किया । जिसमें राजा हरिश्चंद्र के पुत्र रोहित का किरदार निभाने वाले बाल कलाकार राघवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र राजेश कुमार सिंह को श्रेष्ठ बाल कलाकार का पुरस्कार दिया गया। इस नाटक में हरिश्चंद्र की भूमिका श्री विशेश्वर प्रसादए डोम राजा की भूमिका श्री अंगद कुशवाहाए महर्षि विश्वामित्र की भूमिका विवेकानंद व्यास, सेठ की भूमिका में अरविंद ओझा, सिपाही की भूमिका में राजेश कुमार सिंह एवं रोहित की भूमिका मास्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा की गई साथ ही महारानी तारामती की भूमिका सुश्री शालिनी शुक्ला एवं सेठानी की भूमिका सुश्री रेणुका मिश्रा द्वारा की गई । हाप्रबंधक एसण्एसण् कलसी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी एवं बाल कलाकार राघवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र राजेश कुमार सिंह को श्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार पुरसकार जीतने की बधाई दी।

# काशी में दो दिन मनेगी होली

**पायनियर समाचार सेवा** ।वाराणसी

**काशी** में इस वर्ष होली मनाए जाने को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। विद्वान बनारस में कब होली मनेगी इसको लेकर अलग अलग तर्क दें रहे हैं। होली की तारीख पर भ्रम के बीच वाराणसी में दो दिन रंगों का त्योहार मनाया जाएगा। कहीं रंग तो कहीं फूलों की होली होगी। दोनों दिन विविध आयोजन भी होंगे। शहर के कुछ हिस्सों में जहां छह मार्च की मध्य रात्रि के बाद होलिका दहन की तैयारी है।वहीं कुछ हिस्सों में सात मार्च की शाम को होलिका दहन की तैयारी चल रही है। वरुणा पार इलाके में तो अधिकांश जगहों पर सात मार्च की शाम को गोधूलि बेला में होलिका दहन किया जाएगा। वाराणसी के आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी सात मार्च की शाम को होलिका दहन होगा और 8 मार्च को होली मनाई जाएगी।काशी में होलिका दहन के दूसरे दिन चौसठ्ठी देवी की यात्रा की परंपरा होने के कारण शहरी क्षेत्र में होली का त्योहार सात मार्च को मनाने की तैयारी चल रही है। उदया तिथि में चैत्र कृष्ण प्रतिपदा का मान आठ मार्च को होने के कारण शहर को छोड़कर आसपास के गांव और वरुणा पार के इलाके में होली का त्योहार मनेगा।बीएचयू के ज्योतिष विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विनय पांडेय ने बताया कि फल्गुन शुक्ल पूर्णिमा छह मार्च की शाम को 4:18 बजे से लगेगी और सात मार्च की शाम को 5:30 बजे समाप्त हो रही है। ऐसे में प्रदोष काल व्यापिनी पूर्णिमा में होलिका दहन छह मार्च को किया जाएगा। पूर्णिमा के साथ भद्रा होने के कारण भद्रा के पुच्छकाल में होलिका दहन का मुहूर्त रात्रि में 12:30 बजे से 1:30 बजे तक मिलेगा।पूर्णिमा सात मार्च को समाप्त होने के बाद चौत्र कृष्ण प्रतिपदा शाम को शुरू हो रही है, लेकिन होली उदया तिथि में मनाने का शास्त्रीय विधान है। ऐसे में आठ मार्च को होली मनाई जाएगी। प्रो. विनय पांडेय का कहना है कि वाराणसी की बात करें तो यहां में होली के लिए अलग परंपरा है। काशी में जिस रात को होलिका दहन होता है, उसके अगले दिन चाहे प्रतिपदा हो चाहे पूर्णिमा हो होली मनाई जाती है।

यह ऐसी परंपरा है, जो शास्त्र से हटकर है। होलिका दहन के दूसरे दिन काशीवासी चौसठ्ठी देवी योगिनी की यात्रा निकालते हैं । जब होली जलाकर यात्रा के लिए निकलते हैं तो अबीर, गुलाल और रंग खेलते हुए निकलते हैं। चौसठ्ठी देवी केवल काशी में ही विराजती हैं, इसलिए इस परंपरा का पालन भी काशीवासी ही करते हैं। ऐसे में केवल काशी में होली सात मार्च को और अन्य जगहों पर आठ मार्च को मनेगी।

## सीसीएसयू के कुलानुशासक प्रो. बीरपाल सिंह लास वेगास में शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे

**संवाददाता।** मेरठ



**चौ. चरण** सिंह विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं कुलानुशासक डॉक्टर बीरपाल सिंह अमेरिका के नेवाडा स्टेट के लास वेगास शहर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित अमेरिकन फिजिकल सोसायटी की मीटिंग . 2023 में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। शुक्रवार को प्रो. बीरपाल सिंह शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए अमेरिका रवाना हो गए। एपीएस मीटिंग . 2023 भौतिक विज्ञान के फ्रंटियर विषयों में शोध कर रहे विश्व भर के वैज्ञानिकों व शोध छात्रों के लिए यह एक अत्यंत प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच है। इस मीटिंग में प्रतिभाग करने के लिए विश्व भर से लगभग दस हजार से अधिक शोधकर्ता अमेरिका के लास वेगास शहर में पहुंच रहे हैं। साथ ही एक भारतवंशी प्रोफेसर स्मिता विश्वेश्वरा इस एपीएस मीटिंग को चेयर कर रही हैं। इसके अतिरिक्त प्रोफेसर बीरपाल सिंह नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर मेटेरियल एडवांसमेंटए पिट्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी यूएसए व चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालयए मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में भी अतिथि व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। ज्ञात रहे कि पिट्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी यूएसए एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के बीच शैक्षणिक व शोध कार्यों में प्रतिभाग करने हेतु हाल ही में एमओयू साइन किया गया है। इस कांफ्रेंस के आयोजन सचिव पिट्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटीए अमेरिका से डॉक्टर राम गुप्ता व चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय भारत से प्रोफेसर बीरपाल सिंह है। यह कॉन्फ्रेंस 11 व 12 मार्च को अमेरिका के कैंसास स्टेट के पिट्सबर्ग शहर मे आयोजित हो रही है।

## बच्चों के बेहतर प्रयास को मिला सम्मान



**लखनऊ।** सेंट गेब्रियल कान्वेंट स्कूलए केशव नगरए सीतापुर रोडए लखनऊ के प्रांगण में प्रयास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दादा-दादी, नाना-नानी व बच्चों के माता.पिता व संरक्षक को आमंत्रित किया गया। इस प्रयास कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र.छात्राओं को उनके द्वारा किये गए किसी न किसी क्षेत्र में प्रयास के लिए से सम्मानित किया गया। पुरस्कार हर बच्चों में कुछ न कुछ कर दिखाने की प्रतिभा होती हैं और इसी से हर बच्चों का हौसला बढ़ता है। प्रयास कार्यक्रम के आयोजन का यही उद्देश्य रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबन्धक डाण् विलियम अल्बर्ट स्मिथ ने प्रार्थना से की। प्रधानाचार्या सुश्री अचर्ना पांडेए कार्यक्रम की जानकारी विधालय के कोऑर्डिनेटर हरी शंकर प्रसाद द्वारा दी गई।

### ज़रूरतों व महत्वाकांक्षाओं को समझने में भरोसा करते है

वाराणसी। हम हमेशा से विभिन्न सेगमेन्ट्स के मोबाइल यूज़र्स की ज़रूरतों एवं महत्वाकांक्षाओं को समझने में भरोसा करते आए हैं। हम इस बात को समझते हैं कि लोगों के रोज़मर्रा के जीवन में सहज नेटवर्क कनेक्टिविटी का होना बहुत ज़रूरी है। प्रविष्टि स्तर के 99 रीचार्ज पैक के माध्यम से हम सबसे आकर्षक कीमतों पर सर्वश्रेष्ठ मोबाइल सर्विसेज़ लेकर आए हैं।


### भ्रष्ट सचिव के खिलाफ राज्यमंत्री ने सीएम को लिखा पत्र

**फतेहपुर।** आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री भारत सरकार कौशल किशोर ने प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र भेजते हुए विकास खंड तेलियानी के ग्राम कांधी के पूर्व प्रधान व सचिव को भ्रष्ट बताते हुए आय से अधिक संपत्ति की जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पत्र में बताया गया कि पूर्व प्रधान सुशील कुमार द्वारा कांधी ग्राम सभा में तैनात रहे ग्राम विकास अधिकारी सचिव अंकित मिश्रा ने सामग्री देने वाली फर्म को भुगतान न करके धोखाधड़ी कर अपने सगे भाई की फर्म एसके ट्रेडर्स फर्मी लेवर वेंडर्स श्यामलाल के खाते में अवैध तरीके से भुगतान किए जाने की जांच व सामग्री देने वाली फॉर्म को रिकवरी कर पैसा दिलाए जाने के संबंध में अनुरोध किया है।

# ईरान में स्कूलों में छात्राओं को जहर देने का विवाद गहराया

● **अधिकारियों ने माना-50 स्कूलों में छात्राओं को ज़हर देने की कोशिश हुई**

**भाषा।** दुबई



**ईरान में स्कूली** जाने वाली छात्राओं को कथित तौर पर जहर दिए जाने को लेकर उठा विवाद रविवार को और गहरा गया। अधिकारियों ने माना है कि इस तरह से 50 से ज्यादा स्कूलों को निशाना बनाया गया है। ज़हर देने की घटना ने अभिभावकों में दहशत को बढ़ा दिया है, क्योंकि देश कई महीनों से अशांति से जूझ रहा है। हालांकि ज़हर देने की घटना में अबतक किसी की भी हालत गंभीर नहीं हुई है और न ही किसी की मौत होने की खबर है। यह भी साफ नहीं है कि इस तरह की घटना के लिए कौन ज़िम्मेदार है। ज़हर देने की घटनाओं की शुरुआत पवित्र शहर कोम में नवंबर में हुई थी। खबरों के मुताबिक, ईरान के 30 में से 21 प्रांतों में संदिग्ध मामले मिले हैं और तकरीबन सभी घटनाएं बालिका विद्यालयों की हैं। ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद 40 साल से ज्यादा वक्त से कभी भी लड़कियों की शिक्षा को चुनौती नहीं दी गई है। ईरान ने पड़ोसी अफगानिस्तान की तालिबानी हुकूमत से महिलाओं को स्कूलों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने की इजाज़त देने की मांग की है। सरकारी समाचार एजेंसी इरना की खबर के मुताबिक, ईरान के गृह मंत्री अहमद वाहिदी ने शनिवार को कहा कि जांचकर्ताओं ने छानबीन के दौरान संदिग्ध नमूने इकट्ठा किए हैं। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने रविवार को कैबिनेट से कहा कि ज़हर देने के मामले पर तह तक जाने और उसे सामने लाने की जरूरत है। उन्होंने खुफिया मामलों के मंत्री इस्माइल खतीब की ओर से एक रिपोर्ट पढ़ने के बाद यह टिप्पणी की।

इंडोनेशिया में भूस्खलन से कम से कम 11 की मौत, दर्जनों लापता

जकार्ता, छह मार्च (एपी) इंडोनेशिया के सुदूर नतुना क्षेत्र के एक द्वीप पर सोमवार को मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य लापता हो गए। राष्ट्रीय आपदा निवारण एजेंसी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने बताया कि नतुना के सेरासन गांव में आसपास की पहाड़ियों से भारी मात्रा में मिट्टी घरों पर गिर गई। बचावकर्मियों ने कम से कम 11 शव बरामद किए हैं और अधिकारियों का अनुमान है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। मुहारी ने बताया, बहुत से लोग जिन्हें मदद की जरूरत है, हम उन तक नहीं पहुंच पाए क्योंकि हमें अभी भी प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने अनुमान लगाया कि लगभग 50 लोग अब भी लापता हैं। स्थानीय आपदा एजेंसी में आपातकालीन राहत कार्यों का नेतृत्व करने वाले जुनैना ने बताया कि दर्जनों

# रक्षा आधुनिकीकरण प्रयासों में बांग्लादेश की मदद करने के लिए तैयार है भारत : उच्चायुक्त

**भाषा।** ढाका



**बांग्लादेश में** भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने कहा है कि भारत अपने रक्षा आधुनिकीकरण प्रयासों से बांग्लादेश की मदद करने के लिए तैयार है। वर्मा ने पड़ोसी देश के साथ रक्षा उद्योग सहयोग की पहचान द्विपक्षीय साझेदारी के उभरते क्षेत्र के तौर पर की। यहां स्थित भारतीय उच्चायोग ने भारत और बांग्लादेश के बीच रक्षा उद्योग सहयोग को बढ़ावा देने के लिए रविवार को भारतीय रक्षा उपकरणों पर एक सेमिनार का आयोजन किया था। उच्चायोग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वर्मा ने इस कार्यक्रम में दोनों देशों के बीच रक्षा उद्योग सहयोग की पहचान उनकी रक्षा साझेदारी के उभरते क्षेत्र के तौर पर की। वर्मा ने पिछले दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड दृष्टि द्वारा प्रेरित भारतीय रक्षा उद्योग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

उच्चायुक्त ने बांग्लादेश सशस्त्र बलों को भारत के किफायती, उच्च गुणवत्ता वाले रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी एवं प्रस्तावित संयुक्त विकास और उत्पादन से लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश सरकार को दी गई 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर की रक्षा ऋण सीमा के माध्यम से ढाका के साथ उसके रक्षा आधुनिकीकरण में भागीदारी करने की दिल्ली की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने दोनों ओर के रक्षा उद्योग से इस व्यवस्था का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया। बांग्लादेश सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ (सीजीएस) लेफ्टिनेंट जनरल अताउल हकीम सरवर हसन ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और वर्मा के साथ मुख्य संबोधन दिया। हसन ने भारत की रक्षा निर्माण क्षमताओं की प्रशंसा की और दोनों पक्षों के बीच एक करीबी रक्षा उद्योग साझेदारी के लिए सहयोग का प्रस्ताव दिया। सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के कई प्रमुख भारतीय रक्षा निर्माताओं ने भी इसमें हिस्सा लिया। संगोष्ठी में बांग्लादेश सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

### भारतीय मूल की तेजल मैसाच्युसेट्स की अदालत की प्रथम न्यायाधीश बनीं

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की महिला न्यायाधीश तेजल मेहता ने अमेरिका के मैसाच्युसेट्स प्रांत की एक जिला अदालत की प्रथम न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की है। वह आयर जिला अदालत की प्रथम न्यायाधीश के तौर पर सेवाएं देंगी। उन्होंने पिछले बृहस्पतिवार को इस अदालत की न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। मेहता भारतीय-अमेरिकी समुदाय पर वास्तविक प्रभाव डालने और लोगों के साथ दया से पेश आने का संकल्प लेकर सुर्खियों में आई थीं। वह आयर जिला अदालत की सहायक न्यायाधीश के रूप में सेवाएं दे चुकी है। लॉवेल सन अखबार में प्रकाशित खबर के मुताबिक, मेहता को सर्वसम्मति से आयर जिला अदालत की प्रथम न्यायाधीश चुना गया। जिला अदालत की मुख्य न्यायाधीश स्टेसी फोर्ट्स ने उन्हें दो मार्च को शपथ दिलाई।


### वित्त मंत्रालय से धन प्राप्त होने की गारंटी मिलने पर श्रीलंका में होगा निकाय चुनाव

**कोलंबो।** श्रीलंका के चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि नकदी की कमी से जूझ रहे देश में नगर निकाय चुनावों की नई तारीख की घोषणा इस लोकतांत्रिक कवायद के लिए वित्त मंत्रालय से धन प्राप्त होने की गारंटी मिलने के बाद की जाएगी। स्थानीय निकायों के लिए नौ मार्च को होने वाले चुनाव का कार्यक्रम देश के मौजूदा आर्थिक संकट सहित कई कारणों के चलते टाल दिया गया है। चुनाव आयोग के प्रमुख निमल पुंचीहेवा ने सोमवार को कहा, हमने वित्त मंत्रालय में राजकोषीय सचिव, पुलिस महानिरीक्षक और सरकारी मुद्रक से बैठक करने को कहा है। चुनाव कराने के लिए आवश्यक रकम पर वित्त मंत्रालय से गारंटी मिलने के बाद नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

### अमेरिका: छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

**लिंडेनहर्स्ट (अमेरिका)।** पायलट के कॉकपिट में धुएं की सूचना दिए जाने के बाद उपनगरीय लॉन्ग आइलैंड हवाई अड्डे पर लौटने की कोशिश कर रहा एक छोटा विमान रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे से जमीन पर कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि विमान पाइपर पीए 28 न्यूयॉर्क शहर से करीब 32 किलोमीटर पूर्व में फार्मिंगडेल में दोपहर करीब दो बजकर 58 मिनट पर रिपब्लिक हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरने की कोशिश करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# गिरफ्तारी वारंट निलंबित करने की इमरान की रिट खारिज



**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** में इस्लामाबाद की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की वह याचिका सोमवार को खारिज कर जो उन्होंने तोशाखाना मामले में अपने खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट निलंबित करने का अनुरोध किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने इससे पहले दिन में फैसला सुरक्षित रख लिया था और बाद में मामले की संक्षिप्त सुनवाई के बाद इसकी घोषणा की। आज की सुनवाई के दौरान खान के वकील अली बुखारी, कैसर इमाम और गौहर अली खान इस्लामाबाद जिला एवं सत्र अदालत में पेश हुए। बुखारी ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने हमेशा अदालत के आदेशों का पालन किया है। इमाम ने दलील दी कि यदि खान अदालत में पेश होने के लिए तैयार हैं तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकती। इस पर न्यायाधीश ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख खान को वारंट निलंबित कराने के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का रुख करना चाहिए था। इस पर इमाम ने न्यायाधीश से कहा कि वे चाहते हैं कि सत्र अदालत वारंट निलंबित करे। वहीं बुखारी ने कहा कि पीटीआई प्रमुख लाहौर में जमान पार्क स्थित आवास पर हैं और अदालत में पेश होने का तरीका जानना चाहते हैं। अदालत से वारंट निलंबित करने का अनुरोध करते हुए इमाम ने कहा कि पीटीआई प्रमुख खान के खिलाफ निर्वाचन कानून 2017 के तहत एक निजी शिकायत दर्ज की गई थी और आमतौर पर निजी शिकायत पर गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं किया जाता है। न्यायाधीश ने इससे पहले दिन में कहा था कि पीटीआई प्रमुख के वकील ने उन्हें बताया कि उनके मुवक्किल अदालत में पेश नहीं होंगे और अदालत ने याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने 28 फरवरी को तोशाखाना मामले में अदालत के समक्ष पेश होने में लगातार विफल रहने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। पाकिस्तान में तोशाखाना एक सरकारी विभाग है, जहां अन्य देशों की सरकारों के प्रमुखों, विदेशी हस्तियों द्वारा राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए उपहारों को रखा जाता है। इमरान खान पर तोशाखाना में रखे गए तोहफों (जिसमें उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री होने के नाते मिली एक महंगी घड़ी भी शामिल है) को कम दाम पर खरीदने और फिर उसे बेचकर लाभ अर्जित करने का आरोप है। रविवार को गिरफ्तारी के बाद जमानत (पोस्ट अरेस्ट बेल) के लिए लाहौर उच्च न्यायालय का रुख किया था।

### खान का भाषण प्रसारित करने पर निजी चैनल पर गिरी गाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मीडिया नियामक द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के भाषण के प्रसारण पर पाबंदी लगाने के कुछ घंटे बाद एआरवाई टीवी का प्रसारण एक दिन पहले उनका भाषण प्रसारित करने को लेकर सोमवार को बंद कर दिया गया। पाकिस्तान इलेक्ट्रोनिक मीडिया नियामकीय प्राधिकरण (पीईएमआरए) ने रविवार रात को विभिन्न सेटेलाइट टेलीविजन चैनल पर 70 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री खान के सीधा या रिकॉर्डेड भाषण के प्रसारण पर रोक लगा दी थी। उससे पहले इस्लामाबाद पुलिस खान को गिरफ्तार नही कर पाई थी। एआरवाई का प्रसारण फिलहाल नही हो रहा है। फिलहाल नियामक द्वारा पाबंदी का संदेश ही दिखता है। ऐसा माना जाता है कि एआरवाई खान के प्रति सहानुभूति रखता है। इस चैनल के विरूद्ध अतीत में भी कार्वाई की गई है। पीईएमआरए के आदेश मे कहा गया है, यह देखा गया है कि तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष अपने भाषणोबयानो से लगातार बेबुनियाद आरोप लगा रहे है तथा सरकारी संगठनो एवं अधिकारियो के खिलाफ भड़काऊबयान देकर नफरती भाषण दे रहे है जिससे कानून व्यवस्था को लेकर समस्या उत्पन्न हो सकती है और शांति मे खलल पड़ सकती है।

### इमरान गिरफ्तारी से बचने के लिए पड़ोसी के घर भाग गए : गृह मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृह मंत्री राना सनाउल्ला ने सोमवार को दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एक दिन पहले तोशाखाना मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए लाहौर स्थित अपने आवास की दीवार फांद कर पड़ोसी के घर भाग गए। खान को गिरफ्तार करने के लिए इस्लामाबाद पुलिस के रविवार को लाहौर पहुंचने, लेकिन गिरफ्तारी किए बगैर लौटने के बाद सनाउल्ला की यह टिप्पणी आई है। खान की कानूनी टीम ने पुलिस को आश्वस्त किया था कि वह सात मार्च को अदालत मे पेश होंगे।

### बेलारूस ने निर्वासित विपक्षी नेता को 15 साल कैद की सजा सुनाई

**भाषा।** तल्लिन (एस्टोनिया)

बेलारूस की एक अदालत ने सोमवार को सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश रचने सहित अन्य आरोपों में मुकदमे के बाद निर्वासित विपक्षी नेता स्वेतलाना सिकानोस्कया को 15 साल जेल की सजा सुनाई। इसे बेलारूसी सरकार द्वारा असंतोष को दबाने के लिए एक कदम के तौर पर देखा जा रहा है। सुनवाई के दौरान सिकानोस्कया मौजूद नहीं थीं। सत्तावादी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के एक विवादित चुनाव में छठी बार जीत हासिल करने के कुछ समय बाद अगस्त 2020 में सिकानोस्कया ने बेलारूस छोड़ दिया था। लुकाशेंको के चुनाव के बाद देश के इतिहास में सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। लुकाशेंको ने प्रदर्शनकारियों पर क्रूर कार्वाई की, विपक्ष पर सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश रचने का आरोप लगायाअ प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं को या तो गिरफ्तार कर लिया गया या देश छोड़ने के लिए उनपर दबाव डाला गया। सिकानोस्कया और चार अन्य विपक्षी हस्तियों पर बेलारूस की राजधानी मिन्स्क में उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया गया था।

# शांति के प्रयासों में महिलाएं की अहम भूमिका

**मेलबर्न।** बड़ी संख्या में महिलाएं सेनाओं में अग्रिम मोर्चे पर लड़ाकू भूमिकाएं निभा रही हैं और यूक्रेन पर रूस के एक साल से जारी हमले में अहम जिम्मेदारियां उठा रही हैं, लेकिन ऐसा हमेशा से नहीं रहा है। पुरुषों के लिए उपलब्ध सभी सैन्य भूमिकाएं पिछले साल ही महिलाओं के लिए खोली गईं। लिंग-समावेशी सुधारों ने 2018 में महिलाओं को सशस्त्र बलों में पुरुषों के समान कानूनी दर्जा दिया और यूक्रेन में 450 विभिन्न कार्यों के लिए महिलाओं पर लगाए गए प्रतिबंध समाप्त किए गए। सेना में युद्ध समेत अन्य क्षेत्रों में महिलाओं एवं लड़कियों को पुरुषों के समान ही खतरों का सामना करना पड़ता है, लेकिन महिलाओं को यौन हिंसा, मानव तस्करी और मातृ मृत्यु जैसी कई लिंग आधारित समस्याओं से भी जूझना पड़ता है। लैंगिक मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के विशेष सलाहकार का अनुमान है कि हाल के संघर्षों में गैर-लड़ाकू अभियानों में हताहत हुए लोगों में 70 प्रतिशत महिलाएं हैं। संयुक्त राष्ट्र ने शांति स्थापना प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी की आवश्यकता और वैश्विक शांति एवं स्थिरता में उनकी भूमिका के महत्व को पहचानते हुए 2000 में महिला, शांति एवं सुरक्षा पर ऐतिहासिक सुरक्षा परिषद संकल्प 1325 को अपनाया था।

इसमें यह भी स्वीकार किया गया कि महिलाएं केवल पीड़ित नहीं हैं, बल्कि शांति स्थापना, वार्ताकार और शांतिदूत के रूप में सक्रिय भागीदार हैं। हालांकि एक दशक से एक समय बाद भी यह प्रस्ताव उम्मीद पर खरा नहीं उतर पाया। महिलाओं के खिलाफ हिंसा की समस्या बरकरार है और शांति स्थापना एवं उसे बरकरार रखने में उनकी पूर्ण भागीदारी में सांस्कृतिक एवं सामाजिक बाधाएं हैं। अफगानिस्तान में पुराने पितृसत्तात्मक मानदंडों और सोच ने महिलाओं के समग्र विकास और किसी भी रचनात्मक गतिविधि में उनकी भागीदारी के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश की हैं। बांग्लादेश के बीआरएसी विश्वविद्यालय में पढ़ रही एक अफगान छात्रा ने कहा कि अफगानिस्तान में लोगों का मानना है कि एक महिला का जन्म केवल बच्चे पैदा करने और उनकी एवं अपने पति की देखभाल करने के लिए होता है। उसने कहा कि इसके बावजूद कई महिलाएं शांति प्रयासों के लिए काम करती हैं, लेकिन वे यह आम तौर पर गुप्त रूप से करती हैं।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में विस्फोट, नौ पुलिसकर्मी मरे

● **क्वेटा-सिबी राजमार्ग पर काम्बरी पुल पर घटना**

**भाषा** कराची

**पाकिस्तान** के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को एक आत्मघाती हमले में कम से कम नौ सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, यह विस्फोट क्वेटा-सिबी राजमार्ग पर काम्बरी पुल पर बलूचिस्तान कांस्टेबुलरी कर्मियों के ट्रक के समीप हुआ। काछी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) महमूद नोतेजई ने कहा कि प्रारंभिक सबूतों से पता चलता है कि यह एक आत्मघाती हमला था। बहरहाल, यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि विस्फोट किस तरह का था। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ता घटनास्थल पर पहुंच गया है और विस्फोट के बाद इलाके की तलाशी ली जा रही है। नोतेजई ने बताया कि बम हमले में बलूचिस्तान कांस्टेबुलरी के कम से कम नौ कर्मियों की मौत हो गई और 13 घायल हो गए। अभी तक किसी ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे। खबर के अनुसार, बलूचिस्तान कांस्टेबुलरी कर्मी सिबी मेला में ड्यूटी से लौट रहे थे जब उन्हें निशाना बनाया गया। विस्फोट की तीव्रता के कारण ट्रक पलट गया। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बलूचिस्तान कांस्टेबुलरी प्रांतीय पुलिस बल का एक विभाग है जो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और जेलों समेत संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा मुहैया कराता है।

# एस्टोनिया : यूक्रेन समर्थक प्रधानमंत्री कलास की पार्टी ने जीता चुनाव

**भाषा।** ताल्लिन



एस्टोनिया में रविवार को हुए संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री काजा कलास की मध्य-दक्षिणपंथी रिफॉर्म पार्टी ने जीत दर्ज कर ली है। रिफॉर्म पार्टी को यूरोप में यूक्रेन के सबसे मुखर समर्थकों में से एक माना जाता है।

एस्टोनिया की 101 सदस्ईय संसद (रिइगिकोगु) के लिए रविवार को हुए चुनाव में नौ राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवार उतारे थे। नौ लाख से अधिक लोग आम चुनाव में मतदान करने के पात्र थे। सोमवार दोपहर जारी प्रारंभिक नतीजों के मुताबिक, तीन दलों वाली गठबंधन सरकार के प्रमुख दल रिफॉर्म पार्टी ने सर्वाधिक 31.2 प्रतिशत मत हासिल किए हैं। वहीं, ईकेआरई 16.1 फीसदी मतों के साथ दूसरे स्थान पर है। शुरुआती नतीजों के अनुसार, रिफॉर्म पार्टी को रिइगिकोगु की 101 सीटों से 37 सीटों पर जीत हासिल हुई। यह संख्या 2019 के चुनावों में मिली कुल सीटों से तीन अधिक है। वहीं, ईकेआरई के खाते में 17 सीटें गई हैं। पार्टी ने चार साल पहले हुए चुनावों में 19 सीटों पर जीत दर्ज की थी। प्रधानमंत्री कलास ने राजधानी ताल्लिन के एक होटल में पार्टी नेताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, यह परिणाम, जो अभी अंतिम नहीं है, हमें एक अच्छी सरकार बनाने के लिए एक मजबूत जनादेश देगा। आम चुनाव में कलास की पार्टी का मुकाबला कंजर्वेटिव पीपुल्स पार्टी ऑफ एस्टोनिया (ईकेआरई) से था, जो यूक्रेन युद्ध में एस्टोनिया के दखल को कम करने पर जोर देती है और देश की उच्च मुद्रास्फीति दर के लिए वर्तमान सरकार को दोषी ठहराती है।

# तेजी से बढ़ रहा जंगल में आग से होने वाला उत्सर्जन

**दुनिया के सबसे बड़े वन पारिस्थितिकी को कार्बन उत्सर्जन का स्रोत बना**

**भाषा।** (ब्रिटेन)



**उत्तरी गोलार्द्ध** के बोरियल वन स्कैन्डिनेवियां से साइबेरिया, अलास्का और कनाडा तक फैले हुए हैं। ए दुनिया की कुल भूमि के दसवें हिस्से तक फैले हैं लेकिन धरती का एक तिहाई कार्बन सोख रहे हैं। अब पत्रिका साइंस में प्रकाशित एक नए अध्ययन दावा किया गया है कि ऊंचे उत्तरी अक्षांश में जंगल में आग लगने से होने वाला उत्सर्जन चिंताजनक दर से बढ़ रहा है। बोरियल वन उच्च अक्षांश वातावरण में पाए जाने वाले जंगल होते हैं जहां छह से आठ महीने तक बर्फ जमाने वाला तापमान रहता है। इन जंगलों में ठंडी जलवायु और अक्सर जलभराव वाली जमीन की वजह से पेड़ों की गिरी हुई छाल और अन्य मृत कार्बनिक पदार्थ को अपघटित होने में वक्त लगता है। इससे मिट्टी में हजारों वर्षो से कार्बन एकत्रित हो गया है। इसके बाद बिजली कड़कने से जंगल में लगी आग ने इस पारिस्थितिकी को बदल दिया है। ए आग पेड़ों तथा मिट्टी की ऊपरी परत में एकत्रित कार्बन को वायुमंडल में छोड़ती है। मिट्टी से कार्बन का छोड़ा जाना काफी महत्वपूर्ण है। इसका मतलब है कि बोरियल वन में लगने वाली आग से अन्य पारिस्थितिकी में उतनी ही लगने वाली आग के मुकाबले 10 से 20 गुना अधिक कार्बन छोड़ा जाएगा। हालांकि, बोरियल वन में सदी में एक ही बार आग लग सकती है, कई बार इससे भी ज्यादा वक्त लग सकता है। पिछले 6,000 या उससे अधिक वर्षो से कार्बन सोखने तथा छोड़ने के बीच यह नाजुक संबंध काफी स्थिर है और बोरियल वन कार्बन सोखने के लिए वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण हैं। लेकिन वैश्विक ताप इस संतुलन को खतरे में डाल रहा है। बढ़ते तापमान ने आग की अवधि तथा वन्य आग की गंभीरता को बढ़ा दिया है और इस बात के प्रमाण बढ़ रहे हैं कि जैसे-जैसे आग लगने के बीच का अंतराल कम होता है तो बोरियल वन में जैविक मिट्टी से अधिक कार्बन छोड़ा जा रहा है जो पारिस्थितिकी में फिर से कार्बन सोखने के अनुपात के मुकाबले ज्यादा है।

### वन्य आग से उत्सर्जित गैस का पता लगा सकते हैं उपग्रह :

अनुसंधानकर्ता खासतौर से चीन के शोधकर्ता कार्बन मोनोऑक्साइड का पता लगाने के लिए जंगल में लगने वाली आग से निकलने वाले धुएं पर नजर रखने के वास्ते उपग्रह का इस्तेमाल करते है। कार्बन मोनोऑक्साइड भी अपने आप मे एक ग्रीनहाउस गैस नही है लेकिन अगर आप जानते है कि यह कितनी है तो आप वन्य आग से निकलने वाले धुएं मे कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा का पता लगा सकते है। नए अध्ययन मे पता चला है कि पिछले दो दशकों मे बोरियल वन मे लगने वाली आग से निकलने वाला उत्सर्जन बढ़ गया है। अगर यह प्रवृत्ति जारी रहती है तो बोरियल वन जल्द ही वैश्विक उत्सर्जन का प्रमुख स्रोत बन सकते है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के बीच, निश्चित रूप से यह पारिस्थितिकी के लिए एक चिंताजनक संकेत है और इसका समय रहते समाधान करना जरूरी है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Jitendra Prakash Alias Jitendra Prakash Singhal S/o Prem Chandra Gupta R/o 27B, Nilgiri 1, Block-C72, Sector-34, Noida (201301), declare that Jitendra Prakash and Jitendra Prakash Singhal both names are mine.
PD(90291)A

I, Kavita Gupta Alias Kavita Singhal W/o Jitendra Prakash R/o 27B, Nilgiri 1, Block-C72, Sector-34, Noida(201301), declare that Kavita Gupta and Kavita Singhal both names are mine.
PD(90292)A

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल, नवीन, पुत्र छोटे लाल, और गीता, पत्नी नवीन, निवासी मकान नंबर 73, खसरा नंबर 76/25, गली नंबर 1, ट्रांसफॉर्मर के पास, सत्य विहार, बुराड़ी, उत्तरी दिल्ली-110084 ने उनके प्रति दुराचार और अवज्ञा के कारण अपने बेटे अभिषेक, और उनकी पत्नी मुस्कान वैद, पुत्री वेद प्रकाश वैद, को सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है। मेरे मुविक्कल भविष्य में उनके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
PREM PRAKASH (Advocate)
207, PLOT NO.1, MLU, SEC-10, DWARKA, NEW DELHI-75
MOB.: 9871268399

सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा जनता को सूचना दी जाती है कि पासपोर्ट संख्या K0416401 (भारत सरकार द्वारा जारी) में मेरी मुवक्किल अमृता पांडे पत्नी श्री नमित पांडे निवासी E-194, Type-B, Pocket 3ए डी.डी.ए फ्लैट बिंदापुर, नई दिल्ली-110059, का नाम "अमृता गौतम पांडे" के रूप में उल्लेखित है। उनका वास्तविक नाम अमृता पांडे है और घोषणा करते हैं कि अमृता गौतम पांडे और अमृता पांडे एक ही व्यक्ति है।
PREM PRAKASH (Advocate)
207, PLOT NO.1, MLU, SEC-10, DWARKA, NEW DELHI-75
MOB.: 9871268399

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीलू पत्नी श्री रविंदर सिंह, संपत्ति Built Up Second Floor of Freehold Property Bearing No. 13/226 (Block No. 13, Qtr. No. 226), area measuring 100 Sq. Yds., Situated at Abadi of Jheel Kuranja, Geeta Colony, Delhi-110031. मूल बिक्री विलेख दिनांक 22.11.2017, पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 6584 के द्वारा मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति मेसर्स पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ बिक्री विलेख दिनांक 22.11.2017, खो गए है। यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।
राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

Public Notice

My Clients Lalit Arora S/o Late Sh. Shiv Kumar Arora & his wife Shivani Arora R/o B-1/212, 3rd Floor, Janak Puri New Delhi-58 has debarred & disowned their Son Sunny Arora and his wife Shreya Chanana from their movable and immovable properties. My Client has also severed all their relation with them. If anybody deals with them in any manner they do so at their own risk and responsibility.
Ramesh Chander (Adv),Ch-68, Western Wing,Tis Hazari

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राज नरिन्द्र उक्त संपत्ति Property Bearing No. F-17, area measuring 183 Sq. Yds, Situated at Jangpura Extension, Delhi, की हस्तांतरण विलेख दिनांक 08.01.1997 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 221 के द्वारा मालिक थी। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० श्री श्रीमती राज नरिन्द्र के विधिक उत्तराधिकारी कुमारी सीरत नरिन्द्र है ! यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।
राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Rajiv Bajaj, S/o late Sh. I.P Bajaj, R/o MIG Flat No.91, first floor,pocket B10, sector-3 Rohini, Delhi-110085, the owner of MIG Flat No.91,first floor, pocket B10, sector-3 Rohini, Delhi-110085, vide File No.F.30(539)86/RO/G. I have lost / misplaced my original documents such as Possession Letter, Possession Slip,NOC For Obtaining electricity and water connection and Mutation Letter of the above said property. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR No.217807 / 2023 dated 06/03/2023 Any person claiming any right, interest having any objection may write/contact with above named person at above address/phone No.9711203182 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (Lab Housing /Housing) Or Asstt, Director(Lab Housing/ Housing), D-Block,Third Floor,Vikas Sadan, INA,New Delhi.

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पारुल सेठी/ अंजू सेठी/ LBYGR00004957994 | प्लॉट नंबर 7-बी, न्यू हाउस नंबर 395, बियरिंग म्युनिसिपल स्थायी संपत्ति आईडी नंबर 111C192U48, कल्याण नगर, जगाधरी, यमुनानगर, हरियाणा/ मार्च 03, 2023 | सितंबर 27, 2022 रु. 27,28,151/- | गुड़गाँव/ यमुनानगर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।


दिनांक : मार्च 07, 2023
स्थान : गुड़गाँव

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 7 मार्च, 2023



# ब्रिटिश शासन ने भारत की शिक्षा प्रणाली को बर्बाद किया : भागवत



एजेंसी। करनाल

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने ब्रिटिश शासकों पर भारत की शिक्षा प्रणाली को बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि ब्रितानी शासन से पहले देश की 70 प्रतिशत आबादी साक्षर थी। भागवत ने रविवार को यहां आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर परिसर में एक मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ...ब्रिटिश शासकों के इस देश में शासन करने से पहले हमारी 70 प्रतिशत आबादी साक्षर, शिक्षित थी और उस शिक्षा के आधार पर हर कोई अपनी आजीविका कमाने के तरीके ढूंढता था और बेरोजगारी लगभग नगण्य थी। संघ प्रमुख ने कहा, उस समय, इंग्लैंड में जारी शिक्षा प्रणाली के अनुसार, उनकी साक्षरता दर लगभग 17 प्रतिशत थी। अंग्रेजों के आने के बाद, उन्होंने हमारे शिक्षा मॉडल को यहां छोड़ दिया, लेकिन इसे अपने देश में लागू किया...। उन्होंने कहा कि भारत में जब अंग्रेजों ने शासन करना शुरू किया था, उससे पहले यहां की शिक्षा प्रणाली ने न केवल लोगों को आत्मनिर्भर और रोजगारपरक बनाया, लेकिन ब्रिटिश शासकों ने उस व्यवस्था को बर्बाद कर दिया।

आरएसएस प्रमुख ने समाज में सभी के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया और रेखांकित किया कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य सस्ती होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि पहले लोग इन दोनों क्षेत्रों (शिक्षा एवं स्वास्थ्य) को कर्तव्य की भावना के रूप में लेते थे, लेकिन वर्तमान समय में ए व्यवसाय बन गए हैं। भागवत ने आत्ममनोहर मुनि आश्रम द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की।

## आरएसएस की शाखा ने गर्भ में शिशु को संस्कार और मूल्य सिखाने के लिए गर्भ संस्कार मुहिम शुरू की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध संवर्धिनी न्यास ने शिशुओं को गर्भ में ही संस्कार एवं मूल्य सिखाने के उद्देश्य से गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भ संस्कार नाम से एक मुहिम शुरू की है। न्यास की राष्ट्रीय संगठन सचिव माधुरी मराठे ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्त्री रोग विशेषज्ञों, आयुर्वेदिक चिकित्सकों और योग प्रशिक्षकों के साथ मिलकर न्यास एक कार्यक्रम की योजना बना रहा है जिसमें गर्भ में शिशुओं को सांस्कृतिक मूल्य प्रदान करने के लिए गर्भावस्था के दौरान गीता एवं रामायण का पाठ और योगाभ्यास किया जाएगा। मराठे ने कहा कि यह कार्यक्रम गर्भ में मौजूद शिशु से दो साल की उम्र तक के बच्चों के लिए चलाया जाएगा और इसके तहत गीता के श्लोकों और रामायण की चौपाइयों के जाप पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, गर्भ में शिशु 500 तक शब्द सीख सकता है। मराठे ने कहा, इस अभियान का उद्देश्य एक ऐसा कार्यक्रम विकसित करना है जो यह सुनिश्चित करे कि बच्चा गर्भ में संस्कार सीख सके और यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी, जब तक कि बच्चा दो साल का नहीं हो जाता। संघ की महिला शाखा संवर्धिनी न्यास की इस मुहिम के तहत कम से कम 1,000 महिलाओं तक पहुंचने की योजना है। मराठे ने बताया कि इस अभियान के तहत न्यास ने रविवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में एक कार्यशाला आयोजित की, जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-दिल्ली सहित कई अस्पतालों के स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया।

## रत्नागिरी रैली में उद्धव के भाषण में गुस्सा, हताशा: फड़णवीस

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रत्नागिरी की रैली में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे के भाषण में केवल गुस्सा और हताशा देखी जा सकती है और इसमें कुछ भी नया नहीं है।

ठाकरे ने रविवार को खेड़ में हुई एक रैली में शिवसेना के शिंदे गुट को पार्टी का नाम और मूल चुनाव चिह्न आवंटित किए जाने को लेकर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा और इसे सत्ता में बैठे लोगों का गुलाम करार दिया। ठाकरे ने दावा किया कि यह बाल ठाकरे ही थे, जो राजनीतिक रूप से अछूत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ खड़े थे।



वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में होलिकोत्सव पर रंग खेलते श्रद्धालु

## मकान में पटाखे बनाते समय विस्फोट, चार की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के खुर्दा जिले में एक मकान में अवैध रूप से पटाखे बनाते समय सोमवार को हुए विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना भुवनेश्वर से करीब 40 किलोमीटर दूर तांगी इलाके के भुसंदपुर गांव में हुई, जब एक मकान में होली के त्योहार के लिए पटाखे बनाए जा रहे थे। मकान में पटाखा निर्माण इकाई अवैध रूप से चलाई जा रही थी। हादसे में वह पूरी तरह तबाह हो गया। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग को आग पर काबू पाने और लोगों को वहां से निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है।

## प्रवासी मजदूरों पर हमले की जांच कराई जाए

### ● अपराधियों को जेल भेजा जाए: चिराग पासवान

भाषा। चेन्नई

**लोक** जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी मजदूरों पर हुए कथित हमले की सघन जांच कराने तथा अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाने एवं श्रमबल के लिए अनुकूल माहौल सुनिश्चित करने की सोमवार को मांग की। उन्होंने दावा किया कि यदि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य की बेहतरी एवं विकास के लिए काम किया होता तो न लोग रोजगार की खोज में बिहार से बाहर जाते और न ही यह संकट खड़ा होता। पासवान ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं इस मुद्दे पर राजनीति करने या किसी पर दोषारोपण करने यहां नहीं आया हूं। यदि प्रवासी बिहारी मजदूरों पर हमले के वीडियो असत्य हैं तब यह अफवाह कौन फैला रहा है तथा भाषा के आधार पर देश एवं लोगों को बांटने की चेष्टा कर रहा है। यदि हमला हुआ है तो हमले के लिए जिम्मेदार लोगों या इस तरह की अफवाह फैलाने वालों को सलाखों के पीछे डाल दिया जाना चाहिए। बिहार के जमुई से लोकसभा सदस्य पासवान ने कहा कि तमिलनाडु की उनकी यात्रा खासकर प्रवासी मजदूरों के साथ एकजुटता प्रकट करने तथा इस मुद्दे पर राज्यपाल आर एन रवि को ज्ञापन सौंपने के लिए है।

## क्विक न्यूज

### पंजाब के मुख्यमंत्री ने होला-मोहल्ला में हिस्सा लिया

**आनंदपुर साहिब (पंजाब)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को तख्त श्री केशगढ़ साहिब गुरुद्वारे मे मत्था टेका और होला-मोहल्ला उत्सव की शुरुआत मे हिस्सा लिया। एक सरकारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने ईश्वर से आशीर्वाद मांगा तथा राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द एवं शांति के लिए प्रार्थना की। मान ने कहा कि होला-मोहल्ला सामान्य तौर पर पंजाबियों एवं खासकर सिख समुदाय की मार्शल स्पिरिट का प्रतीक है। यहां अधिकारियों के साथ संवाद के दौरान मान ने श्रद्धालुओं की खातिर यातायात मार्ग मे बदलाव, गाड़ियों को खड़ा करने की व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम आदि प्रबंधों की जरूरत पर बल दिया। बयान के अनुसार मान ने कहा कि यहां आनंदपुर साहिब मे मत्था टेकना उनके लिए बड़े भाग्य की बात है जिसकी स्थापना नौवे सिख गुरू तेग बहादुर ने सन 1665 मे की थी। उन्होंने कहा कि यह पावन स्थल खालसा की जन्मस्थली भी है।

### पश्चिम बंगाल में एडिनोवायरस से छह बच्चों की मौत, लोग फिर से मास्क लगाएं : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि राज्य मे एडिनोवायरस के चलते अबतक छह बच्चो की मौत हुई है। उन्होंने लोगों से इस बीमारी का मुकाबला करने के लिए मास्क लगाने की अपील की। बनर्जी ने यह भी कहा कि उनके परिवार का एक सदस्य भी इस वायरस से संक्रमित हो गया है। उन्होने हालांकि इस बारे मे ज्यादा कुछ नही बताया। उन्होंने विधानसभा में कहा, अबतक तीव्र श्वसन संक्रमण (एआरआई) के कारण 19 लोगों की जान चली गई है, उनमे से 13 को अन्य बीमारियां भी थी और छह बच्चों की मौत एडिनोवायरस के कारण हुई है। मै लोगो से कुछ समय के लिए मास्क लगाने की अपील करती हूं। मुख्यमंत्री ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा, घबराइए नही, यदि आपको बुखार लग रहा है तो आप तत्काल डॉक्टर के पास जाइए। बनर्जी ने यह भी दावा किया कि कोविड काल की तुलना में राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बहुत सुधर गई है।

### मुगल शासक औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए प्रधानमंत्री को लिखूंगा पत्र : शिवसेना विधायक

**औरंगाबाद।** शिवसेना के विधायक एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थक संजय शिरसाट ने सोमवार को कहा कि वह औरंगाबाद शहर से मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखेंगे। शिरसाट ने औरंगाबाद का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर करने के खिलाफ ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को बिरयानी पार्टी करार दिया। एआईएमआईएम के स्थानीय सांसद इम्तियाज जलील के नेतृत्व मे क्रमिक भूख हड़ताल चार मार्च से यहां जिला क्लेक्टर कार्यालय मे चल रही है। शिरसाट ने मराठी समाचार चैनल एबीपी माझा से बातचीत मे दावा किया, यह एक आंदोलन नही है।

### आईआईटी मुंबई में छात्र की मौत का मामला : जांच समिति का जाति आधारित भेदभाव से इंकार

**मुंबई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई के छात्र दर्शन सोलंकी की पिछले महीने हुई मौत के बाद संस्थान द्वारा गठित जांच समिति ने जाति आधारित भेदभाव से इंकार किया है। साथ ही समिति ने संकेत दिया है कि सोलंकी के कथित तौर पर आत्महत्या करने के पीछे की वजह खराब शैक्षणिक प्रदर्शन हो सकता है। मूल रूप से गुजरात के अहमदाबाद के रहने वाले बी.टेक (केमिकल) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के छात्र 18 वर्षीय सोलंकी की 12 फरवरी को पवई स्थित परिसर मे अपने छात्रावास की सातवी मंजिल से कथित तौर पर कूदने के चलते मौत हो गई थी। वही, सोलंकी के परिवार ने दावा किया था कि अनुसूचित जाति से होने के कारण छात्र को भेदभाव का सामना करना पड़ रहा था।

### महिलाओं में तेजी से बढ़ी लोन लेने की प्रवृत्ति

**नई दिल्ली।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यूएन की थीम डिजीटल लैंगिक समानता के लिए नवोन्मेष एवं तकनीकी के तहत होम क्रेडिट इंडिया चीफ मार्केटिंग आफिसर आषीष तिवारी ने बताया कि वर्ष 2021 में 34 फीसदी से 2022 में 49 फीसदी महिला श्रृण प्राप्तकर्ताओं में बढ़ोत्तरी इस बात का प्रमाण है कि महिलाओं में एप्स के माध्यम से लोन लेने में बढ़ोत्तरी हुई है। अग्रणी कंज्यूमर फाइनेंस प्रदाता कम्पनी की स्थानीय शाखा उत्तर दायी व डिजीटल आधारित फाइनेंस के जरिये एफोर्डबल क्रेडिट तक पहुंच बनाने के लिए वित्तीय समावेशन व लैंगिक समानता के प्रति अपना संकल्प दोहरा रहा है। देश में 59 प्रतिषत महिलाओं के स्मार्ट फोन किसी न किसी तरह से जुड़े है जो पुरूषों की अपेक्षा 64 प्रतिशत कम है। एम्बेडेड फाइनैंस 55 प्रतिषत महिलाओं की रूचि ई कामर्स यूजर अपनी खरीद को अफोर्डबल फाइनैंसिंग के लिए ईएमआई में बदल सकते है। एक सर्व के अनुसार 40 फीसदी महिलाए भविष्य में श्रृण प्राप्त करने के लिए वाट्सअप चैट को पहली प्राथमिकता देगी।

## कर्नाटक भाजपा प्रमुख की राहुल गांधी पर टिप्पणी का कांग्रेस ने किया तीखा पलटवार

भाषा। रामनगर (कर्नाटक)

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कटील ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वैवाहिक स्थिति पर तीखी टिप्पणी का विपक्षी दल ने तीखा पलटवार किया है।

रविवार को रामानगर में भाजपा की जन संकल्प यात्रा के दौरान प्रदेश भाजपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि गांधी ने लोगों से आग्रह किया था कि वे कोविड टीके न लगवाएं क्योंकि इससे नपुंसकता आएगी।

दक्षिण कन्नड़ के सांसद कटील ने कहा, राहुल गांधी ने क्या कहा? राहुल गांधी और (कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री) सिद्धारमैया ने लोगों से कोविड का टीका नहीं लगवाने को कहा क्योंकि वे बच्चे पैदा नहीं कर पाएंगे। लेकिन राहुल और सिद्धरमैया ने रात में गुपचुप तरीके से टीका लगवा लिया। कर्नाटक में भाजपा के एक विधान पार्षद का हवाला देते हुए कटील ने दावा किया, इसलिए हमारे विधान पार्षद ने कहा कि राहुल गांधी ने इसलिए शादी नहीं कि क्योंकि उनके बच्चे नहीं हो सकते। बयान से नाराज कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कटील को जोकर कहा। सुरजेवाला ने ट्वीट किया, कर्नाटक में भाजपा के सर्कस में एक जोकर अनाप-शनाप बोलने की बीमारी से पीड़ित हैं.... चूंकि कोई भी उस पर ध्यान नहीं देता है, इसलिए वह खबरों में बने रहने के लिए बेवकूफी भरे बयान देता है।

## संसद सत्र में 65 और अप्रचलित कानूनों को खत्म करने के लिए विधेयक लाएगी सरकार : रीजीजू

भाषा। पणजी



**केंद्रीय** कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को कहा कि सरकार बजट सत्र के 13 मार्च से शुरू हो रहे दूसरे चरण में 65 और अप्रचलित कानूनों तथा ऐसे अन्य प्रावधानों को निरस्त करने के लिए एक विधेयक लाएगी। गोवा में 23वें राष्ट्रमंडल विधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए रीजीजू ने कहा कि देश की विभिन्न अदालतों में 4.98 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के मुद्दे को प्रौद्योगिकी के जरिए हल किया जाएगा और सरकार का अंतिम लक्ष्य न्यायपालिका को कागजरहित बनाना है। कानून मंत्री ने कहा, आज हमारे देश के हर कोने का हरेक नागरिक भारत सरकार द्वारा उठाए गए कल्याणकारी कदमों का लाभार्थी है। एक कल्याणकारी राष्ट्र के रूप में, यह बेहद महत्वपूर्ण है कि हम प्रत्एक व्यक्ति की बात सुनें। रीजीजू ने कहा कि मोदी सरकार विभिन्न कदम, खासतौर पर आम आदमी के जीवन को आसान बनाने वाले कदम उठाने में सबसे आगे रही है।

उन्होंने दावा किया कि जीवन को आसान बनाने को लेकर सरकार की नीतियां सफल साबित हुई हैं।

रीजीजू ने कहा कि सरकार का मानना है कि कानून लोगों के लिए हैं और अगर कानून बाधा बनते हैं और उनका अनुपालन लोगों के जीवन पर बोझ बन जाता है, तो ऐसे प्रावधानों को खत्म किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, पिछले साढ़े आठ वर्षों में 1,486 अप्रचलित और गैरजरूरी कानूनों को खत्म किया गया है। चालू बजट सत्र में, जिसका दूसरा 13 मार्च से शुरू होगा, मैं 65 और अप्रचलित कानूनों व अन्य प्रावधानों को हटाने के लिए एक विधेयक लाने जा रहा हूं।

## पंजाब के मुख्यमंत्री मान, विपक्षी नेता बाजवा के बीच विधानसभा में तीखी बहस

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के बीच सोमवार को राज्य विधानसभा में तीखी बहस हुई। कांग्रेस नेता द्वारा राज्य सतर्कता ब्यूरो के कामकाज पर सवाल उठाने के बाद यह घटनाक्रम हुआ।

राज्यपाल के अभिभाषण से जुड़े धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए बजट सत्र के दूसरे दिन बाजवा ने आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा के रविवार के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार की आलोचना की थी। आप नेता ने भाजपा पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था।

बाजवा ने सदन में कहा, मैं राघव चड्ढा का दिया बयान पढ़ रहा था, जिन्होंने कहा था कि सीबीआई, ईडी और एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) प्रतिदिन विपक्षी नेताओं के यहां छापे मार रहे हैं। उन्होंने यह विचार दिया था कि उनके कार्यालयों पर भाजपा का झंडा लगा देना चाहिए।

बाजवा ने कहा, मैं भी आपसे (मान से) कहता हूं कि हमें आगे आने दीजिए। कल हमें यह कहने के लिए मजबूर ना करें कि सतर्कता दफ्तर (पंजाब में) पर आप का झंडा लगा दीजिए। इस पर, मुख्यमंत्री तुरंत अपनी सीट से खड़े हो गए और कांग्रेस नेता की टिप्पणी पर आपत्ति जताई। मान ने कहा, आप ऐसा बयान नहीं दे सकते कि आप का झंडा सतर्कता दफ्तर पर लगा देना चाहिए।

बाजवा ने इसके बाद मुख्यमंत्री से सवाल किया कि आप के पूर्व मंत्री फौजा सिंह सरारी के खिलाफ कार्वाई क्यों नहीं की गई और बठिंडा ग्रामीण विधायक अमित रत्तन कोटफट्टा की गिरफ्तारी में देरी की वजह बताएं।

## नवाजुद्दीन ने पत्नी के आरोपों का किया खंडन

भाषा। मुंबई

**अभिनेता** नवाजुद्दीन सिद्दिकी ने उनसे अलग रह रही पत्नी आलिया के इन आरोपों का सोमवार को खंडन किया कि उन्होंने बच्चों को छोड़ दिया है।

उन्होंने कहा कि वह अब इसलिए बोल रहे हैं क्योंकि वह नहीं चाहते हैं कि उनके बच्चे मीडिया में खेले जा रहे ड्रामा को बारे में पढ़े। अभिनेता ने दावा किया कि सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो मनगढंत एवं एकतरफा हैं तथा उसका उद्देश्य उनका चरित्र हनन करना है। अभिनेता ने ट्वीट किया, मेरी खामोशी की वजह से मुझे बुरा मनुष्य समझा जा रहा है। मैं अब तक इसलिए खामोश था क्योंकि मैं जानता हूं यह सारा तमाशा मेरे बच्चे कहीं न कहीं पढ़ेंगे। सोशल मीडिया, प्रेस और कुछ लोग एकतरफा एवं मनगढ़ंत वीडियो के आधार पर मेरे इस चरित्र हरण का खूब आनंद ले रहे हैं। इंस्टाग्राम पर डाले गए विभिन्न वीडियो में आलिया ने दावा किया कि अभिनेता ने उन्हें और बच्चों को घर से निकाल दिया। एक वीडियो क्लिप में इस दंपति की 12 वर्षीय बेटी रोती हुई तथा सात वर्षीय बेटा अपनी मां के साथ खड़ा नजर आता है। अपने बयान में सिद्दिकी ने कहा कि वह और आलिया साथ नहीं रहते हैं और उनके बीच पहले ही तलाक हो चुका है।

अभिनेता ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी ऐसी महिला है जिसने चार महीने पहले दुबई में बच्चों को छोड़ दिय था और पैसे मांगने के बहाने अब वह उनके पास लौट गई है। उन्होंने दावा किया कि उनक बच्चे 45 दिनों से स्कूल से दूर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, उसने (आलिया ने) इस ड्रामे में बच्चों को घसीट लिया है और वह बस मुझे ब्लैकमेल करने और मेरे छवि बिगाड़ने के लिए यह सब कर रही है। उसकी मंशा मेरा करियर चौपट कर देना और अपनी अवैध मांगें पूरी करवाना है। अभिनेता ने कहा कि आज वह जो भी कमा रहे हैं, वह बच्चों के लिए है।

## लालच देकर धर्मांतरण की कोशिश के आरोप में 51 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार

भाषा। इंदौर

**मध्यप्रदेश** के इंदौर जिले में ग्रामीणों को आर्थिक प्रलोभन देकर धर्मांतरण की कोशिश के आरोप में 51 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

खुड़ैल पुलिस थाने के उप निरीक्षक मुन्नालाल डोडियार ने बताया कि दूधिया गांव के कुछ लोगों की शिकायत पर क्रिस नॉर्मन (51) को मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के तहत गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि नॉर्मन ने रविवार देर शाम ग्रामीणों को नौकरी और उनके बच्चों को मुफ्त शिक्षा जैसे आर्थिक प्रलोभन दिए और उन्हें हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दुष्प्रेरित किया। उप निरीक्षक ने बताया कि विवाद बढ़ने पर नॉर्मन के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## मेघा ट्रॉपिक्स-1 को प्रशांत महासागर में गिराने के चुनौतीपूर्ण अभियान को अंजाम देगा इसरो

भाषा। बेंगलुरु

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपना जीवनकाल पूरा कर चुके मेघा ट्रॉपिक्स-1 (एमटी1) उपग्रह को सात मार्च को पृथ्वी की निचली कक्षा में पुन: प्रवेश कराने के चुनौतीपूर्ण अभियान को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है।

पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कराने के बाद इस उपग्रह को प्रशांत महासागर में गिराया जाएगा।

इसरो और फ्रांसीसी अंतरिक्ष एजेंसी सीएनईसी ने उष्णकटिबंधीय मौसम और जलवायु अध्ययन के लिए 12 अक्टूबर 2011 को संयुक्त रूप से एमटी। का प्रक्षेपण किया था।

बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने रविवार को एक बयान में कहा कि इस उपग्रह का जीवनकाल मूल रूप से तीन साल का था, लेकिन यह 2021 तक क्षेत्रीय और वैश्विक जलवायु मॉडल के साथ एक दशक से अधिक समय तक अहम डेटा सेवाएं उपलब्ध कराता रहा। बयान के अनुसार, नियंत्रित तरीक से इसे पृथ्वी के वायुमंडल में एक सुरक्षित क्षेत्र में पुन: प्रवेश कराया जाएगा। करीब 1,000 किलोग्राम वजनी इस उपग्रह में तकरीबन 125 किलोग्राम ईंधन बचा है जिससे इसके दुर्घटनावश टूटने का खतरा पैदा हो सकता है। आम तौर पर बड़े उपग्रहारॉकेट को पुन: प्रवेश नियंत्रित तरीके से कराया जाता है ताकि जमीन पर किसी के हताहत होने का जोखिम सीमित किया जा सके।

## महज करार का उल्लंघन धोखाधड़ी के आपराधिक मुकदमें का कारण नहीं बन सकता : सर्वोच्च न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कहा है कि केवल करार का उल्लंघन ही धोखाधड़ी के आपराधिक मुकदमे का कारण नहीं बन सकता है और इसके लिए मामले में शुरू से ही गलत मंशा को साबित किया जाना आवश्यक होता है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने कहा कि वादा पूरा करने में विफलता का आरोप ही आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा।

पीठ ने कहा, केवल करार का उल्लंघन धोखाधड़ी के आपराधिक मुकदमे की वजह नहीं बन सकता, जब तक कि इसकी शुरुआत में ही धोखाधड़ी या बेइमानी साबित नहीं हो जाता। महज वादा पूरा करने में विफलता को आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के लिए पर्याप्त कारण नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें भूमि बिक्री से संबंधित मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 120बी (आपराधिक षड्यंत्र) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दायर प्राथमिकी निरस्त करने से इनकार कर दिया गया था। शीर्ष अदालत उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सरबजीत कौर की अपील की सुनवाई कर रही थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि पूरा मामला एक दीवानी विवाद को आपराधिक विवाद में तब्दील करने और कथित रूप से भुगतान की गई राशि को वापस करने के लिए अपीलकर्ता पर दबाव डालने के लिए शुरू किया गया लग रहा है।

न्यायालय ने कहा, "आपराधिक अदालतों का इस्तेमाल बदला निकालने या दीवानी विवादों को निपटाने के लिए पक्षकारों पर दबाव बनाने के लिए नहीं किया जाता है। जहां भी आपराधिक मामलों के कारक मौजूद होते हैं, आपराधिक अदालतों को संज्ञान लेना पड़ता है"।

### मादक पदार्थ मामले में नाबालिग बच्चों समेत महिला को हिरासत में लेना अति : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 1,542 याबा गोलियों की कथित बरामदगी से जुड़े मादक पदार्थ मामले में एक महिला की गिरफ्तारी को पूरी तरह अनावश्यक और अति करार दिया और कहा कि प्रथम दृष्टया लगता है कि पुलिस ने तीन नाबालिग बच्चों के साथ आरोपी महिला को हिरासत में लेने के दौरान अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। याबा , मेथामफेटामाइन और कैफीन का एक संयोजन है, जो गोली के रूप में बेचा जाता है। इसका उत्पादन दक्षिण-पूर्व और पूर्वी एशिया में होता है। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में दर्ज मामले के सिलसिले में पिछले साल दिसंबर में आरोपी महिला को दी गई अंतरिम जमानत को जारी रखा, जिसे स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति एस.आर. भट और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि यह आरोप लगाया गया था कि महिला 28 मई, 2022 को एक कार में अपने पति के साथ यात्रा कर रही थी और जब उन्हें रोका गया, तो उसके पति के कब्जे से 1,542 याबा की गोलियां बरामद की गईं।

## पाक के कब्जे वाले कश्मीर से आए लोगों की कॉलोनियां नियमित की जाएंगी : सिन्हा

भाषा। जम्मू

**उपराज्यपाल** मनोज सिन्हा ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर (पीओजेके) से आए लोगों से खुद को शरणार्थी नहीं मानने का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि उनकी कॉलोनियों को नियमित करने के लिए प्रशासन कदम उठाएगा क्योंकि उनके अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि पीओजेके भारत का अभिन्न हिस्सा है तथा अखंड भारत का सपना आने वाले समय में सच साबित होगा। जम्मू के बाहरी क्षेत्र भौर में विस्थापितों के लिए विशेष शिविर का उद्घाटन करने के बाद एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने कहा, आप इस देश के नागरिक हैं और धरती पुत्र हैं। आप अखंड भारत के गौरवशाली नागरिक हैं और आपको जम्मू कश्मीर एवं देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए आगे आना चाहिए।

पीओजेके को कब्जे में लेने के पक्ष में लगाए जा रहे नारों के बीच सिन्हा ने कहा, पीओजेके भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। धरती पर कोई भी ताकत उसे हमसे अलग नहीं कर सकती और मुझे इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि हमारे पुरखों ने अखंड भारत का जो सपना देखा था, एक दिन वह हकीकत बनकर रहेगा।

उन्होंने कहा कि विस्थापित लोगों को मुख्यधारा में लाए बगैर नए जम्मू कश्मीर का विकास अधूरा है।

## पूरे देश में यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो अभियान चलाएगी युवा कांग्रेस

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** की युवा इकाई ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश भर में युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ने के लिए यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो अभियान चलाने का फैसला किया है।

भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तीन दिवसीय बैठक में इस संदर्भ में संकल्प भी पारित किया गया।

युवा कांग्रेस की ओर से जारी बयान के अनुसार, संगठन के प्रमुख कार्यक्रम जैसे की "यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो", "यूथ कनेक्ट कार्यक्रम", "एक बूथ पांच यूथ", आगामी विधानसभा चुनावों के संबंध में चुनाव मैनेजमेंट कार्यक्रम पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही गिरती अर्थव्यवस्था, बढ़ती महंगाई और बेरोज़गारी, नफरत और हिंसा व अन्य ज्वलंत समस्याओं को लेकर भी चिंतन किया गया।

# मैथ्यूज के ऑलराउंड खेल से मुंबई चमकी

● आरसीबी को नौ विकेट से हराया

भाषा। मुंबई

**हेली मैथ्यूज के** ऑलराउंड खेल और नैट साइवर ब्रंट की आकर्षक पारी की मदद से मुंबई इंडियंस ने सोमवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को 34 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 टूर्नामेंट में अपना धमाकेदार प्रदर्शन जारी रखा।

अपने पहले मैच में गुजरात जायंट्स को 143 रन से हराने वाले मुंबई के सामने 156 रन का लक्ष्य था और उसने 14.2 ओवर में एक विकेट पर 159 रन बनाकर इसे बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।मैथ्यूज ने 38 गेंदों पर 13 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 77 रन बनाए जबकि साइवर ब्रंट ने 29 गेंदों पर नाबाद 55 रन की पारी खेली जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल है। इन दोनों ने केवल 54 गेंदों पर 114 रन की अटूट साझेदारी की। इससे पहले आरसीबी के अधिकतर बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की लेकिन उनमें से कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया और उसकी पूरी टीम 18.4 ओवर में 155 रन पर आउट हो गई। आरसीबी अगर चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंच पाया तो उसका श्रेय निचले क्रम के बल्लेबाजों रिचा घोष (28), कनिका आहूजा (22), श्रेयंका पाटिल (23) और मेगान शट (20) को जाता है। मुंबई की तरफ से ऑफ स्पिनर मैथ्यूज ने 26 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें सैका इशाक (26 रन देकर दो) और अमेलिया केर (30 रन देकर दो) का अच्छा साथ मिला। मुंबई में शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया। मैथ्यूज के साथ यास्तिका भाटिया (19 गेंदों पर 23 रन) ने भी कुछ करारे शॉट जमाए और पहले विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की। प्रीति बोस ने यास्तिका को पगबाधा आउट किया लेकिन इसका मैथ्यूज पर कोई असर नहीं पड़ा जिन्होंने मेगान शट पर लगातार दो चौके जमाए और फिर 26 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। साइवर ब्रंट ने श्रेयंका का स्वागत तीन चौकों से किया। श्रेयंका जब अपना दूसरा ओवर करने आई तो इन दोनों ने उसमें 20 रन बटोरे। साइवर ब्रंट ने एलिस पैरी पर लगातार दो चौके जमा कर अपना अर्धशतक पूरा करने के साथ ही टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। आरसीबी की यह लगातार दूसरी हार है। उसे पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से 60 रन से हार का सामना करना पड़ा था। स्मृति मंधाना (17 गेंदों पर 23 रन, पांच चौके) ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद सोफी डिवाइन (11 गेंदों पर 16 रन, दो चौके, एक छक्का) के साथ पहले विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी करके आरसीबी को तेजतर्रार शुरुआत दिलाई, लेकिन इसके बाद उसने आठ गेंदों के अंदर चार विकेट गंवा दिए। मुंबई की पिछले मैच में गुजरात जायंट्स के खिलाफ जीत में 11 रन देकर चार विकेट लेने वाली बाएं हाथ की स्पिनर सैका इशाक ने डिवाइन को सीमा रेखा पर कैच कराने के बाद दिशा कसाट को बोल्ड किया। हेली मैथ्यूज ने अगले ओवर में मंधाना और हीथर नाइट को लगातार गेंदों पर आउट करके आरसीबी का स्कोर चार विकेट पर 43 रन कर दिया। एलिस पेरी (सात गेंदों पर 13 रन) ने रिचा के साथ मिलकर कुछ करारे शॉट जमाए लेकिन तेजी से रन चुराने के प्रयास में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर रन आउट हो गई।रिचा ने कनिका आहूजा के साथ छठे विकेट के लिए 34 रन की साझेदारी की। कनिका ने पूजा वस्त्राकर की गेंद पर विकेटकीपर को कैच देने से पहले 13 गेंदों पर 22 रन बनाए जिसमें तीन चौके और अमेलिया केर पर लगाया गया दर्शनीय छक्का शामिल है। आरसीबी का दारोमदार रिचा पर था लेकिन मैथ्यूज ने अपने दूसरे स्पेल इस आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज को पवेलियन की राह दिखा दी।



**स्कोरबोर्ड**

**मुंबई इंडियंस पारीः** मैथ्यूज न ा ब ा द 77,यास्तिका पगबाधा बो प्रीति 23,नैट-ब्रंट नाबाद 55,अतिरिक्तः (लेग बाईः 04) 04,कुल योगः (14.2 ओवर में एक विकेट पर) 159 रन,**विकेट पतनः**1-45,**गेंदबाजीः**रेणुका 3-0-28-0,प्रीति 4-0-34-1, शट 3-0-32-0,पेरी 1.2-0-18-0, पाटिल2-0-32-0, डिवाइन1-0-11-0

**मुंबई इंडियंस पारीः** मैथ्यूज न ा ब ा द 77,यास्तिका पगबाधा बो प्रीति 23, साइवर-ब्रंट नाबाद 55,**अतिरिक्तः** (लेग बाईः 04) 04,**कुल योगः** (14.2 ओवर में एक विकेट पर) 159 रन,विकेट पतनः1-45,गेंदबाजीः रेणुका 3-0-28-0, प्रीति 4-0-34-1, शट 3-0-32-0, पेरी 1.2-0-18-0,पाटिल 2-0-32-0, डिवाइन1-0-11-0

# विश्व चैम्पियनशिप में जगह नही मिलने पर तीन मुक्केबाजों अदालत पहुंचे

भाषा। नई दिल्ली



**विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप** के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने वाली मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन मंजू रानी, शिक्षा नरवाल और पूनम पूनिया ने सोमवार को राष्ट्रीय महासंघ पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी रिट याचिका को स्वीकार कर लिया है और मंगलवार को मामले की सुनवाई करेगा।

इस रिट याचिका में तीनों मुक्केबाजों ने तर्क दिया कि उन्हें छोड़कर दिसंबर 2022 में भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सभी स्वर्ण पदक विजेताओं को भारतीय टीम में जगह दी गई है। इसके मुताबिक, याचिकाकर्ताओं ने महिला विश्व चैंपियनशिप में चयन के लिए उनके नाम पर विचार करने के लिए संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है, लेकिन उन्हें कोई सार्थक परिणाम नहीं मिला। विश्व चैंपियनशिप (2019) की रजत पदक विजेता मंजू ने पीटीआई-भाषा से कहा, जब नौ अन्य मुक्केबाजों (जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर जीत हासिल की) का सीधा चयन हो गया तो रेलवे की टीम से जुड़े हम तीनों को क्यों नहीं चुना गया। उन्होंने कहा, हमने इस बार में बीएफआई (भारतीय मुक्केबाजी महासंघ) को लिखा और अभी तक उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला है। बीएफआई ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना टीम चुनने का मानदंड नहीं था। बीएफआई के अनुसार उसने पुरुषों और महिलाओं की विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए नई चयन नीति का पालन किया। इसमें मंजू (48 किग्रा), शिक्षा (54 किग्रा) तथा पूनम (60 किग्रा) 12 सदस्ईय टीम में जगह नहीं बना सकीं। हाई परफार्मेंस निदेशक (एचपीडी) बर्नार्ड डन के परामर्श से तैयार की गई नई नीति में मुक्केबाजों को तीन सप्ताह तक एक मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। इसमें उन्हें विभिन्न मानदंडों पर परखा जाता है। एचपीडी, भास्कर भट्ट और सीए कुट्टपा (महिला और पुरुष टीमों के मुख्य कोच) ने इसमें मुक्केबाजों का आकलन कर एक रैंकिंग सूची बनाई गई जिसमें 12 राष्ट्रीय चैंपियनों में से नौ पहले स्थान पर रहे। राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन नीतू घंगस (634), प्रीति (623) और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन लम्बोरिया (612) ने इस मूल्यांकन परीक्षा में क्रमशः मंजू (564), शिक्षा (573) और पूनम (567) से आगे रहते हुए टीम में जगह बनाई। बीएफआई सचिव हेमंत कलिता ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने सुनिश्चित किया कि सभी मुक्केबाजों को नई चयन नीति के बारे में पता हो, यह वेबसाइट पर भी है।

## भारत की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने नेपाल को टी20 श्रृंखला में हराया

**भिवानी।** भारत की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने तीसरे टी20 मैच मे नेपाल को 92 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से जीत ली। भारत ने पहला मैच 152 रन से और दूसरा 153 रन से जीता था। तीसरे मैच मे भारत ने 20 ओवर मे पांच विकेट पर 198 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज योगेंद्र भदौरिया ने 42 गेंद मे 76 रन की पारी खेली। जवाब मे नेपाल की टीम 17 ओवर मे 106 रन पर आउट हो गई। भारतीय टीम को जीत केसाथ डेढ लाख रुपए ईनाम के तौर पर मिले जबकि नेपाल को 85000 रुपए मिले।

## मैड्रिड ने बेटिस से ड्रॉ खेला

**मैड्रिड।** कोपा डेल रे सेमीफाइनल के पहले चरण में मैड्रिड को1-0 से हराने वाली बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग फुटबॉल मे वालेंशिया को एकगोल से हराकर दूसरे स्थान पर काबिज मैड्रिड पर नौ अंककी अहम बढत ले ली। वही मैड्रिड ने रीयाल बेटिस से गोलरहित ड्रॉ खेला। बार्सीलोना के लिए पहले हाफ मे विजई गोल राफिन्हा ने दागा। वही दूसरे मैच मे मैड्रिड ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा लेकिन विनिशियस जूनियर, करीम बेंजीमा और रौड्रिगो गोल करने मे नाकाम रहे। बार्सीलोना और मैड्रिड आखिरी लीग मैच 19 मार्च को कैंप नोउ मे खेलेंगे।

## सीरि ए : रोमा ने युवेंटस को हराया , इंटर भी जीता

**मिलान।** जियांलुका मंचिनी के शानदार गोल की मदद से रोमा ने सीरि ए फुटबॉल मे युवेंटस को1-0 से हराकर अंतिम चार मे प्रवेश की उम्मीदे कायम रखी। मंचिनी ने दूसरे हाफ की शुरूआत मे गोल दागकर रोमा को जीत दिलाई। अब उनकी टीम चैम्पियंस लीग क्वालीफिक्केशन की दौड़ मे चौथे स्थान पर पहुंच गई। गोल औसत के आधार पर एसी मिलान रोमा केबाद पांचवे स्थान पर है जिसे फियोरेंटिना ने हराया। अन्य मुकाबल मे इंटर मिलान ने लीसे को 2- 0 से हराकर फिर दूसरा स्थान हासिल कर लिया। लाजियो तीसरे स्थान पर है। वही सैपडोरिया ने सालेरनिताना से गोलरहित ड्रॉ खेला।

## लिवरपूल ने मैनचेस्टर युनाइटेड को 7- 0 से रौंदा

लिवरपूल। लिवरपूल ने प्रीमियर लीग के अहम मुकाबले मे मैनचेस्टर युनाइटेड को 7-0 से हराया जो पिछले 90 साल मे उसकी सबसे खराब हार रही। इससे पहले 1931 मे उसे वोल्वेरम्पटन ने इसी अंतर से हराया था। वही लिवरपूल की युनाइटेड के खिलाफ यह सबसे बड़ी जीत थी। इससे पहले उसने सबसे बड़ी जीत 1895 मे दर्ज की थी जब युनाइटेड को 7 .1 से हराया था। अब 20 बार की चैम्पियन युनाइटेड तीसरे स्थान पर है और शीर्ष पर काबिज आर्सनल से 14 अंकपीछे है।

## नांदल और चौफ्ला रैक्ट लॉन ओपन चैंपियनशिप में शीर्ष दो स्थान पर रहे

**मुंबई।** सिद्धार्थ नांदल और विक्रमादित्य चौफ्ला यहां खार जिमखाना मे तीसरी अखिल भारतीय रैकेटलॉन ओपन चैंपियनशिप मे शीर्ष दो स्थान पर पर रहे।रैकेटलॉन एक संयोजन खेल है जिसमें प्रतिभागियों को टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वॉश चार रैकेट खेल खेलने होते है। शीर्ष वरीयता प्राप्त नांदल को रविवार को खेली गए फाइनल मे चौफ्ला ने कड़ी टक्कर दी। नांदल ने मुकाबला 21-11, 21-11, 22-20 से जीत कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चौफ्ला को रजत से संतोष करना पड़ा।

# जर्मन ओपन से हटे श्रीकांत, सेन को कमान



● आज से मुकाबले

भाषा। मूलहेम

**विश्व रैंकिंग के** पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने मंगलवार से यहां शुरू हो रहे जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया जिससे पिछले साल के उपविजेता लक्ष्य सेन भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। सेन के साथ हाल ही राष्ट्रीय चैम्पियन बने मिथुन मंजूनाथ से टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सेन ने पिछले सत्र के सेमीफाइनल में विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन को हराया था लेकिन वह फाइनल में हार कर खिताब से चूक गए थे। इस 21 साल के खिलाड़ी को इस टूर्नामेंट में छठी वरीयता दी गई है। वह अपने अभियान का आगाज फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ करेंगे जबकि शुरुआती चुनौतियों से पार पाने के बाद वह क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के ली जी जिया से भिड़ सकते हैं।

सेन ने कहा, मैं क्वार्टर फाइनल में ली जी जिया का सामना कर सकता हूं, इसलिए इसका इंतजार कर रहा हूं। मैंने लय हासिल करने के लिए काफी मेहनत की है। ऐसे में ऑल इंग्लैंड से पहले अच्छी फॉर्म हासिल करने की उम्मीद है। अपने पहले राष्ट्रीय खिताब के बाद आत्मविश्वास से लबरेज मंजूनाथ को हालांकि शुरुआती दौर में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू की चुनौती से निपटना होगा। साइना नेहवाल और मालविका बंसोड़ भी महिला एकल ड्रॉ में हैं, जबकि अश्विनी पोनप्पा और बी सुमित रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी भी यहां चुनौती पेश करने के लिए तैयार है।

# चौथे टेस्ट में भी कप्तान होंगे स्मिथ

● कमिंस बीमार मां के पास आस्ट्रेलिया में

भाषा। अहमदाबाद



**आस्ट्रेलिया के** नियमित कप्तान पैट कमिंस अपनी बीमार मां के पास आस्ट्रेलिया में ही हैं और उनकी गैर मौजूदगी में चौथे और आखिरी टेस्ट में स्टीव स्मिथ ही कप्तानी करेंगे। कमिंस की अनुपस्थिति में स्मिथ ने इंदौर टेस्ट में भी टीम की कमान संभाली थी। दिल्ली टेस्ट के बाद कमिंस अपनी मां के बीमार होने के कारण स्वदेश रवाना हो गए थे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने बताया कि कमिंस अब भी सिडनी में ही हैं। आखिरी टेस्ट के बाद तीन वनडे मैच खेले जाने हैं और कमिंस के खेलने को लेकर फैसला बाद में होगा। स्मिथ की कप्तानी में आस्ट्रेलिया ने इंदौर टेस्ट नौ विकेट से जीता था। भारत श्रृंखला में 2-1 से आगे है और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए उसे आखिरी टेस्ट जीतना ही होगा। आस्ट्रेलिया जून में लंदन में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुका है। स्मिथ ने इंदौर टेस्ट के बाद कहा कि उन्होंने कप्तानी का पूरा मजा लिया लेकिन यह कमिंस की टीम है। उन्होंने कहा , मेरा समय निकल गया। अब यह पैट की टीम है। उसे कठिन हालात में घर जाना पड़ा। हमारी संवेदनाएं उसके साथ हैं। मुझे भारत में कप्तानी करना पसंद है। हर गेंद रोमांचक होती है और काफी मजा आता है। वेबसाइट ने यह भी बताया कि 17 मार्च से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला के लिए चोटिल झाय रिचर्डसन की जगह नाथन एलिस टीम में होंगे।

## भारत में पिचों को लेकर हाय-तौबा समझ से परे : कास्प्रोविच



**मेलबर्न।** पूर्व तेज गेंदबाज माइकल कास्प्रोविच का मानना है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारत में पिचो को लेकर मची हाय-तौबा (हाइप) समझ से परे है क्योंकि वे विशुद्ध भारतीय विकेट हैं और आस्ट्रेलिया को उनके अनुरूप ढलना होगा। भारत में 29 साल के अंतराल पर आस्ट्रेलिया की पहली जीत (1998) के शिल्पकारों में रहे कास्प्रोविच ने द ऐज से कहा , मुझे पिच को लेकर यह हाय-तौबा समझ में नहीं आ रही। ए पारंपरिक भारतीय विकेट हैं और पता नहीं इन्हें लेकर इतना हल्ला क्यो हो रहा है। भारत में इकलौती टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम (2004) का हिस्सा रहे इस पूर्व खिलाड़ी कहा , इंदौर टेस्ट में विकेट ज्यादा टर्न ले रहा था लेकिन मैच सुबह जल्दी शुरू होने से शायद थोड़ी नमी रही हो। दिन में बाकी समय उतना टर्न नहीं मिल रहा था। भारत ने नागपुर और दिल्ली टेस्ट जीते लेकिन इंदौर में आस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की। पहले दो टेस्ट की पिचों को आईसीसी ने औसत करार दिया जबकि इंदौर की पिच को खराब कहा। पूर्व कप्तान मार्क टेलर और मार्क वॉ समेत कई पूर्व खिलाड़ियों ने इंदौर की पिच की निंदा की। मुझे 1998 का बेंगलुरू टेस्ट याद है जहां सूखी पिच दिख रही थी। उस पर कोई घास नहीं थी लेकिन दरारें थी। आपको हालात से सामंजस्य बिठाना होता है। आखिर यह टेस्ट क्रिकेट है। चौथा टेस्ट नौ मार्च से अहमदाबाद में खेला जाएगा।

# ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में फिजियो मैथ्यूज की मदद लेंगे लक्ष्य सेन



भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रमंडल** खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप सहित यूरोपीय सर्किट में होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिताओं के दौरान फिट रहने के लिए मशहूर फिजियोथेरेपिस्ट हीथ मैथ्यूज की सेवाएं लेंगे। बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे सेन लगातार तीन प्रतियोगिताओं जर्मन ओपन (सात से 12 मार्च), ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप (14-19 मार्च) और स्विस ओपन (21-26 मार्च) में हिस्सा लेंगे। सेन ने पीटीआई से कहा, बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के बाद सत्र पूर्व अभ्यास के लिए हीथ मैथ्यूज दो सप्ताह के लिए बेंगलुरु में थे। उन्होंने सुनिश्चित किया कि मेरी रिकवरी बेहतर हो। यह 10 दिन का अभ्यास सत्र था और मैंने कड़ी मेहनत की और उन्होंने सुनिश्चित किया कि मैं पूरी तरह से फिट रहूं।

## आखिरी टेस्ट में स्वाभाविक अंदाज में रन बनाना चाहते हैं कारी

**इंदौर।** आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कारी का मानना है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में रक्षात्मक खेलने की बजाय अपनी स्वाभाविक शैली में बल्लेबाजी करने से वह अधिक रन बना सकेंगे। कारी अभी तक श्रृंखला में 56 रन ही बना सके हैं। उनका मानना है कि टर्न लेती पिचों पर खेलने की आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की अपनी शैली है और वह नौ मार्च से अहमदाबाद में शुरू हो रहे आखिरी टेस्ट में अपने अंदाज में खेलेंगे। पहले टेस्ट में मेरे भीतर आत्मविश्वास नहीं था ।

# ऑस्ट्रेलिया को अपने निचले क्रम के बल्लेबाजों का आत्मविश्वास जगाने की जरूरतः विटोरी

भाषा। अहमदाबाद



**ऑस्ट्रेलिया के** सहायक कोच डेनियल विटोरी ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के नौ मार्च से यहां शुरू हो रहे चौथे और अंतिम टेस्ट मैच से पहले टीम के निचले क्रम के बल्लेबाजों से अधिक साहसिक प्रदर्शन करने और कुछ उपयोगी रन जुटाने की अपील की है। भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने पहले दो टेस्ट मैचों में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया का आठ से लेकर 11 नंबर तक के बल्लेबाज श्रृंखला में अभी तक केवल पांच रन प्रति पारी की दर से ही रन बना पाए हैं। कप्तान पैट कमिंस ने दिल्ली में दूसरे टेस्ट मैच में 33 रन बनाए थे। इसी मैच में नाथन लियोन ने 10 रन की पारी खेली थी। ऑस्ट्रेलिया के निचले क्रम के बल्लेबाजों में से केवल यही दो बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे हैं। कमिंस अपनी मां के बीमार होने के कारण ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं जिससे उनकी टीम का निचला क्रम और कमजोर हो गया है।

# बिली जीन किंग कप के लिए भारतीय टीम में नए चेहरे, शालिनी ठाकुर कप्तान

भाषा। नई दिल्ली




**भारतीय टीमः**अंकिता रैना (241), करमन कौर थंडी (268), रुतुजा भोसले (419), सहजा यमलापल्ली (454) और वैदेही चौधरी 492)। श्रीवल्ली भमिदिपति (रिजर्व) कप्तानः शालिनी ठाकुर चावला कोचः राधिका कानितकर।

**वैदेही चौधरी** को लगातार अच्छे फॉर्म के कारण आगामी एशिया ओशियाना ग्रुप एक मुकाबले के लिए भारत की बिली जीन किंग कप टेनिस टीम में चुना गया जबकि अनुभवी अंकिता रैना और करमन कौर थांडी भी टीम में हैं। चौधरी ने हाल ही में गुरूग्राम में दूसरा आईटीएफ महिला एकल खिताब जीता था जिसमें उन्होंने हमवतन संदीप्ति सिंह को हराया। पांच खिलाड़ियों की टीम में सहजा यमलापल्ली भी हैं जबकि रूतुजा भोसले भी टीम में अपनी जगह बनाए रखने में कामयाब रही हैं। रिया भाटिया को नंदन बल की अगुवाई वाली चयन समिति ने टीम में नहीं चुना। ए मुकाबले 10 अप्रैल से ताशकंद में खेले जाएंगे। बल ने कहा , हम युवाओं को उनक अच्छे प्रदर्शन का ईनाम देना चाहते थे। वैदेही और सहजा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वैदेही ने तो अंकिता को भी हराया है। एआईटीए ने विशाल उप्पल की जगह शालिनी ठाकुर चावला को कप्तान बनाया है जो पिछले मुकाबले में कोच थी। राधिका कानितकर नई कोच होंगी जबकि अजीता गोयल फिजियो होंगी। एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा कि इस कदम के पीछे कोई राजनीति या एजेंडा नहीं है। इस कदम के लिए कोई संदेश नहीं है। यह सिर्फ एक बदलाव है। उन्हें (विशाल उप्पल) बर्खास्त नहीं किया गया है। यह एक महिला टीम है और हमें सिर्फ महिला कोचिंग स्टाफ चाहिए था। खेल मंत्रालय भी इसका समर्थन करता है। विशाल बहुत मेहनती है और उसे और भविष्य में कोई और जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्हें फैसले के बारे में सूचित नहीं किया गया था।

## हीना ने राष्ट्रीय ओपन 400 मीटर में सीनियर धावकों से कम समय लिया

**तिरुवनंतपुरम।** बंगाल की रेजोआना मलिक हीना ने राष्ट्रीय ओपन 400 मीटर चैंपियनशिप के अंडर 16 वर्ग में सोमवार को यहां सीनियर खिलाड़ियों से कम समय लिया। ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा के लिए इस दुर्लभ घटना में हीना ने लड़कियों के अंडर-16 400 मीटर में 53.22 सेकेंड का समय लेकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। उनका समय कर्नाटक की अंडर-20 विजेता प्रिया मोहन (53.55) और आंध्र प्रदेश की सीनियर चैंपियन दांडी ज्योतिका श्री (53.26) से बेहतर है। हीना ने पिछले साल अंडर-16 300 मीटर में 38.57 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया था। पुरुषों की 400 मीटर फाइनल में केरल के मुहम्मद अजमल ने 46.90 सेकंड का समय निकालकर जीत हासिल की। महाराष्ट्र के राहुल रमेश कदम 47.51 सेकेंड के साथ दूसरे और तमिलनाडु के संतोष कुमार 47.72 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग की दौड़ में ज्योतिका के बाद महाराष्ट्र की ऐश्वर्या मिश्रा 53.49 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रही।

# जोकोविच ने परीबस ओपन से नाम वापिस लिया



**इंडियन वेल्स।** कोरोना का टीका लगवाए बिना अमेरिका में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलने के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने बीएनपी परीबस ओपन टेनिस से नाम वापिस ले लिया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने रविवार की रात को यह घोषणा की। टूर्नामेंट बुधवार से शुरू होकर 19 मार्च तक चलेगा। अमेरिका में कोरोना से जुड़े प्रतिबंध 11 मई को खत्म होंगे जिसके बाद विदेशी यात्री टीके के बिना भी यहां आ सकेंगे। जोकोविच के बाहर होने से निकोलोज बासिलाश्विली को खेलने का मौका मिला है।

## मैराज, गनेमत ने विश्व कप में अच्छी शुरुआत की



**दोहा।** अनुभवी भारतीय स्कीट निशानेबाज मेराज अहमद खान ने आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) शॉटगन विश्व कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए क्वालीफिकेशन दौर में 75 में से 74 सटीक निशाने लगाए। वह 114 खिलाड़ियों की सूची में सातवें स्थान पर बने हुए है। महिला वर्ग में युवा निशानेबाज गनेमत सेखोन ने क्वालीफिकेशन में 71 का स्कोर किया और 10वें स्थान पर बनी हुई है। दोनों को अपनी-अपनी श्रेणियों में मुख्य दौर के आठ स्थानों में जगह बनाने के लिए 25-25 निशानों के दो और क्वालीफाइंग दौर में भाग लेंगे।पुरुष वर्ग में अन्य भारतीय निशानेबाजों में अनंतजीत सिंह नरूका तीन और गुरजोत खंगुरा चार निशाने पर चूक कर क्रमशः 33वें और 66 वें स्थान पर हैं। रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे शीराज शेख ने 72 का स्कोर किया।

## उप्र ओलंपिक संघ का चेयरमैन बनने पर संघों ने दी बधाई



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ का निर्विरोध चेयरमैन और नवगठित टीम में बिराज दास को अध्यक्ष, नवनीत सहगल को कार्यकारी अध्यक्ष व आनंदेश्वर पांडे को महासचिव चुने जाने पर आज विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों ने प्रातः उपमुख्यमंत्री से आवास पर भेंट कर बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से वोवीनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कलारीपयट्टू एसोसिएशन प्रदेश सीईओ प्रवीण गर्ग, फेंसिंग एसोसिएशन प्रदेश सचिव यूजिंग पाल, आत्या पात्या प्रदेश संघ पदाधिकारियों में पवन कुमार, अनिल सिंह, वीरेंद्र कुमार, महेंद्र गुप्ता, कलारीपयट्टू प्रदेश एसोसिएशन संयुक्त सचिव नितेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिवम मित्तल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भेंट के दौरान प्रदेश में खेल व खिलाड़ियों के उत्थान के लिए विभिन्न सुझावों पर चर्चा हुई।